THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 324 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.3 2081 शनिवार, 15 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

वैलेंटाइन डे पर प्रेमी ने दी जान: होटल में प्रेमिका से झगड़ा और फांसी पर झूल गया युवक

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम विहार इलाके में शुक्रवार सुबह प्रेमिका से किसी बात पर झगड़ा होने के बाद एक युवक ने होटल डी क्राउन में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त निहाल विहार निवासी अभिनव सागर के रूप में ही है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मौके पर मौजूद उसकी प्रेमिका से पूछताछ कर जांच कर रही है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह 7:12 बजे पश्चिम विहार ईस्ट थाना पुलिस को होटल में एक युवक के आत्महत्या करने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक युवक को कमरे में फांसी पर लटका हुआ पाया। उन्होंने आगे बताया कि होटल के कमरे में एक लड़की भी मिली। पूछताछ के दौरान पता चला है कि वह पिछले कुछ समय से एक दूसरे को जानते थे।

100 बोगस कंपनियां, 60 करोड़ टैक्स चोरी; कानपुर के पान मसाला कारोबारी के 47 ठिकानों पर आईटी रेड

कानपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पान मसाला कारोबारी एसएनके ग्रुप के यहां तीन दिन से देशभर के 47 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी चल रही है। आयकर टीम को कानपुर के आवास पर करोड़ों रुपए की नगदी मिली है। जिसको गिनने के लिए नोट गिनने वाली मशीन मंगवाई गई है। इसके अलावा टीम को 100 से ज्यादा बोगस कंपनियों की जानकारी मिली है, जो असल में है ही नहीं। इससे पहले भी सीजीएसटी की टीम ने अक्टूबर 2024 में इस ग्रुप के यहां छापेमारी की थी। उस समय भी करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी पकड़ में आई थी। एसएनके ग्रुप पान मसाला के कारोबार में वर्षों से है और देश भर में इनका माल सप्लाई होता है। इसके अलावा देश के बाहर भी इस ग्रुप का कारोबार है।

अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लेकर आज फिर आ रहा जहाज

हरियाणा-पंजाब के 119 होंगे डिपोर्ट



जालंधर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों से भरा एक और प्लेन शनिवार को अमृतसर पहुंच रहा है। प्लेन में 119 लोग होंगे। इनमें से 67 पंजाबी हैं। प्लेन के आने की सूचना के बाद से अमृतसर में खुफिया एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। पंजाब पुलिस के डीसीपी हरप्रीत सिंह मंढेर ने बताया कि सूचना मिली है कि शनिवार रात को एक जहाज अमृतसर में लैंड होगा। प्लेन रात दस बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा।

पांच फरवरी को 104 भारतीय हुए थे डिपोर्ट

इससे पहले पांच फरवरी को अमेरिका से 104 भारतीयों को डिपोर्ट कर दिया गया था। डिपोर्ट किए गए भारतीयों में देश के छह राज्यों के लोग शामिल थे। इनमें हरियाणा के 34, गुजरात के 33 लोग और पंजाब के 30 लोग अमेरिका से डिपोर्ट किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र के 3, उत्तर प्रदेश के 2 और चंडीगढ़ के 2 लोग शामिल थे।

इस कारण अमृतसर में हुई थी लैंडिंग

अमृतसर में विमान को उतारने की कई वजह रही। मुख्य कारण यह रहा कि अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीय नागरिकों में पंजाब और हरियाणा के लोग ज्यादा थे। वहीं दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान को इस वजह से भी नहीं उतारा गया था क्योंकि पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान था।

डंकी रूट से अमेरिका में घुसने वालों पर कार्रवाई

जितने भी लोगों को अब अमेरिका की ओर से वापिस भेजा जा रहा है। वह सभी एजेंटों के जरिये डंकी लगवाकर जाते हैं। इस तरह एजेंट प्रति व्यक्ति 35 से 40 लाख रुपये लेते हैं। इन सभी लोगों को मैक्सिको, पनामा आदि के जंगलों के जरिये अमेरिका में गैर-कानूनी तरीके से प्रवेश करवाया जाता है। यहां तक बहुत सारे ऐसे भी लोग होते हैं जो अमेरिका तक पहुंच ही नहीं पाते और जंगलों में भूख-प्यास के मारे दम तोड़ देते हैं।

हाई कोर्ट ने पार्क से पेश होने वाले वकील को लगाई फटकार, कहा- 'हाइब्रिड' अदालत अब भी न्यायालय

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने पार्क से 'वर्चुअल' माध्यम से अदालत में पेश होने वाले एक वकील को फटकार लगाई और कहा कि 'हाइब्रिड' अदालतें भी न्यायालय ही हैं और उनमें शिष्टाचार बनाए रखा जाना चाहिए। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने कहा कि वकील ने अदालत का आदेश सुनाने के दौरान अपना वीडियो भी बंद कर दिया था। अदालत ने कहा कि जब कोई वकील अपने कार्यालयों में बैठकर एक ही दिन विभिन्न अदालत परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होना चाहता है, तो वह सुविधानुसार और बेहतर तरीके से अदालतों की सहायता कर सकता है। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अपील करने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील पार्क में खड़े होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हो रहे थे। इसी पर कोर्ट ने उसे फटकार लगाई है। अदालत ने कहा, ''लेकिन इसके लिए, वकील को यह समझना होगा कि अदालत की गरिमा को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अक्सर, वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने वाले वकील की ओर से कनेक्टिविटी की समस्या के कारण वकील की दलील नहीं सुनाई देती है। अक्सर, वीडियो चालू नहीं होता है। हाइब्रिड अदालतें भी न्यायालय ही हैं।''अदालत ने कहा, ''कोई वकील हाथ में मोबाइल फोन लेकर पार्क में खड़ा होकर अपीलकर्ताओं के वकील के रूप में पेश होना चाहता है।।। यहां तक कि इस अदालत की दैनिक कार्यसूची में भी वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने के विशिष्ट निर्देश प्रतिदिन जारी किए जाते हैं। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।'' इसलिए इसने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और दिल्ली के सभी जिलों के बार एसोसिएशनों को निर्देश दिया कि वे अपने सदस्यों को इस बारे में जागरूक करें कि वे सुनवाई में वर्चुअल रूप से कैसे पेश हों।

अफ्रीकी नागरिक समेत 2 ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 1.5 करोड़ की कोकीन बरामद

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने में डेढ़ करोड़ की कोकीन के साथ दो ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस ने दोनों के पास से 141.9 ग्राम कोकीन बरामद की है, जिसकी कीमत इंटरनेशनल मार्केट में लगभग 1.5 करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आरोपी अफ्रीकी देश का रहने वाला है। जबकि दूसरा आरोपी बिहार से ताल्लुक रखता है। दोनों दिल्ली-एनसीआर में ड्रग सप्लाई का बड़ा नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस की टीम नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में जनकारी हासिल करने के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बाहरी दिल्ली स्पेशल स्टाफ पुलिस की टीम ने 2 फरवरी 2025 को अफ्रीकी नागरिक को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। नाइजीरिया नागरिक को पुलिस ने जाल बिछाकर निहाल विहार इलाके से ट्रैप किया था। डीसीपी सचिन शर्मा ने इस मामले में बताया था कि अफ्रीकी तस्कर के पास 53.54 ग्राम एम्फेटामिन ड्रग्स बरामद हुई है। नशीले पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 26 लाख रुपये है। निहाल विहार थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपियों के जरिए ड्रग्स नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। इससे पहले 21 नवंबर 2024 को दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 2 ड्रग तस्कर संतन गोस्वामी और नाइजीरियाई नागरिक इकेचुकु को गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक्स्टसी टैबलेट के एक अंतरराष्ट्रीय सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ भी किया था। साथ ही 3 किलोग्राम वजन वाली 6790 एक्स्टसी टैबलेट जब्त की थी। पुलिस ने ड्रग्स की कीमत लगभग 4 करोड़ आंकी थी। क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया के अनुसार उस समय बताया था कि इस रैकेट की गतिविधियों के बारे में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कालीबाड़ी अपार्टमेंट, गोल मार्केट के पास छापेमारी कर संतन गोस्वामी को 33 ग्राम एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया था।

'पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी ट्रंप भारत पर टैरिफ लगाएंगे'

प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे पर संजय राउत का निशाना

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना-यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम फ्रांस में थे, फिर यूएस में हैं, जब तक वे विदेश में हैं, तब तक देश की किसी समस्या पर चर्चा नहीं होगी। वहां पीएम मोदी खाना खाएंगे। माय डियर डोनाल्ड ट्रंप चलता रहेगा। प्रधानमंत्री का दिल देश के लिए नहीं धड़कता, उन्हें सिर्फ अपने इमेज की चिंता है। संजय राउत ने आगे कहा कि पीएम मोदी मुस्कुराएंगे और ट्रंप भारत पर टैरिफ लगाएगा, वो हमारा थोड़ी न सुनेगा। वहीं बंग्लादेश के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि ट्रंप का हस्तक्षेप करना गलत है। बंग्लादेश हमारे विदेश नीति का फेलियर है। पीएम मोदी का फेलियर है।

भारत के लिए रवाना हो चुके हैं पीएम मोदी

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा पूरी करके शुक्रवार को भारत के लिए रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की। मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका पहुंचे और बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार के दिन) को ट्रंप ने उनकी मेजबानी की। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर एमएजीए के बारे में बात करते हैं। भारत में हम विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसका अमेरिकी संदर्भ में मतलब एमआईजीए है।

भारत-अमेरिका समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी कर रहे हैं। मोदी के साथ अपनी वार्ता के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि वाशिंगटन अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के तहत भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। अमेरिका दौरे से पहले मोदी ने फ्रांस में दो दिन की यात्रा के दौरान मंगलवार को पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता की और बुधवार को उनके साथ द्विपक्षीय चर्चा भी की। उन्होंने 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को भी संबोधित किया।

ज्यादा सीसी की गाड़ियां चलाने के लिए 25 साल की उम्र हो तय : हाईकोर्ट

नैनीताल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। हजार से 2000 सीसी के वाहन चलाने के लिए राज्य सरकार 25 साल की उम्र निर्धारित करे। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने ओवरस्पीड से हो रहीं दुर्घटनाओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई में कही। हाईकोर्ट ने तर्क दिया कि जिस तरह 16 से 18 वर्ष के युवकों के लिए 50 सीसी तक के वाहन चलाने का प्रावधान है। उसी तरह यह प्रावधान हो। साथ ही कोर्ट ने 20 को आईजी ट्रैफिक गढ़वाल को कोर्ट में तलब किया है। पूछा है कि ओवर स्पीड के लिए क्या ऐसे सेंसर लगाए जा सकते हैं, जिसकी सूचना वाहन चालक के परिजनों व संबंधित थाने को मिल सके। साथ ही थाना उसका चालान कर सके। कोर्ट ने इस पर सुझाव 20 फरवरी तक देने को कहा है। अधिवक्ता ललित मिगलानी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। कहा कि आये दिन 18 से 25 साल के नौजवान ओवर स्पीड में वाहन चलाने से मौत का कारण बन रहे है। आजकल वाहनों में कई तरह के फीचर आ गए है। जिसकी जानकारी उन्हें नही होती है। वर्तमान में नौजवान स्पोर्ट मोड़ पर वाहन चला रहे जिसकी वजह वे हादसे का शिकार हो रहे है। प्रदेश के मार्ग स्पोर्ट मोड में वाहन चलाने लायक नही है, क्योंकि यह पहाड़ी राज्य है। यहां मार्ग संकरे व घुमावदार है। ऊपर से नौजवान ऐल्कॉहॉलिक स्थिति में वाहन चला रहे है।

इसलिए 1000 से 2000 सीसी की गाड़ी चलाने के लिए उनकी उम्र 25 साल निर्धारित की जाय। जैसे कि 16 से 18 वर्ष के युवकों के लिए 50 सीसी तक वाहन चलाने का प्रावधान निर्धारित किया है, ठीक उसी प्रकार बडे वाहन चलाने के लिए उम्र 25 वर्ष निर्धारित की जाय। वर्तमान में जो भी हादसे हो रहे है वह 18 से 25 साल के युवकों के ओवर स्पीड वाहन चलाने के कारण हो रहे है। इसलिए राज्य सरकार बड़े वाहन चलाने के लिए उम्र का निर्धारण करे।

तमिलनाडु प्रदूषण बोर्ड को 'सुप्रीम' फटकार

ईशा फाउंडेशन के खिलाफ देर से याचिका दाखिल करने पर पूछा सवाल

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीएनपीसीबी) को कड़ी फटकार लगाई है, क्योंकि उसने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दो साल बाद याचिका दायर की है, जिसमें 2006 से 2014 के बीच कई इमारतों का निर्माण करने के लिए ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस को रद्द करने का आदेश दिया गया था। ये मामला कोयंबटूर जिले में बने योग केंद्र से जुड़ा है, जिसे सदगुरु जग्गी वासुदेव की ईशा फाउंडेशन ने बनाया है। मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जारी नोटिस को रद्द कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने टीएनपीसीबी की याचिका को 'नौकरशाहों का मैत्रीपूर्ण खेल' करार दिया और कहा कि यह सिर्फ अदालत की औपचारिक मंजूरी लेने जैसा है।

तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने महाधिवक्ता पीएस रमन से कहा कि अब जब ईशा फाउंडेशन ने कोयंबटूर जिले के वेल्लियांगिरी में एक योग और ध्यान केंद्र का निर्माण किया है, तो राज्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्यावरण अनुपालन हो।

'जम्मू-कश्मीर लाइलाज बीमारी'

महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तानी सेना से की बीजेपी की तुलना; कहा- दोनों नहीं चाहते हल

जम्मू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर को एक लाइलाज बीमारी कहा और भाजपा की तुलना पाकिस्तानी सेना से कर डाली। महबूबा ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तानी सेना जम्मू-कश्मीर समस्या के समाधान में रुकावट है और वह वोटों के ध्रुविकरण के लिए कश्मीर मसले का इस्तेमाल करती है, उसी तरह भाजपा भी अपने वोट बैंक की खातिर इस समस्या के समाधान में दिलचस्पी नहीं रखती है।

भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने महबूबा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कश्मीर के लोगों ने पीडीपी को नकार दिया है। अब यह पार्टी जितनी भी कोशिश कर ले, लोग उसके बहकावे में नहीं आने वाले हैं। पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाने से पीडीपी हताश है। जम्मू-कश्मीर में बेगुनाहों का खून बहाने वाले, पाकिस्तान की पैरवी करने वाले, ये राजनीतिक दल व इसके नेता लोगों के हितैषी नहीं है।

महबूबा मुफ्ती ने और क्या कहा?

श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय से पीडीपी के सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर समस्या एक लाइलाज बीमारी की तरह है, जिसका इलाज करने की जरूरत है। इसका इलाज तभी होगा जब आप लोगों के घावों पर मरहम लगाएंगे और नियंत्रण रेखा के आर-पार आने जाने के उन मार्गों को खोलेंगे, जिन्हें आपने (भाजपा सरकार) बंद कर दिया। महबूबा ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री कह रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक है, फिर एलओसी पर बंद रास्ते क्यों नहीं खोलते। अगर यहां हालात बेहतर हुए होते तो फिर केंद्रीय गृह मंत्री से लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा तक आए दिन सुरक्षा बैठकें क्यों बुला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने से कश्मीर न समस्या का समाधान हुआ है और न कश्मीर में शांति बहाल हुई है। बता दें कि वर्ष 2019 में पुलवामा हमले के बाद केंद्र सरकार ने सलामाबाद-उड़ी, पुंछ के चक्कां-दा-बाग और रावलाकोट मार्ग को व्यापार व यात्रा के लिए बंद कर दिया था।

हालात सुधरना पीडीपी को नहीं आ रहा रास : सत शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा ने कहा कि कश्मीर के हालात को बेहतर बनाने की भाजपा की नीति को लोगों का समर्थन मिल रहा है। अब कश्मीर में धरने, प्रदर्शन व पथराव नहीं हो रहे हैं। हालात सुधरना पीडीपी जैसे कुछ राजनीतिक दलों को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर में पर्यटकों की भारी भीड़ का आना क्षेत्र में हालात के बेहतर होने का सबसे बड़ा सबूत है। कश्मीर के लोगों ने गुमराह करने वाली पार्टियों को नजरअंदाज कर मोदी सरकार की जन केंद्रित नीतियों से भविष्य को बेहतर बनाने की राह अपनाई है। जल्द कश्मीर रेलमार्ग से देश के साथ जुड़ने जा रहा है। सत शर्मा ने कहा कि पीडीपी प्रधान इस सच्चाई को स्वीकार करें कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए वे काम किए जो पुरानी कोई सरकार नहीं कर पाई।

26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर उज्जवल निकम बोले

'ब्रिटिश सरकार को भी ऐसे कदम उठाने चाहिए'

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा फैसला लेते हुए 26/11 मुंबई अटैक के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत को हैंडओवर करने को मंजूरी दे दी है। इसको लेकर सीनियर एडवोकेट और बीजेपी नेता उज्जव निकम का बयान आया है। उन्होंने ट्रंप के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह निर्णय पूरी दुनिया को मजबूत मैसेज देता है। उज्जवल निकम ने कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह कहना चाहते हैं कि यूएसए की भूमि उन आतंकवादियों के लिए स्वर्ग नहीं हो सकती, जो अमेरिका में बसना चाहते हैं। इसका दुनिया पर लंबे समय तक प्रभाव होगा और अच्छा प्रभाव होगा। इसी के साथ उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार को भी ऐसे कदम उठाने चाहिए क्योंकि ज्यादार वित्तीय आतंकवादी इंग्लैंड में रहते हैं। इसलिए अब देखना है कि क्या होता है। इस सवाल के जवाब में उज्जवल निकम ने कहा कि हम डोनाल्ड ट्रंप पर कोई दबाव नहीं बना रहे हैं। यह प्रेशर पॉलिटिक्स नहीं बल्कि दोनों सरकारों के बीच राजनयिक संबंधों की बात है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह कंफर्म किया है कि वह तहव्वुर राणा को तुरंत हैंडओवर करेंगे, क्योंकि वह 26/11 टेरर अटैक की साजिश में शामिल था। वकील उज्जवल निकम ने बताया कि तहव्वुर राणा को भारत लाने के बाद वह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में जाएगा। उसे दिल्ली लाया जाएगा। इसके बाद एनआईए चार्जशीट फाइल करेगी और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट से पूजा खेडकर को बड़ी राहत

17 मार्च तक नहीं हो सकेगी गिरफ्तारी; 3 हफ्ते में दाखिल करना होगा जवाब

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। ट्रेनी आईएएस रही पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। पूजा को अब 17 मार्च तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने गिरफ्तारी से सुरक्षा की समय सीमा को बढ़ा दिया है। हालांकि जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने को कहा है। इस बीच अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय मांगा। इसके बाद अदालत ने तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। पूजा खेडकर के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि पुलिस उन्हें जांच के लिए नहीं बुला रही है। वह आने को तैयार हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर दिल्ली सरकार और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नोटिस जारी किया था। खेडकर पर आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा- 2022 के अपने आवेदन में गलत जानकारी देने का आरोप है। हालांकि पूजा ने सभी आरोपों का खंडन किया। हाई कोर्ट पूजा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर चुका है। इस दौरान उच्च न्यायालय ने खेडकर के खिलाफ एक मजबूत प्रथम दृष्टया मामला पाया। अदालत ने कहा कि सिस्टम में हेरफेर करने की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए जांच जरूरी है। इसमें राहत देने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जाती है। गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण रद्द किया जाता है। 12 अगस्त 2024 को हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया। इस दौरान पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया। इतना ही नहीं समय समय पर इसे बढ़ाया भी गया। हाईकोर्ट ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा है। यह मामला संवैधानिक संस्था और समाज के साथ धोखाधड़ी का है। हाईकोर्ट में दिल्ली पुलिस के वकील और यूपीएससी ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया। हाई कोर्ट में पूजा खेडकर के वकील ने तर्क दिया कि वह जांच में शामिल होने और सहयोग करने को तैयार थीं। सभी सामग्री दस्तावेज के रूप में हैं। इसलिए उनकी हिरासत की जरूरत नहीं है। यूपीएससी ने याचिका का विरोध किया और कहा कि खेडकर ने उसके और जनता के साथ धोखाधड़ी की है। मामले की व्यापकता का पता लगाने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी थी। दिल्ली पुलिस ने भी हाई कोर्ट में पूजा की याचिका का विरोध किया था। उसने कहा था कि इसमें संलिप्त दूसरे लोगों का पता लगाने की खातिर हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका सीजेआई बोले-'प्रक्रिया के अनुसार सुनवाई होगी'

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के विवादित बयान से जुड़े सभी मामलों पर साथ सुनवाई की अपील खारिज कर दी है। अधालत का कहना है कि इस मामले पर सुनवाई प्रकिया के अनुसार होगी। रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ देश के अलग-अलग शहरों में मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी मामलों पर एक ही समय पर सुनवाई हो सकती है। ऐसे में रणवीर को सुनवाई में शामिल होने के लिए अलग-अलग अदालतों के चक्कर लगाने होंगे। इसी वजह से उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर कहा है कि सभी मामलों को एक कर दिया जाए और एक ही अदालत को इस पर सुनवाई करनी चाहिए। जल्द सुनवाई से इन्कार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि वो मौखिक तौर पर जल्द सुनवाई की मांग पर विचार नहीं करेंगे। जस्टिस संजीव खन्ना ने इलाहाबादिया के वकील को पहले रजिस्ट्री मे संपर्क करने को कहा। पूर्व सीजेआई के बेटे एडवोकेट अभिनव चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट से रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। चंद्रचूड़ ने कहा कि गुवाहाटी पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। एफआईआर पर रोक लगाने के मामले पर तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि प्रक्रिया के अनुसार मामले पर सुनवाई होगी। रणबीर इलाहाबादिया के वकील ने कहा कि कई राज्यों मे रणवीर के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज हैं और गुवाहाटी पुलिस ने आज पूछताछ के लिए बुलाया है। सीजेआई संजीव खन्ना ने रणवीर के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि मामले को जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। रणवीर के ऊपर अलग-अलग राज्य में मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जबकि उनका विवादित बयान एक शो में आया था, जो मुंबई में शूट हुआ था और यूट्यूब पर रिलीज किया गया था।

महिला आयोग ने किया तलब

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कॉमेडी शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर मंगलवार को कड़ी नाराजगी जताते हुए रणवीर इलाहाबादिया और अन्य लोगों को 17 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। आयोग ने इलाहाबादिया, समय रैना, अपूर्व मखीजा, जसप्रीत सिंह और आशीष चंचलानी जैसे कंटेंट क्रिएटर द्वारा की गई अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। एनसीडब्ल्यू ने शो के निर्माता तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को भी नोटिस भेजा है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 324 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.3 2081 शनिवार, 15 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बर्दवान में संघ की रैली को दी मंजूरी

कोलकाता, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को दरकिनार करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रैली आयोजित करने की मंजूरी दे दी है। यह रैली 16 फरवरी को बंगाल के बर्दवान जिले में होनी है। दरअसल पश्चिम बंगाल पुलिस ने संघ की रैली के आयोजन को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। पुलिस का कहना था कि मध्यमिक परीक्षाएं चल रही हैं और रैली के दौरान लाउडस्पीकर की आवाज से उन्हें परेशानी होगी। इस पर रैली के आयोजनकर्ताओं ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर रैली की मंजूरी देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि रैली स्थल के पास कोई स्कूल नहीं है, साथ ही जिस दिन रैली है, उस दिन रविवार है और कोई परीक्षा भी नहीं है।

अतिवाद वैश्विक चुनौती : मोदी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि भगवान बुद्ध की मध्यमार्गी शिक्षाओं से अतिवाद की वैश्विक चुनौती से बचा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की आज की कई समस्याएं संतुलित सोच की बजाय अतिवादी कदम उठाने की वजह से पैदा हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने थाईलैंड में आयोजित वैश्विक हिंदू-बौद्ध सम्मेलन 'संवाद' के चौथे संस्करण को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए ये बात कही।

पीएम मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध के धम्म सिद्धांत ही एशिया की साझा परंपरा का आधार है और इससे पर्यावरण समस्या का भी समाधान मिल सकता है। हिंदुत्व, बौद्ध और अन्य एशियाई परंपराएं लोगों को प्रकृति के साथ मिलकर रहने की सीख देती हैं। ये परंपराएं खुद को प्रकृति से अलग नहीं मानती। प्रधानमंत्री ने ट्रस्टीशिप के सिद्धांत पर भी प्रकाश डाला, जो इस बात पर जोर देता है कि प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल विकास के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन साथ ही भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी भी समझी जानी चाहिए। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि संसाधनों का उपयोग विकास के लिए किया जाए, लालच के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संकट और तनाव जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान भगवान बुद्ध के शिक्षाओं में मिलता है। उनका संयम का सिद्धांत आज वैश्विक चुनौतियों का सामने करने में हमारा मार्गदर्शन करता है। आज संघर्ष देशों और लोगों के बीच ही नहीं बल्कि इससे आगे बढ़कर पर्यावरण संकट तक पहुंच गए हैं। जिससे हमारे ग्रह के लिए खतरा पैदा हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि, हमारी सरकार ने पाली को शास्त्रीय भाषा घोषित किया है, जिससे इसके साहित्य का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। हमने प्राचीन पाडुलिपियों की पहचान करने और उन्हें सूचीबद्ध करने के लिए ज्ञान भारतम पहल शुरू की है। इससे बौद्ध धर्म के विद्वानों को दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण का फायदा मिलेगा।

थाईलैंड में आयोजित हो रहा संवाद का यह संस्करण धार्मिक गोलमेज सम्मेलन है, जिसमें विभिन्न धार्मिक नेता एक साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी ने विश्वास जताया किया कि इस मंच से बहुमूल्य अंतर्दृष्टि सामने आएगी, जिससे एक अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व का निर्माण होगा। पीएम मोदी ने थाईलैंड की समृद्धि संस्कृति, इतिहास और इसकी विरासत की तारीफ करते हुए कहा कि थाईलैंड, एशिया की साझा दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपरा का सुंदर उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने भारत और थाईलैंड के बीच दो हजार वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे गहरे सांस्कृतिक संबंधों का जिक्र किया और कहा कि रामायण और रामकियेन दोनों देशों को जोड़ते हैं और भगवान बुद्ध के प्रति साझा श्रद्धा हमें एकजुट करती है।

पीएम मोदी के सामने भारत-चीन सीमा विवाद पर भी बोले ट्रंप

विदेश मंत्रालय ने दिया दो टूक जवाब

वाशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने में मदद की पेशकश की है।

लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि वह अपने पड़ोसी देशों के साथ किसी भी मुद्दे को द्विपक्षीय तरीके से ही सुलझाएगा। दरअसल, व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मैं भारत को देखता हूं, वहां सीमा पर झड़पें हो रही हैं, जो काफी हिंसक हैं। अगर मैं किसी भी तरह से मदद कर सकता हूं, तो मुझे खुशी होगी, क्योंकि इसे रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और चीन के रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध होंगे। मेरी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अच्छी बनती थी, जब तक कि कोविड नहीं आया... चीन दुनिया में एक बहुत महत्वपूर्ण देश है। भारत की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस पेशकश को विनम्रता से ठुकरा दिया। इस पर बोलते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया कि भारत अपने सभी मुद्दों को सीधे बातचीत के जरिए हल करता है।

उन्होंने कहा, हमारे पड़ोसी देशों के साथ जो भी मुद्दे हैं, उन्हें हल करने के लिए हमने हमेशा द्विपक्षीय तरीका अपनाया है।

नए सीईसी के सिलेक्शन पर 17 फरवरी को बैठक

राहुल शामिल होंगे, 18 फरवरी को रिटायर होंगे राजीव कुमार

> *ज्ञानेश कुमार को जिम्मेदारी संभव*

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले नए सीईसी के सिलेक्शन को लेकर 17 फरवरी को बैठक बुलाई गई है। मीटिंग में पीएम मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा नेता विपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

कमेटी की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी। अब तक सबसे सीनियर चुनाव आयुक्त (ईसी) को सीईसी के रूप में प्रमोट किया जाता रहा है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे सीनियर ईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। ऐसे में एक नया ईसी भी नियुक्त किया जा सकता है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे ईसी हैं।

ईसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 19 फरवरी को सुनवाई :

सुप्रीम कोर्ट सीईसी और ईसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 19 फरवरी को सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई 12 फरवरी को होनी थी, लेकिन केस लिस्ट नहीं हुआ था। तब वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीश्वर सिंह की बेंच के सामने मामला उठाया गया था। प्रशांत ने कहा था कि सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में सरकार नए सीईसी की नियुक्ति कर सकती है, इसलिए कोर्ट इस पर जल्द सुनवाई करे। इस पर कोर्ट ने 19 फरवरी की तारीख देते हुए कहा था कि इस बीच कुछ होता है तो वह अदालत के फैसले के अधीन होगा, इसलिए चिंता की बात नहीं है। मामला मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं से जुड़ा है।

अदाणी मुद्दा निजी मामला है : पीएम

> *2 राष्ट्राध्यक्ष ऐसे मुद्दों पर बात नहीं करते*

वाशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अदाणी मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी को घेरा। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अदाणी मामले पर पीएम से देश में सवाल पूछो तो वे चुप्पी साध लेते हैं। जब विदेश में सवाल किया गया तो इसे निजी मामला बताया।

दरअसल, पीएम मोदी से अमेरिका दौरे पर पत्रकारों ने सवाल पूछा था कि क्या राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मीटिंग में गौतम अदाणी के केस पर कोई चर्चा हुई? इस पर पीएम ने जवाब दिया कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों में हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

पीएम का पूरा जवाब

हमारे संस्कार और संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है। हम पूरे विश्व को अपना एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। दूसरी बात है कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं, न बैठते हैं और न बात करते हैं। 9 दिसंबर 2024 में राहुल गांधी अदाणी मुद्दे पर रिपोर्टर के रोल में दिखे थे। विपक्ष के दो सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अदाणी का मुखौटा लगाया और राहुल से बातचीत की। राहुल ने मोदी-अदाणी के संबंध, अमित शाह की भूमिका और संसद न चलने पर करीब 8 सवाल किए। कांग्रेस ने 1.19 मिनट की बातचीत का वीडियो शेयर किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 18 अक्टूबर 2023 में गौतम अदाणी पर निशाना साधा था। उन्होंने दिल्ली में 14 मिनट की एक प्रेस कांफ्रेंस की थी।

अदालत विधायिका को खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार किया और कहा, संसद ने हर पहलू पर विचार करने के बाद एक नया कानून बनाया है। प्रारंभिक अधिकार क्षेत्र में न तो हाईकोर्ट और न ही सुप्रीम कोर्ट विधायिका को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश दे सकता है।

जनहित याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की एक प्रति निशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 230 का हवाला देते हुए कहा कि यह याचिका अप्रासंगिक है।

उन्होंने कहा, धारा 230 के अनुसार अगर कोई मामला पुलिस रिपोर्ट पर आधारित है, तो मजिस्ट्रेट को आरोपी और पीड़ित को बिना किसी शुल्क के दस्तावेजों की प्रति देना अनिवार्य है।

मैतेई राष्ट्रपति शासन के खिलाफ, कुकी का समर्थन

इंफाल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। 21 महीने से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के फैसले का मैतेई समुदाय ने विरोध किया है। वहीं कुकी समुदाय के लोग केंद्र सरकार के फैसले से खुश हैं।

मैतेई समुदाय का कहना है कि एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में जल्द किसी सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला ठीक नहीं है। कुकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ ने कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला सही है। सीएम बदलने से कुछ नहीं होता। फोरम कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की भी मांग कर रहा है। वहीं, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि, विधानसभा अभी भी निलंबित अवस्था में है।

सत्येंद्र जैन की बढ़ी मुश्किलें : गृह मंत्रालय ने अभियोजन चलाने के लिए राष्ट्रपति से मांगी मंजूरी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को सत्येंद्र जैन के खिलाफ अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मामला चलाने के लिए राष्ट्रपति से मंजूरी मांगी है। जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से प्राप्त सामग्री के आधार पर सत्येंद्र जैन के विरूद्ध इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पाए गए हैं।

सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। सत्येंद्र जैन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने 2015-2016 में फर्जी कंपनियों के जरिए कथित तौर पर 16.39 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की थी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया था।

वहीं, 18 अक्टूबर को दिल्ली की एक अदालत ने सत्येंद्र जैन को जमानत दे दी थी। अदालत ने उन्हें जमानत देते हुए 'ट्रायल में देरी' और 'लंबे समय से कैद' में होने का जिक्र किया था। उधर, ईडी ने अदालत में जैन की जमानत का विरोध कर कहा था कि अगर उन्हें जमानत दी गई, तो वह मामले से संबंधित गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अदालत के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे सत्य की जीत और भाजपा की साजिश की हार बताया था। हालांकि, इससे पहले 26 मई 2023 को सत्येंद्र जैन को मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी गई थी, क्योंकि उनकी रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ था।

सत्येंद्र जैन हाल ही में सम्पन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी उतरे थे। पार्टी ने उन्हें शकूर बस्ती सीट से चुनावी मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी करनैल सिंह से हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव आयोग के मुताबिक, करनैल सिंह को कुल 56,869 वोट मिले, जबकि सत्येंद्र जैन 35,871 वोटों पर सिमट गए। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार सतीश कुमार लूथरा को सिर्फ 5,784 वोट मिले थे।

भाजपा को होली से पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलेगा

> *दक्षिण भारत से हो सकता है नया नेशनल प्रेसिडेंट*

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया की शुरूआत मार्च के पहले हफ्ते तक शुरू हो जाएगी। होली (14 मार्च) से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बन सकती है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है।

फरवरी के आखिरी तक 18 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होगा। भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी कराया जा सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव हो जाएं। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक और कार्यकाल देने की जगह पार्टी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनेगी। हालांकि, भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई व्यक्ति लगातार दो टर्म के लिए चुना जा सकता है। इस लिहाज से नड्डा तकनीकी रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की योग्यता रखते हैं।

दक्षिण भारत से किसी को मौका संभव, 20 साल से नहीं बना

इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बनाने का विचार है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। 20 साल से वहां से कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना है। 2002-2004 के बीच वेंकैया नायुडू (आंध्र) आखिरी थे। इस पर आरएसएस व आनुषंगिक संगठनों से भी चर्चा हो चुकी है।

ये तय है कि जो भी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा अगला लोकसभा चुनाव 2029 उसी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल होता है, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल जनवरी 2028 तक होगा। ठीक 14 महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे। जिसके चलते उनका कार्यकाल लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराने से पहले भाजपा में सभी प्रदेशों में संगठनात्मक चुनाव होते हैं। यह चुनाव मंडल से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक होता है। प्रदेश स्तर पर चुनाव की प्रक्रिया जारी है। नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2024 में खत्म हुआ था। पिछले साल लोकसभा चुनाव के लिए जून तक उनके कार्यकाल को 6 महीने का विस्तार दिया गया था।

कुतुब मीनार-हुमायूं के मकबरे को वक्फ प्रॉपर्टी बताया

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। संसद को सौंपी गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देश में राष्ट्रीय महत्व के करीब 280 स्मारकों को वक्फ बोर्ड ने अपनी जायदाद घोषित किया हुआ था। इन स्मारकों में ज्यादातर राजधानी दिल्ली में हैं।

इनमें कुतुब मीनार, फिरोजशाह कोटला, पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, जहांआरा बेगम की कब्र, कुतुब मीनार क्षेत्र में स्थित आयरन पिलर (लौह स्तंभ), इल्तुतमिश का मकबरा जैसे स्मारकों पर भी वक्फ का दावा है। समिति की सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इन स्मारकों की फेहरिस्त सौंपी थी। इसके अलावा शहरी विकास मंत्रालय ने कमेटी को बताया कि भूमि एवं विकास विभाग की 108 और डीडीए की 130 संपत्तियां वक्फ के कब्जे में दी गईं। वक्फ ने बाद में इन स्मारकों पर अपना दावा बताया। एक समय देश में वक्फ बोर्ड की 52 हजार रजिस्टर्ड संपत्तियां थीं। आज 9.4 लाख एकड़ जमीन पर 8.72 लाख अचल संपत्तियां हैं।

एकेटीयू से 120 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला मास्टर माइंड गिरफ्तार

लखनऊ, 14 फरवरी (एजेंसियां)। एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टर माइंड साइबर क्राइम टीम के सवा करोड़ की जमीन के लिए बुने गए जाल में फंस गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। साइबर क्राइम थाने की टीम ने उसे करीब 9 महीने बाद गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी वारदात के बाद दुबई भाग गया था। उसने ठगी के रुपये से कार खरीदी थी। टीम ने उसे बरामद कर लिया है। फिल्हाल सवा करोड़ की जमीन के लिए बुने गए जाल में फंसकर जमीन की रजिस्ट्री कराने लखनऊ पहुंचे मो। चांद उर्फ सनी जानसन को साइबर क्राइम टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने कई राज उगले है। हालांकि उसके गिरोह के दो सदस्य अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जिनके लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक, 120 करोड़ रुपये की ठगी करने का मास्टर माइंड चांद उर्फ सनी की तलाश पिछले वर्ष जून से चल रही थी। सके बारे में जानकारी जुटा रही साइबर क्राइम थाने की टीम को पता चला कि वह लखनऊ में प्रॉपर्टी का कारोबार करता है। जानकारी को सत्यापित करने के बाद टीम के कुछ सदस्य जमीन खरीदने के लिए उसके प्लॉटिंग साइट और कार्यालय गए।

विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्रियों को मिला बड़ा टास्क

18 फरवरी से शुरू करेंगे बिहार दौरा

पटना, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिससे पहले भाजपा इसकी तैयारियों में जुट गई है। बिहार भाजपा विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर नरेंद्र मोदी सरकार के बजट की उपलब्धियां गिनाएगी। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने केंद्रीय मंत्रियों को बिहार के हर जिले में भेजकर प्रेसवार्ता कराने का लक्ष्य तय किया है। 18 फरवरी से इसकी शुरुआत होगी और केंद्रीय मंत्री बिहार आएंगे।

केंद्रीय मंत्रियों और नीतीश कैबिनेट के मंत्रियों को मिला टास्क

मोदी सरकार के बजट को भुनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। केंद्रीय मंत्रियों से लेकर नीतीश कैबिनेट के मंत्रियों को बड़ा टास्क दिया है। अहम यह है कि नीतीश कैबिनेट के सभी मंत्री चाहे वे भाजपा के हों या जदयू के अपने प्रभार वाले जिले में जाकर प्रेसवार्ता करेंगे। इस दौरान एनडीए के नेता भी साथ रहेंगे।

जिला मुख्यालय में करेंगे प्रेसवार्ता

केंद्रीय मंत्रियों के साथ ही नीतीश सरकार के मंत्रियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री से लेकर बिहार सरकार के मंत्री जिलों में जाकर प्रेसवार्ता करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने जिला स्तर पर पार्टी नेताओं से कहा है कि बजट की खास बातों को जनता के बीच ले जाएं। केंद्रीय बजट में बिहार के लिए जो खास घोषणाएं की गई हैं, उस बारे में जानकारी दें। लोगों को बताएं कि केंद्र सरकार ने बिहार के लिए कितना काम किया है। बजट में किस वर्ग के लिए खास है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग के साथ ही आयकर में छूट देने से लेकर अन्य बातों को जनता के बीच पहुंचाएं। केंद्रीय नेतृत्व के आदेश के बाद बिहार भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बिहार भाजपा के पूर्व प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी पटना आ रहे हैं। संभवतः वे 18 फरवरी को केंद्रीय बजट पर प्रेसवार्ता करेंगे।

बजट में बिहार के लिए हुए ये बड़े एलान

बिहार में मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन की स्थिति में सुधार के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना होगी।

वर्षों से लंबित पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय मदद का एलान किया है।

बिहटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण की घोषणा की गई है।

बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलाजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट की स्थापना का एलान।

राष्ट्रीय स्तर पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए केसीसी की लोन सीमा में वृद्धि का एलान, जिसका फायदा बिहार के किसानों को भी मिलेगा।

प्रार्थना के दौरान भिड़े शिक्षक और प्रिंसिपल, एक-दूसरे पर तान दिए जूते

कैमूर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के कैमूर से एक स्कूल की प्रिंसिपल और शिक्षक के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में प्रिंसिपल और शिक्षक एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज कर रहे हैं। वहीं, बात बिगड़ने पर दोनों जूते निकालकर एक-दूसरे को पीटने के लिए भी तैयार नजर आ रहे हैं। कैमूर में सरकारी स्कूल की महिला प्रिंसिपल और शिक्षक के बीच जूता चलाने का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि, यह स्कूल में अनियमितता का पहला मामला नहीं है। कैमूर में शिक्षा विभाग और शिक्षक अपने कारनामों से हमेशा सुर्खियों में रहते है। कैमूर में 18 तारीख को बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रस्तावित दौरा है

यूपी के बजट सत्र में बीजेपी के लिए राह नहीं आसान

इन मुद्दों पर विपक्ष कर सकता है हंगामा

लखनऊ, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यूपी विधानसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इस बार यूपी की बजट सत्र 11 दिन तक चलेगा, जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण के साथ, बजट पेश किया जाएगा और उस पर चर्चा कराने के बाद मंजूरी ली जाएगी। इनमें से एक सप्ताह बजट पर चर्चा होगी और बाकी दिन अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। यूपी विधानसभा सचिवालय ने यूपी बजट सत्र का तय कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत 17 फरवरी को सर्वदलीय बैठक और कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत पहले दिन 18 फरवरी को विधानसभा व विधान परिषद में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण होगा। जिसके बाद 19 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। जिसके बाद अगले दिन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे वित्तमंत्री सुरेश खन्ना बजट 2025-26 पेश करेंगे।

11 दिन चलेगा यूपी विधानसभा का बजट सत्र

बजट पेश होने के बाद 21 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 22 को शनिवार और 23 फरवरी को रविवार होने की वजह सदन नहीं चलेगा। इसके बाद 24 फरवरी और 25 फरवरी को बजट पर चर्चा होगी। 26 फरवरी को शिवरात्रि होने की वजह से अवकाश रहेगा और 27 व 28 फरवरी दो दिन बजट पर चर्चा होगी।

इस बार यूपी विधानसभा का बजट सत्र काफी हंगामेदार रहने के आसार है। समाजवादी पार्टी ने जहां महाकुंभ भगदड़ और मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सत्ता पक्ष को घेरने की पूरी तैयारी की है तो वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष ने भी जवाब देने की अभी से तैयारी कर ली है। सपा महाकुंभ भगदड़ में मारे गए लोगों के सही आंकड़ों को लेकर योगी सरकार से जवाब मांग सकती है इसके साथ ही चुनाव में गड़बड़ी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरने की तैयारी है तो वहीं सत्ता पक्ष महाकुंभ में आए करोड़ो श्रद्धालुओं और उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित दिख रही है।

आश्रम में दरिंदगी: पति को इस कदर किया मजबूर, वो कुछ कर भी न सकी कई बार लूटी आबरू; पापी महंत हुआ गिरफ्तार

मैनपुरी, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मैनपुरी के कुरावली में इलाज के बहाने महिला को आश्रम में बुलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी महंत को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा है। पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर महंत व अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने महंत अजय दास, ठाकुर आनंद नंदन निवासी प्रेमपुरा थाना कुरावली, अनीस उर्फ सचिन यादव ननासी थरौली थाना मलावन जनपद एटा, रोहित यादव (अजयदास का गनर) के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि 3 अप्रैल 2023 को अजय दास ने इलाज करने के बहाने फोन करके बुलाया और आश्रम पर बनी कुटिया में दुष्कर्म कर वीडियो बनाया।

महाकुंभ: दुकानदारों को पैसा वापस करें अखिलेश ने सीएम योगी से क्यों की ये मांग?

लखनऊ, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में इस समय महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। इसी को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर प्रयागराज के बिजनेस को लेकर योगी सरकार को घेरने का काम किया है। दरअसल, मेले में दुकान लगाने के लिए लोगों ने राशि दी थी, लेकिन सपा प्रमुख ने वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें बताया गया है कि लोगों की मेले में बिकरी नहीं हुई और उन्हें नुकसान हुआ है। इसी को लेकर अखिलेश यादव ने पोस्ट कर के कहा कि उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह मेले में घाटा खाकर बैठे दुकानदारों को वो राशि लौटा दे जिसको लेकर कारोबारियों को दुकानें आवंटित की गईं थीं। इस वीडियो में लोग बता रहे हैं कि महाकुंभ के मेले में उन्होंने महेंगी दुकानें ली हैं, लेकिन उनको नुकसान हो रहा है। ग्राहक दुकानों तक पहुंच नहीं रहे हैं। साथ ही एक शख्स ने बताया कि रूट डाइवर्जन की वजह से ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने अब योगी सरकार को घेरने का काम किया है। अखिलेश यादव ने कई सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा, बीजेपी सरकार की बदइंतजामी की वजह से जब मुख्य मार्ग बंद कर दिए गए या फिर रास्ते बदल दिए गए तो ग्राहक इन दुकानों तक पहुंचते कैसे और कैसे इन व्यापारियों की दुकानदारी चलती। इनके नुकसान के लिए उत्तर प्रदेश बीजेपी सरकार पूरी तरह उत्तरदायी है। हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि इन से लिया गया पैसा वापस किया जाए।

अखिलेश यादव ने दिया नारा

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि एक तरफ सरकार ये दावा कर रही है कि महाकुंभ से प्रयागराज और उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अरबों रुपए जुड़े हैं तो फिर बीजेपी सरकार इन दुकानदारों के कुछ लाख रुपये क्यों नहीं लौटा सकती है। इसी के साथ अखिलेश यादव ने एक नारा भी दिया, मेले के दुकानदारों के बीच ये चर्चा है कि वो सब लोग मिलकर उत्तर प्रदेश बीजेपी सरकार से नारे के रूप में ये मांग करेंगे: हमारे पैसे लौटाओ, हमारा घाटा पूरा कराओ। दुकानदार कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

सीएम योगी ने क्या कहा था?

महाकुंभ से होने वाले आर्थिक असर के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने जनवरी के महीने में एक कार्यक्रम में कहा था कि साल 2019 के आयोजन ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 1.2 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया था। इस साल 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिससे महाकुंभ से आर्थिक विकास में 2 लाख करोड़ रुपये तक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

सहारनपुर में पुलिस और गोकशों के बीच मुठभेड़, एक अरेस्ट

गोकशी के लिए जंगल में ले जा रहे थे गोवंश, दो बदमाश फरार

सहारनपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सहारनपुर पुलिस और गोकशों के बीच मुठभेड़ हो गई। गोकशों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। काउंटर फायरिंग में एक गोकश के पैर में गोली लगी है। जबकि दो गोकश मौके से भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने फरार बदमाशों की तलाश में कॉम्बिंग की। लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र का है। एसपी देहात सागर जैन के अनुसार, थाना बिहारीगढ पुलिस सुंदरपुर जसमौर मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना मिली कि कुछ लोग डेरी फॉर्म के पास जंगल की ओर गोकशी करने के लिए एक गोवंश को लेकर जा रहे हैं। जैसे ही पुलिस टीम गोवंश के नजदीक पहुंची तो गोकशी करने आए गोकशों ने अचानक से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और भागने लगे। पुलिस टीम ने काउंटर फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश के बाए पैर में गोली लग गई और वो घायल होकर नीचे गिर गया। उसके दो साथी जंगल की ओर भाग गए। फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए कॉम्बिंग की। घायल बदमाश की पहचान वासिफ अली के रूप में हुई है। जो उत्तराखंड के भगवानपुर के गांव खेड़ी शिकोहपुर का रहने वाला है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक जिंदा गोवंश, एक तमंचा 315 बोर, 2 खोखा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर एवं गोकशी करने का सामान भी बरामद हुआ है।

'नहीं गिराए जाएंगे फ्लैट'

81 घर मालिकों को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दी बड़ी राहत

प्रयागराज, 14 फरवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्राधिकरण द्वारा 81 अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को फ्लैट खाली करने के नोटिस पर रोक लगाते हुए फ्लैट मालिकों को राहत प्रदान की। लखनऊ विकास प्राधिकरण एलडीए ने ये नोटिस जारी किए थे।

'रॉयल ग्रीन अपार्टमेंट' के फ्लैट न गिराने का आदेश

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की पीठ ने लखनऊ महानगर स्थित 'रॉयल ग्रीन अपार्टमेंट' के कुछ फ्लैट मालिकों द्वारा दायर रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपार्टमेंट को गिराने पर रोक लगा दी है।

करीब 19 साल पुराना है मामला

इससे पहले प्राधिकरण के अधिवक्ता रत्नेश चंद्र ने पीठ को बताया कि एलडीए ने 2012 की जनहित याचिका में समन्वय पीठ द्वारा पारित आदेश के कारण उक्त अपार्टमेंट को गिराने की कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने करीब 19-20 साल पहले अपार्टमेंट के बिल्डरों को जारी किए गए आदेशों के अनुपालन में उक्त अपार्टमेंट को ध्वस्त करने के लिए यह पहल की थी।

एलडीए अधिकारियों को तय करनी होगी जवाबदेही

पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह उन एलडीए अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी, जो 19 साल पहले बिल्डरों को जारी किए गए ध्वस्तीकरण आदेशों का पालन करने में विफल रहे थे। पीठ का मानना था कि बिल्डरों की गलती के लिए, फ्लैट मालिकों को नुकसान नहीं उठाना चाहिए, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से फ्लैट खरीदे थे और उन्हें बिल्डरों को दिए गए नोटिस के बारे में पता नहीं था।

जदयू नेता के गंभीर आरोप, कहा- 'राजद विधायक के समर्थकों ने मुझे पीटा, पेशाब पिलाया'

पूर्णिया, 14 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्णिया जिले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के एक नेता ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक स्थानीय विधायक के समर्थकों ने उनकी पिटाई की और उन्हें कथित तौर पर पेशाब पीने के लिए मजबूर किया। बायसी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आदित्य कुमार के अनुसार, पीड़ित रेहान फजल की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनका एक स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने एफआईआर में विधायक समेत आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया है। अधिकारी ने बताया, "फजल ने आरोप लगाया कि रात बायसी से विधायक के गुंडों ने उसका अपहरण कर लिया और विधायक के आवास पर ले गए।" कुमार ने बताया, "उसे संदेह है कि विधायक उससे नाराज थे, क्योंकि वह जमीन हड़पने और परिवार के सदस्यों के नाम पर फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड बनाने जैसे उसकी गतिविधियों को उजागर कर रहा था।" फजल ने आरोप लगाया कि उसे डंडे और मोटरसाइकिल के 'शॉक एब्जॉर्बर' से पीटा गया। पीड़ित ने बताया कि आरजेडी विधायक ने अपने परिवार के सभी लोगों का जॉब कार्ड बनवा रखा है। यह कार्ड मनरेगा योजना के तहत बनता है। इसके अलावा विधायक ने एक महिला की जमीन भी अवैध तरीके से हड़प ली थी। इस मामले में भी पीड़ित नेता महिला की मदद कर रहा था। उसने आरोप लगाया कि जब वह बाजार गया तो विधायक के गुंडों ने उसका अपहरण कर लिया और उसकी जमकर पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि उसके एक हाथ और एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि जब उसने पानी मांगा तो उसे पेशाब पिलाया गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि विधायक के समर्थक उसपर चाकू से वार करने वाले थे लेकिन उसकी पत्नी, परिवार के अन्य सदस्य और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और शोर मचाने पर आरोपी घटना स्थल से भाग गए।

वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

मदनी बोले-वक्फ संपत्तियां अल्लाह के लिए दी गई, सरकार को दखल देने का हक नहीं

सहारनपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जमीयत उलमा-ए-हिंद की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक दिल्ली स्थित मुख्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना अरशद मदनी ने की, जिसमें वक्फ संशोधन विधेयक के अलावा देश में बढ़ती सांप्रदायिकता, मुसलमानों के साथ भेदभाव, समान नागरिक संहिता, मस्जिदों एवं इबादतगाहों को निशाना बनाने और फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा-वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। जमीयत कानून के दायरे में रहकर इस विधेयक के खिलाफ अपना विरोध जारी रखेगा और जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को तानाशाही से ही कानून पास करने हैं तो लोकतंत्र का दिखावा क्यों?

सरकार की मंशा वक्फ संपत्तियों को हड़पने की

मौलाना अरशद मदनी ने कहा-केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों की प्रकृति बदलना चाहती है ताकि उन्हें आसानी से अपने नियंत्रण में लिया जा सके। उन्होंने कहा, पहले धारा-3 के तहत वक्फ बोर्ड ये तय करता था कि कोई संपत्ति वक्फ है या नहीं, लेकिन अब ये अधिकार कलेक्टर को दे दिया गया है। संशोधन के तहत अब कलेक्टर से लेकर अन्य सरकारी अधिकारी तय करेंगे कि कोई संपत्ति सरकारी है या वक्फ की। जब तक जांच पूरी नहीं होती, संपत्ति वक्फ नहीं मानी जाएगी। मौलाना मदनी ने आरोप लगाया कि ये विधेयक बेहद चालाकी से तैयार किया गया है ताकि वक्फ संपत्तियों को सरकारी नियंत्रण में लाया जा सके।

उन्होंने कहा, मस्जिद, मदरसे, कब्रिस्तान और खानकाह जैसी संपत्तियों को तो वक्फ माना जाएगा, लेकिन जिन संपत्तियों पर विवाद है या मुकदमे चल रहे हैं, उन्हें वक्फ की श्रेणी से बाहर कर दिया जाएगा। ये मुसलमानों के हक को छीनने की एक गहरी साजिश है।

सहारनपुर में विवाहिता को एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन लगाया

ससुराल वाले दहेज में मांग रहे थे स्कॉर्पियों और 25 लाख, पति जांच में निकला नेगेटिव

सहारनपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सहारनपुर के थाना गंगोह क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को न सिर्फ प्रताड़ित किया गया, बल्कि उसे एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन तक लगा दिया गया। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने फरवरी 2023 में अपनी बेटी की शादी हरिद्वार जिले के पीरान कलियर थाना क्षेत्र के जसवावाला गांव निवासी युवक से की थी। शादी में कार और 15 लाख रुपए नकद दिए गए थे, लेकिन ससुराल पक्ष इससे नाखुश था। शादी के कुछ समय बाद ही उन्होंने स्कॉर्पियो कार और 25 लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। जब पीड़िता के परिवार ने यह मांग पूरी करने से इनकार कर दिया, तो ससुराल वालों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। गांव में पंचायत के हस्तक्षेप के बाद विवाहिता को दोबारा ससुराल भेजा गया, लेकिन वहां उसको प्रताड़ित किया गया। परिजनों का आरोप है कि ससुरालियों ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। इसके अलावा, उसे कुछ दवाइयां दी गईं और जानलेवा साजिश के तहत एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन तक लगा दिया गया। जब विवाहिता की तबीयत बिगड़ने लगी, तो मायके वालों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि वह एचआईवी संक्रमित हो चुकी है। वहीं, जब उसके पति की जांच कराई गई, तो वह एचआईवी नेगेटिव पाया गया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए सपा विधायक दोषी, कोर्ट ने लगाया 100 रुपये का जुर्माना

शामली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। 11 वर्षों में 129 सुनवाई के बाद कैराना की एक विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार, शामली जिले की एक स्थानीय अदालत ने वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए सपा विधायक नाहिद हसन को दोषी ठहराया।

मार्च 2014 में दर्ज हुआ था मुकदमा

अभियोजन पक्ष के अधिकारी के अनुसार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा की अदालत ने नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया और भुगतान न करने की स्थिति में एक महीने कारावास की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी उतेश जौहरी ने बताया कि नाहिद हसन के खिलाफ 28 मार्च 2014 को शामली में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

मायावती पर भी की थी अपमानजनक टिप्पणी

उन्होंने बताया कि हसन पर आरोप था कि कैराना से लोकसभा चुनाव लड़ते समय उन्होंने शामली में एक चुनावी रैली के दौरान यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के साथ-साथ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

क्या है पूरा मामला

नाहिद हसन को 28 मार्च 2014 को शामली के आजाद चौक में एक कार्यक्रम में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और बसपा प्रमुख मायावती के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उस समय कैराना से सपा उम्मीदवार हसन ने उनकी अविवाहित स्थिति का मजाक उड़ाया और बसपा के चुनाव चिह्न हाथी का संदर्भ देते हुए टिप्पणी की थी।

अगले दिन उनके खिलाफ शामली कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। हसन शामली जिले की कैराना विधानसभा सीट से विधायक हैं और उनकी बहन इकरा हसन कैराना लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद हैं। कैराना से विधायक के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा कर रहे नाहिद हसन ने 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा के हुकुम सिंह से हार गए थे।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

शनिवार, 15 फरवरी, 2025 5

सुविचार: जिंदगी में खोये पल को वापस ला नहीं सकते, मगर हौसले और विश्वास से आने, वाले पल को खुबसूरत बना सकते हैं।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पर्यटन को आय और रोजगार का स्रोत बताया

अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अधिक प्रोत्साहन * मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग की समीक्षा की

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य पर्यटन विभाग को न केवल आय उत्पन्न करनी चाहिए, बल्कि तेलंगाना राज्य में हर जगह युवाओं को रोजगार भी प्रदान करना चाहिए। हमारे राज्य में आकर्षक पर्यटन स्थलों की भरमार है। पिछले वर्षों में पर्यटन को बढ़ावा देने में ध्यान और नवीन सोच की कमी के कारण राजस्व उत्पन्न करने वाला पर्यटन विंग अपेक्षित रूप से विकसित नहीं हुआ है। उन्होंने सुझाव दिया कि पर्यटन विभाग को उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। शुक्रवार को यहां पर्यटन विभाग की समीक्षा में, मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वालों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। नागार्जुन सागर बैकवाटर में बोट हाउस उपलब्ध कराना, तेलंगाना को गंतव्य विवाह स्थल के रूप में बढ़ावा देना, मंदिर पर्यटन और टाइगर सफारी पर विशेष ध्यान देना तेलंगाना को सबसे अधिक मांग वाला पर्यटन केंद्र बनने में मदद करेगा, सीएम रेवंत ने अधिकारियों को इस दिशा में ध्यान केंद्रित करने और आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। सीएम ने अधिकारियों को भद्राचलम, सालेश्वरम, रामप्पा, मल्लेला तीर्थम, बोगाथा झरने, बौद्ध स्तूप, जैन मंदिरों जैसे सभी पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं में सुधार करने और उचित प्रचार करने की सलाह दी। जब मुख्यमंत्री ने भोंगिर किला रोपवे कार्यों के बारे में पूछताछ की, तो अधिकारियों ने कहा कि भूमि अधिग्रहण पूरा हो गया है और परियोजना के लिए जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि भूमि अधिग्रहण में कुछ देरी हुई है। अधिकारियों को भोंगिर किला रोपवे कार्यों के लिए तेजी से निविदाएं आमंत्रित करने और किले पर ऐतिहासिक संरचनाओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। पर्यटन नीति को अंतिम रूप देते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि वन, आईटी, बिजली, टीजी आईआईसी, चिकित्सा और खेल विभागों के बीच समन्वय जरूरी है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एक विभाग दूसरे विभाग की नीतियों में हस्तक्षेप न करे। पर्यटन विभाग में साहसिक खेलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, सीएम ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया ताकि चिकित्सा उपचार के लिए आने वाले विदेशियों को बिना किसी परेशानी के पर्यटक माना जा सके। सीएम रेवंत रेड्डी ने नए वित्तीय वर्ष में पर्यटन विभाग के लिए अधिक बजट आवंटन का आश्वासन दिया। समीक्षा में राज्य के पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष पटेल रमेश रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी, सरकारी सलाहकार (इंफ्रास्ट्रक्चर) श्रीनिवास राजू, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव वी. शेषाद्रि, चंद्रशेखर रेड्डी, सीएम की संयुक्त सचिव संगीता सत्यनारायण, पर्यटन सचिव स्मिता सभरवाल, पर्यटन विकास निगम के एमडी प्रकाश रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

नलगोंडा में बीआरएस नेता गिरफ्तार

नलगोंडा, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता और प्रमुख दलित कार्यकर्ता अन्नपर्ती शेखर को गुरुवार देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के लिए उसके घर के दरवाजे तोड़ दिए। उसके घर पर छापेमारी से निवासियों में हड़कंप और दहशत फैल गई।

परिवार के सदस्यों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई कि उसे क्यों गिरफ्तार किया गया और उसे कहां ले जाया जाएगा? स्थानीय पुलिस ने कहा कि शेखर को उनके द्वारा प्राप्त शिकायत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। वह गांव के कुछ निवासियों से जुड़े वित्तीय मुद्दों से संबंधित एक मामले में आरोपी थे।

फ्लोराइड संकट के बीच खतरे में नलगोंडा

नलगोंडा, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मिशन भागीरथ परियोजना को बनाए रखने में विफलता के कारण भूजल में फ्लोराइड की उच्च मात्रा के बावजूद जल निकासी के लिए बोरवेल के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नलगोंडा में स्थिति विशेष रूप से गंभीर हो गई है, जहां फ्लोराइड संदूषण लंबे समय से एक समस्या रही है। निवासियों, विशेष रूप से किसानों को अपनी पानी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बोरवेल पर निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि मिशन भागीरथ परियोजना कुछ इलाकों में सुरक्षित पेयजल की निरंतर आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम नहीं है। इसके परिणामस्वरूप पुराने बोरवेल को फिर से खोलना पड़ा है और कुछ ऐसे बोरवेल को बहाल करना पड़ा है जो पहले बंद हो चुके थे।

प्रमुख जल कार्यकर्ता के. सुभाष ने फ्लोराइड से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को फिर से उभरने से रोकने के लिए मिशन भागीरथ से आपूर्ति बढ़ाने के लिए तत्काल प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। वह फ्लोराइड संदूषण के विरूद्ध अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं तथा नलगोंडा के निवासियों के लिए सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने हेतु स्थायी समाधान का आह्वान कर रहे हैं। सुभाष ने कहा कि बोरवेलों को पुनः खोलने के बजाय मिशन भागीरथ से आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए थे, क्योंकि इससे फ्लोराइड संदूषण की स्थिति पुनः उत्पन्न हो सकती है। जिला प्रशासन से मिशन भागीरथ परियोजना के रखरखाव को प्राथमिकता देने तथा फ्लोराइड समस्या को कम करने के लिए वैकल्पिक जल स्रोतों की खोज करने का आग्रह किया गया है।

आरपीएफ ने 71.26 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की

जनवरी के दौरान आरपीएफ/एससीआर ने गिरफ्तार किए 34 अपराधी

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आरपीएफ ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत 71.26 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की। आरपीएफ का मुख्य उद्देश्य रेलवे संपत्ति की सुरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा में अपराधियों के खिलाफ निरंतर लड़ाई जारी रखना है। रेलवे संपत्ति के साथ-साथ यात्रियों की जान की सुरक्षा के लिए आरपीएफ हमेशा अपनी जान जोखिम में डालने में भी सबसे आगे रहती है। मिशन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, आरपीएफ/एससीआर सरकारी पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय कर रही है।

इसके अलावा, आरपीएफ ने कई ऑपरेशन भी शुरू किए हैं और जनवरी-2025 के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत, आरपीएफ ने 34 अपराधियों को गिरफ्तार किया है और 30 मामले दर्ज करके 71.26 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की है। "ऑपरेशन अमानत" के तहत, आरपीएफ कर्मियों ने यात्रियों के सामान को सुरक्षित करने में मदद की, 60.80 लाख रुपये मूल्य के 264 यात्रियों के सामान बरामद किए और उन्हें सही मालिकों को सौंप दिया। रेलवे के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए आरपीएफ ने "ऑपरेशन नार्कोस" शुरू किया है, 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के साथ 21.16 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया है और संबंधित एजेंसी को सौंप दिया है। "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" के तहत, आरपीएफ ने देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों की पहचान करने और उन्हें बचाने का नेक काम किया है जो विभिन्न कारणों से अपने परिवार से खो गए हैं या अलग हो गए हैं। 91 बच्चों (70 लड़के + 21 लड़कियां) को बचाया गया है और सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) को सौंप दिया गया है। आरपीएफ ने "ऑपरेशन एएएचटी" शुरू किया है। इस मिशन के तहत, आरपीएफ ने 16 लड़कों और सात लड़कियों को बचाया है और 14 तस्करों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया है।

आरपीएफ ने "ऑपरेशन जीवन रक्षा" के तहत एक पुरुष यात्री की जान बचाई। आरपीएफ ने "ऑपरेशन सतर्क" के तहत ट्रेनों के माध्यम से अवैध रूप से ले जाई जा रही 85,348 रुपये की शराब जब्त की और बाद में उसे आबकारी विभाग को सौंप दिया, जिसने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ चार मामले दर्ज किए। आरपीएफ ने दलालों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने और आम आदमी को रेलवे टिकट उपलब्ध कराने के लिए "ऑपरेशन उपलब्ध" शुरू किया है। आरपीएफ ने 25 मामले दर्ज किए, जिसमें 25 दलालों को गिरफ्तार किया गया और 2,06,279 रुपये मूल्य के 120 लाइव टिकट जब्त किए गए। सीसीटीवी तकनीक का उपयोग करके, आरपीएफ ने दो अपराधियों को पकड़ लिया और 1,30,000 रुपये की चोरी की गई यात्री संपत्ति बरामद की और आगे की कार्यवाही के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंप दी। आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति के खिलाफ गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए "ऑपरेशन रेल सुरक्षा" शुरू किया है। 39 मामलों का पता लगाया गया और 8,17,082 रुपये की चोरी की गई रेलवे संपत्ति बरामद की गई।

बहादुरी के लिए साइबराबाद सीपी ने पुलिस कर्मियों की सराहना की

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्त, अविनाश मोहंती, ने आज हेड कांस्टेबल एम. वेंकट रेड्डी, के. प्रदीप रेड्डी और पी. वीरस्वामी के साहसी प्रयासों की सराहना की। ये सभी माधापुर सीसीएस में सेवारत हैं, हाल ही में गच्चीबोवली में हुई फायरिंग की घटना के दौरान उनकी अनुकरणीय बहादुरी के लिए साइबराबाद सीपी कार्यालय में डीसीपी क्राइम के. नरसिम्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बहादुर पुलिस अधिकारियों को साइबराबाद सीपी द्वारा सम्मानित किया गया और पुरस्कृत किया गया। 1 फरवरी, 2025 को कुख्यात अपराधी बथुला प्रभाकर को पकड़ने के लिए एक ऑपरेशन के दौरान, पुलिस टीम को गच्चीबोवली के एक पब में गोलियों का सामना करना पड़ा। हेड कांस्टेबल वेंकट रेड्डी के बाएं पैर में गोली लगी और उन्हें तुरंत इलाज के लिए गच्चीबोवली के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जोखिम के बावजूद, टीम ने प्रभाकर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया, जिसके खिलाफ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 70 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीपी अविनाश मोहंती ने भी डीसीपी क्राइम श्री के. नरसिम्हा, सीसीएस एसीपी श्री शशांक रेड्डी और सीसीएस माधापुर इंस्पेक्टर संजीव कुमार के समर्पण को स्वीकार किया और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस तरह की वीरता को पहचानने के महत्व पर जोर दिया।

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. DYCEGSUWAT ENGG2025002, दिनांक : 08.02.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के विजयनगरम-कोरुकोंडा स्टेशन के बीच कि.मी. 821/9-11, 821/10-12 UP एवं DN पर मौजूदा विशेष दर्जा (Special Class) (मानवयुक्त एवं इंटर-लॉकड) लेवल क्रॉसिंग-463 के पहुँच मार्ग एवं (1X60 मीटर BOW STRING गर्डर + 2X18.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 11X24.0 मीटर T-BEAM गर्डर) के साथ रोड ओवर ब्रिज का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 35,70,20,079.26, EMD : ₹ 19,35,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को उनके लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य अभियन्ता (GSU)/ वाल्टियर

PR-163/CH/24-25

CLASSIFIEDS

LOST PASSPORT

I, Mohammed Asif S/o. Abdul Sattar R/o. HNo. 11-2-555/1/B/A. Shamsheer bagh, Aghapura, Nampally, Hyderabad, T.S. I have Lost My Passport Bearing No: B3053571 While I was shifting my house. If any one found Please Contact - 7697611264

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

IN THE COURT OF THE HON'BLE XI ADDITIONAL CHIEF JUDGE CITY CIVIL COURT AT HYDERABAD

I.A. NO.1265 OF 2024 IN O.S.No. 341 OF 2021

BETWEEN:
M/s Lohiya Developers Pvt. Ltd.
Rep. by its Director Sunil Kumar Agarwal S/o. Late Ratan Lal,
...Petitioner/ Plaintiff

AND
Mr. Mohammed Hussain
...Respondents/Defendants

TO,
1. Mr. Mohammed Hussain, S/o Late Syed Abdul Raheem, R/o H.No.20-7-242/1/E, Dali-ka-bagh, ,Hyderabad,.
2. Mrs. Karteema Unnisa ,W/o. Late Shaik Akber, R/o H.No. 20-3-144/1, Shibli Gunj, Hyderabad,.
3. Mr. Shaik Chand ,S/o Late Abdul Kareem, R/o H.No. 20-7-44/29/A/C, Qazipura, Hyderabad, .
4 Mr. Syed Badruddin ,S/o Late Raheemuddin, R/o H.No.20-7-651/C, Fateh Darwaza, Hyderabad, Telangana State.
...Respondents/Defendants

Please take notice that the above-named Petitioner/Plaintiff have filed the above application restraining the respondent their agents, G.P.A.'s and any other person claiming through them from alienating, mortgaging the suit schedule property. Please take notice that the above suit is posted on 14-03-2025 AT 10.30 AM for Respondents appearance on objections if any. Hence you are hereby summoned to appear in the said court either in person or by an Advocate failing which the matter will be decided in your absence as per the law.

// By order of the Hon'ble Court //
Sd/- DIVYA RAI (Advocate)
302, 3rd Floor, Thirath Towers, Road No.7, Banjara hills, Hyderabad

IN THE COURT OF THE HON'BLE XI ADDITIONAL CHIEF JUDGE CITY CIVIL COURT AT HYDERABAD

O.S.No. 341 OF 2021

BETWEEN:
M/s Lohiya Developers Pvt. Ltd.
Rep. by its Director Sunil Kumar Agarwal.
... Plaintiff

AND
Mr. Mohammed Hussain
... Defendants

To,
1. Mr. Mohammed Hussain, S/o Late Syed Abdul Raheem, R/o H.No.20-7-242/1/E, Dali-ka-bagh,Hyderabad,.
2. Mrs. Karteema Unnisa, W/o. Late Shaik Akber, R/o H.No. 20-3-144/1, Shibli Gunj, Hyderabad,
3. Mr. Shaik Chand ,S/o Late Abdul Kareem, R/o H.No. 20-7-44/29/A/C, Qazipura, Hyderabad,
4. Mr. Syed Badruddin ,S/o Late Raheemuddin, R/o H.No.20-7-651/C, Fateh Darwaza, Hyderabad,
....Defendants

Please take summons that the above-named Plaintiff have filed the above suit for Specific Performance with a prayer to execute Sale Deed in respect of the suit schedule property i.e., all that land admeasuring of an area of 5620.00 Sq. yards equivalent to 4698.99 Sq. Mtrs lying and forming part of Survey No. 403 (Old Survey No. 129/35 Part of Town Survey No.4, Block-T, Ward No.11 of Shaikpet Village), under present Ward No. 8, Block No. 2, situated at Road No. 12, Banjara Hills, Hyderabad. Please take summons that the above suit is posted on 14-03-2025 at 10.30 am for Respondents appearance on objections if any. Hence you are hereby summoned to appear in the said court either in person or by an Advocate failing which the matter will be decided in your absence as per the law.

// By order of the Hon'ble Court //
Sd/- DIVYA RAI (Advocate)
302, 3rd Floor, Thirath Towers, Road No.7, Banjara hills, Hyderabad

मैं इस्तीफा देने को तैयार : टी राजा सिंह

भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के कदम से पैदा हुआ असंतोष

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा इकाई द्वारा राज्य में पार्टी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की कवायद से पार्टी में असंतोष भड़क गया है। नलगोंडा इकाई में मतभेद बढ़ने के बाद अब गोशामहल विधायक टी राजा सिंह ने गोलकोंडा-गोशामहल जिलाध्यक्ष नियुक्त करने के पार्टी के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।

राजा सिंह ने एक ऑडियो बयान में कहा कि अगर पार्टी को लगता है कि मेरी सेवाओं की अब आवश्यकता नहीं है, तो मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। यह ऑडियो बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। राजा सिंह ने भाजपा गोलकोंडा-गोशामहल जिलाध्यक्ष पद के लिए अनुसूचित जाति और पिछड़ी जातियों के नेताओं के नाम की सिफारिश की थी। हालांकि, पार्टी नेतृत्व ने किसी दूसरे नेता को नियुक्त कर दिया और यह बात गोशामहल विधायक को रास नहीं आई।

राजा सिंह ने पूछा कि पार्टी ऐसे व्यक्ति को कैसे नियुक्त कर सकती है, जो एमआईएम से निकटता से जुड़ा हुआ है। गोशामहल विधायक ने यहां तक कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से लड़ने के साथ-साथ वह पार्टी के भीतर की अंदरूनी लड़ाई भी लड़ रहे हैं। राजा सिंह ने ऑडियो बयान में कहा कि पार्टी के कुछ नेता दलाली करने में माहिर हैं और मैं किसी लाभ के लिए इस स्तर तक नहीं गिर सकता।

34 वी पुण्यतिथी

स्व. श्री. के. आर. बाबूलालजी गुदनीय
उपनाम के.आर.लाल.
स्वर्गवास : 15-2-91

परिवार को ही मंदिर आप मान लिये
अथक परिश्रम को कर्तव्य आप मान लिये
प्रेम-प्रीत, स्नेह, मैत्री, सेवा को समर्पण मान लिये
सिंचन, मनन, आचरण सीर्फ अच्छे बातों का करते आप
अनुशासनता से प्रत्येक पैलू पर सूक्ष्म दृष्टि रख कर
हर लक्ष्य की परिपूर्ती करते आये आप
आपके आदर्शों की विचार धारा हम अपनाये है
34 वी पुण्यतिथिपर भावपूर्ण श्रध्दा सुमनांजली अर्पण करते है

34वी पुण्यतिथिपर हृदयपूर्वक भावभीनी श्रध्दांजली

श्रध्दावनत
• विजय करण • कौशल करण • अनिल करण

V.K.A. CONSTRUCTIONS
Engineers & Contractors, H.No. 11-13-1056/2, Road No. 9, Near Ashta Laxmi Temple, Vasavi Colony, Saroor Nagar, Hyd.

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 15 फरवरी - 2025

विपक्ष में फिर दरार

भानुमती का जुडा कुनबा एक-एक कर कैसे बिखरता है देखना है तो विपक्षी गठबंधन इंडिया को देखा जा सकता है। गठबंधन में बढ़ती फूट के चलते संसद के बजट सत्र में दलों के बीच दूरियां साफ दिखीं। संसद सत्र के लिए विपक्षी दलों की कोई बैठक नहीं हुई। इसलिए डिप्टी स्पीकर पद की लड़ाई पर पानी फिर चुका है। दिल्ली विधानसभा चुनाव आप और कांग्रेस बिना गठबंधन लड़ीं। नतीजा सामने है। आमतौर पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे या लोकसभा में उनके समकक्ष राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक बुलाते हैं। लेकिन इस पूरे सत्र में एक भी बैठक नहीं हुई। नतीजतन गठबंधन के पास डिप्टी स्पीकर पद के लिए लड़ने का हौसला पस्त हो गया। 18वीं लोकसभा का चौथा सत्र चल रहा है, लेकिन डिप्टी स्पीकर का पद अभी भी खाली है जबकि विपक्ष पहले से ज्यादा मजबूत है। कांग्रेस, 18वीं लोकसभा के पहले सत्र से ही डिप्टी स्पीकर का पद मांग रही थी। 17वीं लोकसभा में यह पद खाली रहा, जिस पर कानूनी और संवैधानिक बहस छिड़ गई थी। जब स्पीकर पद के लिए मुकाबला 'टल' गया था, तभी विपक्ष ने यह पद मांगा था। कुछ विपक्षी नेताओं का कहना है कि सहयोगियों के बीच बढ़ती दरार की वजह से इस मुद्दे पर कोई जोर नहीं दिया गया। विपक्षी खेमे में फूट का मतलब है कि सरकार को डिप्टी स्पीकर पद देने में देरी करने, न देने का मौका मिल जाना है। इंडिया ब्लॉक बनने के बाद से ही पिछले सत्र में नेताओं की बैठकें कुछ कम हुई थीं, लेकिन इस बार तो एक भी बैठक नहीं हुई। इससे सदन में विपक्ष की एकता टूट गई। पिछले सत्र में तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि बैठक से अलग हो गए थे। इस बार सपा, आप और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रतिनिधियों में भी उत्साह की कमी दिखी। यह सत्र दिल्ली चुनाव प्रचार के साथ शुरू हुआ, जहां आप और कांग्रेस ने गठबंधन के बिना चुनाव लड़ा। बल्कि विपक्षी गठबंधन के कई सहयोगी जैसे तृणमूल, सपा, शिवसेना (यूबीटी) ने खुलकर आप का समर्थन किया। इससे गठबंधन के भीतर की दरार सबके सामने आ गई। गठबंधन के ज्यादातर दल सदन में अपने-अपने मुद्दे उठा रहे थे। केवल कुछ भावनात्मक मुद्दों जैसे भारत से निकाले गए लोगों को हथकड़ी लगाना, महाकुंभ में भगदड़ और वक्फ रिपोर्ट पर ही चुनावी संवेदनशीलता के कारण वे एक-दो दिन के लिए सदन में संयुक्त विरोध के लिए एक साथ आते दिखे। लेकिन अडानी सौर परियोजना के सीमा पर होने को लेकर गुरुवार को कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को केवल तमिलनाडु और केरल के कुछ सहयोगियों का ही समर्थन मिला। पिछले सत्र में गृह मंत्री अमित शाह की बीआर अम्बेडकर पर टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार सदन में इस मुद्दे को नहीं उठाया गया। सिर्फ कुछ मौकों पर ही इसे छुआ गया। वो भी तब जब बीजेपी ने राष्ट्रपति मुर्मू पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर निशाना साधा। यह सत्र विपक्षी एकता के लिए एक बड़ी परीक्षा साबित हुआ। इससे यह साफ हो गया कि इंडिया ब्लॉक को चुनावी रणनीति बनाने और अपने अंदरूनी मतभेद दूर करने की सख्त जरूरत है। वरना आने वाले चुनाव में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

क्रूरता की हदें पार करता रैगिंग का मामला



अशोक भाटिया

कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग की एक बेहद क्रूर घटना सामने आई है, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में पांच सीनियर छात्रों ने फर्स्ट ईयर के तीन स्टूडेंट्स के साथ ऐसी अमानवीय हरकतें कीं हैं जो काफी डरावनी हैं। घटनाएं पिछले साल 16 नवंबर को शुरू हुईं और इस साल 10 फरवरी तक जारी रहीं। तिरुवनंतपुरम के रहने वाले तीनों छात्र अपने भविष्य के सपने लेकर कॉलेज पहुंचे थे, लेकिन उनके साथ हुई ये बर्बरता अब सभी को झकझोर रही है। एक खौफनाक वीडियो सामने आया है जिसमें साफ दिख रहा है, छात्रों के साथ कैसे रोंगटे खड़े कर देने वाला बर्बरता किया गया है। इस विचलित करने वाले वीडियो में जूनियर छात्र को दी गई यातना को दिखाया गया है। वीडियो सामने आने के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि कॉलेजों में रैगिंग जैसे खतरे को रोकने के लिए कानून होने के बावजूद कई परिसरों में रैगिंग का आतंक कैसे जारी है। वीडियो में एक छात्र बिस्तर पर लेटा हुआ दिखाई दे रहा है। उसके हाथ और पैर बिस्तर के सिरों से बंधे हुए हैं और वह दर्द से तड़प रहा है। दूसरा छात्र उसे बार-बार कंपास के नुकीले सिरे से चुभो रहा है। वह दर्द से चिल्ला रहा है। शरीर पर कई चोटें हैं और कथित तौर पर घावों को चुभने के लिए उन पर एक सफेद लोशन डाला गया है। रैगिंग करने वालों एक आरोप यह भी है कि सीनियर्स ने रविवार को जूनियर्स से शराब खरीदने के लिए पैसे ऐंठे। जो नहीं देते थे, उनकी पिटाई की जाती थी। यह मामला तब सामने आया जब एक छात्र रैगिंग बर्दाश्त नहीं कर सका और उसने अपने पिता के सामने अपनी आपबीती बताई। उसके पिता ने फिर उसे पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा। बता दें कि कोट्टयम में रैगिंग की घटना कोच्चि में एक 15 वर्षीय स्कूली छात्र की आत्महत्या की घटना के ठीक बाद हुई है, कथित तौर पर रैगिंग के कारण। मिहिर अहमद की मां राजना पीएम ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को स्कूल में पीटा गया, गाली दी गई और शौचालय की सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया, जिससे वह बहुत परेशान हो गया। गौरतलब है कि हाल में रैगिंग के एक मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एन वेंकटेश ने दोषी छात्रों को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि आप रैगिंग जैसे घृणित कृत्य में लिप्त होंगे, तो आपके कॉलेज आने का क्या लाभ है। बेहतर होगा कि आप अनपढ़ और अशिक्षित ही बने रहें। यदि कोई व्यक्ति किसी को पीड़ा पहुंचा कर आनंद पा रहा है, तो इसका अर्थ है कि वह मनोरोगी है। नवंबर 2023 में पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर में हुई रैगिंग के मामले में गत 22 फरवरी को उच्च न्यायालय ने अनेक निर्देश दिये। कुछ समय पहले रैगिंग के एक मामले में भोपाल की जिला अदालत ने चार छात्राओं को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे ज्यादातर मामले अदालत तक जा नहीं पाते हैं। भोपाल की घटना में पीड़िता ने वरिष्ठ छात्राओं की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगा ली थी। पीड़ित छात्रा की शिकायत को कॉलेज प्रबंधन ने अनसुना कर दिया था। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं, परंतु यदि सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बावजूद ऐसी घटनाएं घट रही हैं, तो अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को सोचने की आवश्यकता है। संस्थानों के प्रबंधन पर सवाल उठाने के साथ ही यह भी सोचना होगा कि क्या हम अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने की ईमानदार कोशिश कर रहे हैं। रैगिंग झेल रहे छात्र दोहरे- शारीरिक एवं मानसिक- शोषण के शिकार होते हैं। रैगिंग एक मनोवैज्ञानिक समस्या है। रैगिंग लेने वाले सीनियर छात्र अपने साथ हुआ बुरा व्यवहार जूनियर छात्रों पर दोहराना चाहते हैं। साथ ही, सीनियर छात्रों में अपने को बड़ा सिद्ध करने एवं रौब झाड़ने की प्रवृति काम करती है। रैगिंग के पीड़ित जूनियर छात्रों पर मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ता है और वे स्वयं को अपमानित महसूस करते हैं। ऐसे अनेक छात्र आत्महत्या भी कर लेते हैं। इस मनोवैज्ञानिक समस्या को मनोवैज्ञानिक रूप से हल करने की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि रैगिंग रोकने लिए नियम-कानूनों का पालन ही न किया जाए। दोषी छात्रों के साथ सख्ती से निपटना चाहिए। रैगिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से जहां सीनियर छात्रों को नया सबक मिलेगा, वहीं जूनियर छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि ऐसे मामलों में बहुत कड़ी सजा नहीं देनी चाहिए। कड़ी सजा से आरोपी छात्रों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। युवा होने के नाते उनकी आगे की जिंदगी को कठिनाई में डालना तर्कसंगत नहीं है। दूसरा पक्ष यह है कि रैगिंग के माध्यम से जूनियर छात्रों का शारीरिक और मानसिक शोषण कर उन्हें आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जा रहा है। क्या यह एक गंभीर अपराध नहीं है? ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को यह निर्देश है कि रैगिंग की घटना के लिए संस्थान को जिम्मेदार माना जायेगा। यूजीसी भी प्रति वर्ष विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को पत्र भेजकर रैगिंग रोकने के निर्देश देता रहता है। हर शिक्षण संस्थान दाखिला देने से पहले छात्रों से हलफनामा भी लेता है कि रैगिंग जैसी घटना में शामिल पाये जाने पर उसका दाखिला रद्द कर दिया जायेगा। रैगिंग रोकने हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में समितियां भी बनायी जाती हैं।

ऐसी घटनाएं होने पर संस्थान की मान्यता रद्द करने का प्रावधान भी है। लेकिन इनके बावजूद रैगिंग की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। अब तो यह प्रवृत्ति पब्लिक स्कूलों में भी बढ़ रही है। पिछले दिनों कुछ पब्लिक स्कूलों में भी ऐसी घटनाएं प्रकाश में आयी थीं। हालांकि उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग रोकने के प्रयास होते दिखाई देते हैं, लेकिन पब्लिक स्कूलों के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। कई बार संस्थान ऐसी घटनाओं को छिपाने का प्रयास भी करते हैं। रैगिंग की घटनाओं का छिपाने का प्रयास ठीक वैसा ही है, जैसे बीमार व्यक्ति द्वारा रोग को छिपाने की कोशिश करना। रोग को जितना छिपाया जायेगा, वह उतना ही अधिक बढ़ता जायेगा। रैगिंग रूपी रोग को रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर में बेहतर माहौल बनाना होगा। उन्हें छात्रों में व्यावहारिक रूप से नैतिक मूल्य विकसित करने की कोशिश करनी होगी। शिक्षण संस्थान भाषणों में तो नैतिक मूल्यों की बात बहुत करते हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा कोई प्रयास होता नहीं दिखता। हमें समझना होगा कि रैगिंग की घटनाएं कानून के बल पर रुकने वाली नहीं हैं। इसके लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। जो बच्चे रैगिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, उनके अभिभावकों को यह जानने की चेष्टा करनी होगी कि उनके बच्चों में श्रेष्ठता और रौब गालिब करने की भावना क्यों पनप रही है। यदि ऐसे मामलों में अभिभावक हाथ पर हाथ रखकर बैठ गये, तो समस्या और बढ़ेगी। कुछ वर्ष पूर्व हिमाचल प्रदेश के एक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के दौरान उन्नीस वर्षीय छात्र अमन काचरू की मौत हो गयी थी। तब अमन के पिता राजेंद्र काचरू ने रैगिंग रोकने और रैगिंग पर कानून बनाने के लिए एक अभियान चलाया था। रैगिंग रूपी सामाजिक अभिशाप को रोकने लिए एक बार फिर ऐसे ही अभियान की जरूरत है। दरअसल कॉलेज के वे शुरूआती साल हम सब की ज़िन्दगी के बेहद खूबसूरत समय ,दोस्तियों , व्यक्तित्व विकास की नींव होते हैं। रैगिंग असल में पढाई और व्यक्तित्व विकास के उन स्वस्थ तरीकों और माहौल में बाधा डालती है। यह उम्र और सीनियरटी में बड़े होने का झूठा दम्भ और कुत्सित हरकतों के सामाजिकीकरण को बढ़ावा देती है। मुश्किल है कि रैगिंग करने वाले छात्र भविष्य में इस मानसिकता के साथ एक उत्कृष्ट नागरिक या प्रोफेशनल बन पाएं। इसे बर्दाश्त करना भी सही नहीं हैं क्यूंकि ऐसे में हम ऐसी घटिया सोच को ही बढ़ावा दे रहे हैं।

अवैध रोहिंग्याओं को मुफ्त सुविधा

रामस्वरूप रावतसरे

सुप्रीम कोर्ट में 'रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव' नाम के एक एनजीओ ने याचिका दायर कर रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए सुविधाओं की माँग की है। एनजीओ ने याचिका में कहा है कि कोर्ट केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश दे कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं को स्कूलों और अस्पतालों तक पहुँच दी जाए। इस मामले की सुनवाई सोमवार (10 फरवरी) को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने की।पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता एनजीओ को निर्देश दिया था कि वह कोर्ट को बताए कि दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थी कहाँ-कहाँ बसे हुए हैं और उन्हें क्या-क्या सुविधाएँ मिली हुई हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने सर्वाच्च न्यायालय को बताया कि रोहिंग्या 'शरणार्थियों' को स्कूलों और अस्पतालों में प्रवेश से वंचित रखा जाता है, क्योंकि उनके पास आधार कार्ड नहीं है। कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा, "वे शरणार्थी हैं जिनके पास यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) कार्ड हैं और इसलिए उनके पास आधार कार्ड नहीं हो सकते लेकिन आधार कार्ड के अभाव में उन्हें सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।'

उन्होंने बताया कि रोहिंग्या शाहीन बाग और कालिंदी कुंज में झुग्गियों में और खजूरी खास में किराए के मकानों में रह रहे हैं। इस एनजीओ द्वारा दायर याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकारों को निर्देश देने की माँग की गई है कि वे रोहिंग्या बच्चों को आधार कार्ड या भारतीय नागरिकता न होने के बावजूद मुफ्त शिक्षा दें।

जनहित याचिका में आगे माँग की गई थी कि इन रोहिंग्या 'शरणार्थियों' को सरकार द्वारा पहचान पत्र माँगे बिना कक्षा 10, 12 और स्नातक सहित सभी परीक्षाओं में भाग लेने की अनुमति दी जाए। यही नहीं, शिक्षा के अलावा, याचिका में इन रोहिंग्या मुस्लिमों के लिए सरकारी अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ अंत्योदय अन्न योजना के तहत उपलब्ध सब्सिडी वाले खाद्यान्न देने की माँग की गई है। दरअसल, ये एनजीओ और गोंजाल्विस चाहते हैं कि शरणार्थी के दर्जे वाले इन अवैध घुसपैठियों को भारत के एक नागरिक वाली हर सुविधा इन्हें मुफ्त में मिले। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क (एचआरएलएन) के संस्थापक हैं। यह सामाजिक-कानूनी सूचना केंद्र के तत्वावधान में काम करता है। इसे पहले जॉर्ज सोरोस के एनजीओ से फंड मिल चुका है। एचआरएलएन ने जिन प्रयासों में भाग लिया है, उनमें इस्कॉन के अक्षय पात्र के खिलाफ अभियान, भारतीय राजद्रोह कानूनों के खिलाफ अभियान और भारत में रोहिंग्या मुस्लिमों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना शामिल है। यह आरटीई अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए सक्रियता में भी शामिल रहे हैं जो हिंदू-संचालित संस्थानों के खिलाफ काम करता है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि गोंसाल्वेस के एनजीओ को 2020 के एंटी-सीएए दंगाइयों का अदालतों में बचाव करने के लिए चार यूरोपीय चर्चों से 50 करोड़ रुपए भी मिले। इसके अलावा, एचआरएलएन देश भर में कई ऐसे संगठनों से भी जुड़ा हुआ है जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करना चाहते हैं।सिद्धि सोमानी की रिपोर्ट के अनुसार रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स एनिशिएटिव की स्थापना साल 2017 में पंजीकृत किया गया था। इसे ग्लोबल स्टेटलेसनेस फंड से धन प्राप्त होता है।

जीएसएफ नीदरलैंड स्थित इंस्टीट्यूट ऑन स्टेटलेसनेस एंड इंक्लूजन की एक परियोजना है। इन्हें दुनिया भर में सत्ता गिराने के लिए कुख्यात हो चुके जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से धन प्राप्त होता है।

स्वस्थ्य उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है! कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति !कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों क्रे स्वास्थय, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास,गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं। साथियों बात अगर हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो ,परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था , उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो,पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमज़ोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में !इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें,बल्कि फलते- फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं,जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है। बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके,डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है।उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें।स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं।इन सीमाओं के बावजूद उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए,डब्लूएचओ बचपन की बीमारी के एकीकृत प्रबंधन के निरंतर कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है। निमोनिया, दस्त,मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैंः स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार।प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है। साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं।बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीकों, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है, तो उन्हें लाभ होता है। दूसरों की देखभाल करने के लिए उन्हें खुद को अच्छा महसूस करने की आवश्यकता होती है और इसलिए, देखभाल करने वाले के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करना उन सेवाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो बच्चों के स्वस्थ विकास और विकास का समर्थन करती हैं। साथियों बात अगर हम भारत मैं प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की करें तो बच्चों सहित युवाओं का शरीर स्वस्थ तभी होगा जब उसे जरूरी मात्रा में पौष्टिक तत्व मिलते रहेंगे, लेकिन आज के दौर में लगभग सभी उम्र के लोगों में अनहेल्दी फूड हैबिट्स काफी ज्यादा बढ़ गई है।

शादी की भेंट चढ़ता प्रतिभावान महिलाओं का कैरियर

शैली माथुर

भले ही आज शादी के बाद लड़कियों से पहले जैसी अपेक्षाएं नहीं रखी जातीं लेकिन कुछ महिलाएं आज भी ससुराल में जद्दोजहद करती हुई पाई जाती हैं। शादी के बाद लड़कियों पर जिम्मेदारी होती है कि वे सास-ससुर की सेवा करें। उनको खुश रखें। रिश्तेदारों के साथ निभाने की जिम्मेदारी भी उन पर ही होती है। इससे उनका काम कई गुना बढ़ जाता है। जो लड़कियां शादी के बाद नौकरी करती भी हैं तो उनको पहले से तीन गुना काम करना पड़ता है। उस समय वो जवान होती हैं, उनका शरीर अच्छे से काम करता है इसलिए हर जिम्मेदारी निभाती रहती हैं लेकिन चालीस की उम्र के बाद उनको कई शारीरिक परेशानियां होने लगती हैं। परिवार का साथ नहीं मिलता तो पचास की उम्र तक आते-आते उनको अपने कैरियर का त्याग करना पड़ता है क्योंकि अपनी शारीरिक परेशानियों की वजह से वो तनाव में रहने लगती हैं। जिसका असर ऑफिस में उनके काम पर पड़ने लगता है। जितना काम वो पहले कर रही होती हैं, उतना नहीं कर पातीं। जाहिर है, इससे कंपनी को परेशानी होगी ही।

बार-बार छुट्टियां करने से भी कंपनी को उनसे दिक्कत होने लगती है। इन दिक्कतों के चलते कुछ लड़कियों को अपनी नौकरी छोड़नी पड़ती है। डिटेक्टिव गुरू राहुल राय गुप्ता कहते हैं, "हाल ही में हमने अतुल सुभाष का केस देखा। इंटरनेट पर पत्नी पीड़ितों की बाढ़ आ गई। हर कोई महिलाओं को दोषी ठहरा रहा है। मैंने भी इस पर कई बार बात की है और तीखी प्रतिक्रिया दी है लेकिन मैं अपने आसपास कई ऐसी महिलाएं भी देखता हूं, जो बहुत प्रतिभाशाली हैं, बहुत कुछ करने की ताकत रखती हैं लेकिन शादी के बाद उनकी वो ताकत कहीं खो जाती है। पूरे घर परिवार की जिम्मेदारी उन पर आ जाती है। हमने कभी नहीं सुना कि शादी के बाद किसी लड़के को अपने कैरियर का त्याग करना पड़ा। आजकल एक-दो मिसाल ऐसी सुनने को जरूर मिलती है कि पत्नी के साथ रहने के लिए पति ने अपना ट्रांसफर करवा लिया या जहां पत्नी का ट्रांसफर हुआ, वहां उसके साथ जाने के लिए पति ने अपनी नौकरी छोड़ दी। इन मिसालों को छोड़कर ज्यादातर केसेज में लड़कियों को ही अपने कैरियर का बलिदान देना पड़ता है। मेरे पास ऐसे कितने ही केस आते हैं, जहां बड़ी पोस्ट पर होने के बावजूद लड़कियों के साथ बदसलूकी होती है। वो अपनी जिम्मेदारियां निभाती रहती हैं और पति का अफेयर कहीं और चल रहा होता है। फिर भी पति, सास-ससुर, यहां तक कि उसके अपने पेरेंट्स, उसे ही महत्वाकांक्षी बताकर कटघरे में खड़ा कर देते हैं।"

कब बदलेगी हमारी सोच

आज लड़कियां हर क्षेत्र में सफल हो रही हैं। बड़े-बड़े पदों पर हैं लेकिन फिर भी कुछ लोगों की सोच नहीं बदली है। वो लड़कियों को कमतर ही समझते हैं। घर में लड़की पैदा होने पर मातम मनाते हैं। कम लोग हैं, जिनके घर में बेटी के जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं। ढोल बजाए जाते हैं। मिठाईयां बांटी जाती हैं। कई घरों में आज भी केवल लड़कियों को ही घरेलू काम सिखाए जाते हैं। उनको बताया जाता है कि वो पढ़ाई न करके रसोई का काम करें। आखिर में वही उनके काम आएगा। कुछ घरों में कई पीढ़ियों तक यही सब चलता रहता है। लड़कियों को अपना टैलेंट दिखाने का मौका तक नहीं दिया जाता। ऐसा समाज की गली-सड़ी सोच के कारण ही होता है। केवल ससुराल वाले ही नहीं, लड़की के पेरेंट्स और भाई-बहन भी यही सोचते हैं कि ससुराल में जाकर उसे काम तो करना ही पड़ेगा। ये तो उसकी ड्यूटी है। इसी पुरानी सोच के कारण ही बहुत-सी लड़कियां हार मान लेती हैं। वो पहले पेरेंट्स से और बाद में ससुराल वालों से लड़ते-लड़ते थक जाती हैं। फिर एक दिन ऐसा आता है कि वो खुद को उसी माहौल में ढाल लेती हैं। घर में रहकर सारी जिम्मेदारियां निभाते हुए जिंदगी गुजारती हैं।

इसमें कोई बुरी बात नहीं है लेकिन ऐसा उनकी मर्जी से होना चाहिए। फेमस टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने अपनी मर्जी से टीवी का कैरियर छोड़ा और घर पर रहने लगीं। उन्होंने बिग बॉस का शो भी जीता था। अब वो घर पर रहकर ही अपने ब्लॉग बनाती हैं। उनको एड भी मिलते हैं। तो ये कह सकते हैं कि वो घर से काम कर रही हैं, अपनी मर्जी से, अपनी खुशी से लेकिन उनको ऐसी कितनी ही कमेंट्स मिलती हैं कि उन्होंने अपना बुरा हाल बना रखा है। उसके पति शोएब को लोग कहते हैं कि इतनी अच्छी और प्रतिभावान एक्ट्रेस को नौकरानी बना दिया है। कितनी बार दीपिका और शोएब को इसका जवाब देना पड़ता है क्योंकि इतने जहरीले कमेंट पढ़कर उनको लगता है कि लोगों को जवाब दिया जाए। दीपिका ने अपने कई इंटरव्यूज में बताया भी है कि वो हमेशा से ही हाउसमेकर बनना चाहती थी। लेकिन वो हाउसमेकर के साथ-साथ बिजनेसवूमैन भी है, जो घर संभालते हुए अच्छा-खासा पैसा कमा रही हैं।

मुफ्त की राजनीतिः लोकतंत्र पर बोझ या जनकल्याण ?

डॉ ब्रजेश मिश्र

राजनीति एक पावन शब्दावली है। बिना राजनीति के कुछ भी संभव नही है। लोकतंत्र में इसका महात्म्य इस कारण और बढ़ जाता है क्योंकि बिना प्रतिकार के लोकतंत्र अधूरा है। राजनीति इसी कारण रोचक है क्योंकि लोगों में असहमति है। इस असहमति को व्यक्त करने की संस्था है राजनीतिक दल। यह असहमति देश की प्रगति के लिए जरूरी है किन्तु जब यही स्वार्थ के वशीभूत हो जाती है तो घातक साबित होती है। दुर्भाग्यवश भारतीय राजनीति में राजनीतिक दलों के द्वारा अपनी स्वार्थपरायणता के चलते सामान्यतः 'मुफ़्त की राजनीति' का दौर प्रचलित हो गया है। इसका उदाहरण अभी विगत सप्ताह सम्पन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में देखने को खूब मिला है। क्या कांग्रेस, क्या आप और अब तकरीबन 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता सम्हालने जा रही भाजपा, सभी ने अपने घोषणा पत्र में 'मुफ़्त की रेवड़ी बाटने' का वादा किया था। भारतीय राजनीति में यह एक सामान्य परिघटना है। मुफ्तखोरी की राजनीति का इतिहास काफी लंबा है। 1967 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से इसकी शुरूआत हुई जब द्रमुक ने एक रुपये में डेढ़ किलो चावल देने का वादा किया फिर तो धीरे-धीरे इस प्रवृत्ति ने पूरे देश में अपना पाँव जमा लिया। संप्रति यह आम चुनाव (लोकसभा) का भी हिस्सा बन गई है। 12 फरवरी 2025 को सर्वोच्च न्यायालय की एक तल्ख टिप्पणी से यह देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की बेंच ने शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से पूछा कि कि मुफ्त राशन और अन्य सुविधाओं के कारण लोग काम करने से बच रहे हैं,क्या ऐसी योजनाओं से समाज में परजीवियों की संस्कृति नहीं पनप रही है? सुप्रीम कोर्ट के द्वारा मुफ्त योजनाओं पर सवाल उठाना कोई नई बात नहीं है, इसके पूर्व भी क्रमशः अक्टूबर 2024 और दिसंबर 2024 में कोर्ट ने इस प्रकार के प्रश्न किए हैं। अक्टूबर 2024 में उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर पूछा था कि चुनाव से पहले मुफ्त योजनाओं की घोषणा को रिश्वत क्यों न माना जाए। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में भी कोर्ट ने मुफ्त राशन वितरण पर टिप्पणी की थी और सरकार से रोजगार सृजन पर ध्यान देने को कहा था। 2013 में भी मुफ्त उपहारों की इस राजनीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से राजनीतिक पार्टियों से चर्चा कर चुनावी घोषणा पत्रों के लिए प्रभावी दिशानिर्देश तय करने का दिशा निर्देश जारी करने को कहा था। हालांकि इस प्रकार के दर्जनों उदाहरण मिल जाएंगे लेकिन राजनीतिक दलों के चरित्र में लेशमात्र भी बदलाव नही दिखता है वरन् आजकल तो राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में मुफ़्त की घोषणाओं की बाढ़ सी आ गई है। सबसे मजेदार बात यह है कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवड़ी संस्कृति की आलोचना करते हुए इसे देश के विकास के लिए खतरनाक बताए जाने के बावजूद भाजपा सहित अन्य दल भी इस प्रवृत्ति का अनुसरण कर रहे हैं।

फाल्गुन माह का पहला संकष्टी चतुर्थी व्रत

दि धर्म में संकष्टी चतुर्थी व्रत का विशेष महत्व है। संकष्टी चतुर्थी का अर्थ होता है संकट से मुक्ति मिलना। बता दें कि प्रत्येक महीने के कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्षों की चतुर्थी को भगवान गणेश की पूजा का विधान है। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी जबकि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। चतुर्थी तिथि के दिन व्रत रख रात को चंद्रोदय के समय व्रत का पारण किया जाता है।

फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्थी को द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। संइस दिन गणपति भगवान के द्विजप्रिय गणेश स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने से पार्वती नंदन गणेश जी की खास कृपा प्राप्त होती है। तो आइए जानते हैं कि फाल्गुन माह का पहला संकष्टी चतुर्थी का व्रत कब रखा जाएगा और पूजा का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।

द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी व्रत मुहूर्त 2025

फाल्गुन माह का पहला संकष्टी चतुर्थी यानी द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी व्रत 16 फरवरी को रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि प्रारंभ 15 फरवरी को रात 11 बजकर 52 मिनट पर होगा। चतुर्थी तिथि समाप्त 17 फरवरी को रात 2 बजकर 15 मिनट पर होगा। संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय का समय 9 बजकर 51 मिनट रहेगा।

द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी व्रत महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना करने से जीवन में आने वाली समस्त प्रकार की विघ्न-बाधाएं दूर हो जाती है। संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने से जातक के सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है और उसके वन में चल रही सभी समस्याओं का समाधान निकलता है।

इस मूलांक की लड़कियों से शादी करते ही खुल जाती है पति की किस्मत

लकी होती हैं ऐसी महिलाएं

मूलांक की गणना जन्म तारीख के जोड़ से होती है। ज्योतिष की मानें तो मूलांक से किसी भी व्यक्ति और प्रभाव का पता लगाया जा सकता है। मूलांक के आधार पर महिलाओं के स्वभाव, भाग्य, और जीवन की कई बातें पता चलती हैं। महिलाओं के मूलांक का असर सिर्फ उस पर ही नहीं बल्कि उसके पति पर भी पड़ता है। आज बात करते हैं ऐसे ही मूलांक वाली लड़कियों की जो अपने पति के लिए काफी लकी होती हैं। अगर किसी लड़की का जन्म किसी भी महीने की 6, 15 या 24 तारीख को हुआ हो तो उसका मूलांक 6 होगा। वहीं, अगर जन्म 8, 17 या 26 तारीख को हुआ हो तो उसका मूलांक 8 होगा। ये दो मूलांक वाली लड़कियां अपने पति के लिए काफी लकी साबित होती हैं।

मूलांक 6 वाली लड़कियां

ये लड़कियां बहुत आकर्षक, स्टाइलिश और सुंदर होती हैं। इन्हें साफसुथरे और अच्छे कपड़े पहनने का शौक होता है। ये कला, फैशन, संगीत और ग्लैमर इंडस्ट्री में रुचि रखती हैं। इनमें एक प्राकृतिक करिश्मा होता है, जिससे लोग इनकी ओर खिंचे चले आते हैं।

रोमांटिक होती हैं ये लड़कियां

मूलांक 6 वाली लड़कियां रोमांटिक और भावनात्मक होती हैं और रिश्तों को लेकर बहुत गंभीर रहती हैं।इन्हें जीवन में सुखसुविधाएं पसंद होती हैं और ये ऐशोआराम की चीजों को महत्व देती हैं।कभीकभी ये जरूरत से ज्यादा खर्च कर देती हैं, जिससे इन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

मूलांक 6 का करियर और सफलता

ये फिल्म, फैशन डिजाइनिंग, मीडिया, होटल मैनेजमेंट, ब्यूटी और संगीत जैसे क्षेत्रों में अच्छा कर सकती हैं।नेतृत्व क्षमता अच्छी होती है और बिज़नेस में भी सफल हो सकती हैं।

रिश्ते और प्यार

ये अपने पार्टनर से बहुत उम्मीदें रखती हैं और उनके लिए समर्पित होती हैं। इनका प्यार गहरा होता है, लेकिन कई बार जरूरत से ज्यादा भावुक हो सकती हैं।इन्हें उन लोगों से जल्दी प्यार हो जाता है जो इनके प्रति आकर्षण दिखाते हैं। इस मूलांक की लड़कियां अपने पति के लिए काफी लकी साबित होती हैं।

लकी चीजें

लकी नंबर – 6, 15, 24, लकी कलर – गुलाबी, सफेद, क्रीम, लकी स्टोन – डायमंड और ओपल

मूलांक 8 वाली लड़कियां (शनि ग्रह का प्रभाव)

ये लड़कियां बहुत मजबूत इरादों वाली और मेहनती होती हैं।इनका जीवन संघर्ष से भरा हो सकता है, लेकिन ये कभी हार नहीं मानतीं।इन्हें अपना लक्ष्य पाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन सफलता पाने के बाद ये बहुत प्रभावशाली बन जाती हैं।ये समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहती हैं। कई बार ये बहुत गम्भीर और रूखी भी लग सकती हैं, लेकिन अंदर से इनका दिल बहुत साफ होता है। इन्हें अपना स्पेस पसंद होता है और ये बहुत ज्यादा सोशल नहीं होतीं।

करियर और सफलता

ये राजनीति, लॉ, प्रशासन, इंजीनियरिंग, रिसर्च, और बैंकर जैसे क्षेत्रों में अच्छा कर सकती हैं।अपनी मेहनत के बल पर बड़े बिज़नेस या उच्च पदों तक पहुंच सकती हैं।

रिश्ते और प्यार

ये प्यार में बहुत वफादार होती हैं, लेकिन अपने इमोशन्स को आसानी से जाहिर नहीं कर पातीं। इन्हें ऐसे लोग पसंद आते हैं जो गंभीर और स्थिर विचारों वाले होते हैं।कई बार ये रिश्तों में बहुत सतर्क रहती हैं और आसानी से किसी पर भरोसा नहीं करतीं। 8 मूलांक वाली लड़कियां अपने पति के लिए काफी लकी और ईमानदार होती हैं।

घर में इन 4 जगहों पर भूलकर भी ना रखें डस्टबिन

आर्थिक युग में हर किसी की चाहत होती है तो उसकी जेब हमेशा भरी रहे। लेकिन, जीवन में कई बार ऐसा होता है कि पैसों की तंगी से रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि धन उपार्जन के लिए मेहनत के साथ-साथ कुछ उपाय भी किए जाएं, जिससे कि घर में सकारात्मक ऊर्जा के साथ-साथ परिवार में खुशहाली बनी रहे। वास्तु शास्त्र के जानकार बताते हैं कि घर में कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर डस्टबिन भूल से भी नहीं रखना चाहिए।

पूजा-मंदिर के आसपास

अधिकांश घरों में लोग दीवार पर लकड़ी का मंदिर लगाते हैं। ऐसा में इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि मंदिर के नीचे डस्टबिन न रहे। वहीं, जिस जिस कमरे में

पूजा घर है, वहां भी डस्टबिन रखने से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे वास्तु दोष उत्पन्न होता है, जिससे आर्थिक जीवन प्रभावित होता है।

पूरब दिशा में

जिस दिशा में सूर्य उदय होता है, उसे पूरब कहते हैं। वास्तु शास्त्र की मानें तो इस दिशा से सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती रहती है। ऐसा में अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में हमेशा सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे तो ऐसे में इस दिशा में भूलकर भी डस्टबिन ना रखें। वास्तु शास्भ के जानकार बताते हैं कि पूर्व दिशा में डस्टबिन रखने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं इस दिशा में कूड़ेदान रखने से धन-संचय करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

उत्तर-पूर्व दिशा में

वास्तु शास्त्र के नियम के मुताबिक, घर की उत्तर-पूर्व दिशा में डस्टबिन कभी नहीं रखना चाहिए। दरअसल, इस दिशा में धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में अगर कोई इस दिशा में कूड़ेदान रखता है तो आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

मुख्य द्वार पर

शास्त्रों के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर द्वारपाल देवता का वास होता है। ऐसे में इस स्थान पर डस्टबिन रखना वास्तु नियम के विरुद्ध है। मुख्य द्वार पर कूड़ेदान रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ने लगता है। ऐसे में कूड़ेदान को कभी भी मुख्य द्वार पर नहीं रखना चाहिए।

कहां रखें डस्टबिन?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में डस्टबिन रखने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान दक्षिण-पश्चिम की दिशा है। इस दिशा में कूड़ेदान रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं आती है। इस दिशा में कूड़ेदान रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

धन प्राप्ति होने से पहले मिलते हैं ये 5 विशेष संकेत माता लक्ष्मी की कृपा बरसते ही शुरू हो जाते हैं अच्छे दिन

वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ ऐसे संकेत होते हैं, जिन्हें जीवन की सकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है। ये संकेत बताते हैं कि आपको जीवन में धन प्राप्ति होने वाली है। यह संकेत आपकी सुख-समृद्धि के भी प्रतीक होते हैं। जैसे किसी गाय को रोटी खाते हुए देखना भी शुभ माना जाता है। विशेषकर सुबह-सुबह गाय को रोटी खाते देखना जीवन के दुख भरे या कष्टकारी दिन खत्म होने का संकेत माना जाता है। इसके अलावा भी और भी ऐसे विशेष संकेत हैं, जिन्हें धन प्राप्ति से जोड़कर देखा जाता है। आइए, जानते हैं लक्ष्मी प्राप्ति के विशेष संकेत।

भृकुटी या बाजू के बीच का हिस्सा फड़कना

ज्योतिष शास्त्र में इस संकेत को भी धन प्राप्ति से जोड़कर देखा जाता है। खासकर अगर सुबह उठते ही या शाम के समय आपकी भृकुटी यानी भौंह, (आख के ऊपर की हड्डी पर के बाल) फड़कते हुए महसूस होते हैं, तो समझ जाएं कि आप पर माता लक्ष्मी की कृपा होने वाली है।

सपने में कमल का फूल दिखना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार हर सपने का कोई न कोई अर्थ जरूर होता है इसलिए सपने में कमल का फूल दिखना भी भाग्योदय का संकेत है। माता लक्ष्मी कमल के फूल में विराजमान होती हैं। माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने लिए उन्हें कमल का फूल अर्पित किया जाता है इसलिए अगर आपको सपने में कमल का फूल दिखाई दे, तो समझ लें कि आपको भविष्य में धन प्राप्ति होने वाली है।

घर में तोते का आना

तोते को धन के देवता कुबेर से जोड़कर देखा जाता है। वहीं, तोते का संबंध माता लक्ष्मी से भी माना जाता है। ऐसे में अगर आपके घर में तोता आए, तो आपको खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए क्योंकि तोता इस बात का सूचक है कि आपके घर से आर्थिक तंगी दूर होने वाली है और लक्ष्मी माता की कृपा आप पर बरसने वाली है।

घर में उल्लू का आना या नजर आना

उल्लू माता लक्ष्मी का वाहन होता है इसलिए ऐसा माना जाता है कि अगर आपके घर में उल्लू आता है या फिर आप उल्लू को कहीं पर बैठा देखते हैं, तो यह आपके लिए संकेत है कि आपके जीवन में धन संबंधी संकट का अंत होने वाला है और भविष्य में आपकी आमदनी बढ़ेगी। उल्लू को किसी पहर भी देखना धन प्राप्ति का बड़ा संकेत माना जाता है।

शंख की ध्वनि सुनाई देना

आपको अगर सुबह उठते ही कहीं से शंख की आवाज सुनाई दे, तो आपको समझ जाना चाहिए कि यह ध्वनि आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने का संकेत है। शंख समुद्र से निकला है इसलिए शंख को बहुत ही पवित्र रत्न की तरह माना जाता है। माता लक्ष्मी का संबंध भी शंख से माना जाता है क्योंकि माता लक्ष्मी भी समुद्र से उत्पन्न हुई हैं।

रात में नींद न आना यूं ही नहीं, हो सकता है वास्तु व ज्योतिष कारण

1. पानी का लौटा: सोने से पहले सिरहाने तांबे के लोटे में पानी भरकर रखें। सुबह उठकर इस पानी को पौधों में डाल दें या बहते पानी में प्रवाहित कर दें। यह उपाय मानसिक तनाव को दूर करता है और नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है। इससे नींद में सुधार होता है और मन को शांति मिलती है।

2. कपूर जलाएं: रात को सोने से पहले कमरे में कपूर जलाने से वातावरण शुद्ध होता है और नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है। कपूर की खुशबू मन को शांति देती है और नींद में सुधार करती है। इसके अलावा यह आपके घर के वास्तु दोष को भी दूर करने में सहायक है।

3. सकारात्मक सोच: सोने से पहले अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। अपने लक्ष्य, सपनों और खुशियों के बारे में सोचें। नकारात्मक विचारों को दूर रखें क्योंकि सोने से पहले का समय अवचेतन मन के लिए अत्यंत प्रभावशाली होता है। सोने से पहले अपने ईष्ट देव का ध्यान करें और प्रार्थना करें, इससे मानसिक शांति प्राप्त होती है।

अन्य उपाय:

1. सोने का समय निर्धारित करें: हर दिन एक निश्चित समय पर सोने और जागने की आदत डालें। यह आपके जैविक घड़ी को संतुलित करता है और अनिद्रा की समस्या को कम करता है।

2. इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूरी: सोने से कम से कम 30 मिनट पहले मोबाइल, लैपटॉप, या टीवी का उपयोग न करें। इनसे निकलने वाली नीली रोशनी मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखती है और नींद में बाधा डालती है।

3. हल्का भोजन करें: रात के भोजन में हल्के और सुपाच्य आहार को शामिल करें। तैलीय, मसालेदार, या भारी भोजन से परहेज करें क्योंकि यह पाचन क्रिया को प्रभावित करता है और नींद में रुकावट उत्पन्न करता है।

4. ध्यान और योग: रोजाना ध्यान और प्राणायाम करने से मन को शांति मिलती है और अनिद्रा की समस्या कम होती है। विशेष रूप से अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम नींद के लिए लाभकारी हैं।

हनुमान जी जब ब्रह्मचारी थे तो कैसे हुआ उनका पुत्र मकरध्वज?

हनुमान जी ने अपना संपूर्ण जीवन भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित किया और सदैव उनकी रक्षा के लिए तत्पर रहे। वे बाल ब्रह्मचारी माने जाते हैं, लेकिन यह जानकर आश्चर्य होगा कि उनका एक पुत्र भी था। वाल्मीकि रामायण में हनुमान जी के पुत्र मकरध्वज के जन्म का उल्लेख मिलता है। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि अगर हनुमानजी बाल ब्रह्मचारी थे, तो वे पिता कैसे बने? आइए जानते हैं इस रहस्यमयी कथा के बारे में।

कैसे हुआ मकरध्वज का जन्म?

मकरध्वज ना सिर्फ हनुमान जी के समान दिखते थे, बल्कि बल, पराक्रम और शक्ति में भी उनके जैसा ही थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मकरध्वज का जन्म हनुमान जी के पसीने की बूंद से हुआ था। जब हनुमान जी ने लंका दहन के बाद अपनी जलती हुई पूंछ बुझाने के लिए समुद्र में छलांग लगाई, तो उनके अत्यधिक तप्त शरीर से पसीने की कुछ बूंदें समुद्र में गिर गईं।

उस समय एक विशाल मकर (मछली) ने उस पसीने की बूंद को निगल लिया। उसी के प्रभाव से वह मछली गर्भवती हो गई और उसके गर्भ से मकरध्वज का जन्म हुआ। बाद में, जब अहिरावण के मछुआरों ने उस मछली को पकड़ा और काटा, तो उसके पेट से एक वानर आकृति का बालक निकला। अहिरावण ने ही उसका पालन-पोषण किया और उसे पातालपुरी का द्वारपाल बना दिया।

राम-लक्ष्मण का अपहरण और हनुमान जी की पाताल यात्रा

जब रावण ने माता सीता का अपहरण कर उन्हें अशोक वाटिका में बंदी बना लिया, तब राम-रावण युद्ध हुआ। इसी दौरान रावण के सहयोगी अहिरावण ने छलपूर्वक भगवान राम और लक्ष्मण को बंदी बनाकर पाताल लोक ले गया। जब राम-लक्ष्मण अचानक गायब हो गए, तो वानर सेना में चिंता छा गई। विभीषण ने यह रहस्य उजागर किया कि अहिरावण उन्हें पाताल लोक ले गया है।

हनुमान जी अपने प्रभु को खोजते हुए पाताल लोक पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि सात द्वारों पर पहरेदार खड़े थे। हनुमान जी ने सभी द्वारपालों को पराजित कर दिया, लेकिन अंतिम द्वार पर एक बलशाली वानर पहरा दे रहा था।

जब हनुमान जी का मकरध्वज से हुआ सामना

हनुमान जी को अपनी ही समान आकृति का बलशाली योद्धा देखकर आश्चर्य हुआ। उन्होंने उससे पूछा- तुम कौन हो? इस पर उस योद्धा ने उत्तर दिया- मैं परम पराक्रमी पवनपुत्र हनुमान का पुत्र मकरध्वज हूं। यह सुनते ही हनुमान जी क्रोधित हो गए और बोले- ₹मैं तो बाल ब्रह्मचारी हूं, फिर तुम मेरे पुत्र कैसे हो सकते हो?

इस पर मकरध्वज ने उन्हें अपने जन्म की पूरी कथा सुनाई। हनुमान जी को अहसास हुआ कि वह सच कह रहा है। उन्होंने मकरध्वज को बताया कि वह भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को मुक्त कराने के लिए पातालपुरी आए हैं।

पिता-पुत्र का मल्लयुद्ध

मकरध्वज ने कहा कि वह अपनी कर्तव्यनिष्ठा के कारण किसी को भी पातालपुरी में प्रवेश नहीं करने देगा। अगर हनुमान जी को अंदर जाना है, तो उन्हें युद्ध करना होगा। तब पिता-पुत्र के बीच घमासान मल्लयुद्ध हुआ। अंत में, हनुमान जी ने अपनी चतुराई से मकरध्वज को उसकी ही पूंछ में लपेटकर पराजित कर दिया और पातालपुरी में प्रवेश कर गए।

पातालपुरी के राजा कैसे बने मकरध्वज

हनुमान जी ने पातालपुरी के भीतर जाकर अहिरावण का वध कर दिया और राम-लक्ष्मण को मुक्त कराया। जब वे बाहर आए, तो भगवान श्रीराम ने मकरध्वज के बारे में पूछा। हनुमान जी ने पूरी कथा सुनाई। श्रीराम मकरध्वज की निष्ठा और वीरता से प्रभावित हुए और उसे पातालपुरी का राजा नियुक्त कर दिया।

'दबिड़ी दिबिड़ी' गाने की आलोचना पर बोलीं उर्वशी रौतेला



मैंने कुछ असामान्य नहीं किया, सोचा नहीं था कि इतनी ट्रोलिंग होगी

उर्वशी रौतेला हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज में नजर आई थीं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म के गाने दबिड़ी दिबिड़ी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा था कि इसे पॉजिटिव लिया जाएगा। लेकिन लोगों के रिएक्शन से वह खुद हैरान थीं। दरअसल, इस गाने के डांस मूव्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी।

उर्वशी ने कहा कि दबिड़ी दिबिड़ी गाना खास तौर पर नंदामुरी बालकृष्ण के फैंस के लिए बनाया गया। इसके बोल भी उन्हीं के विचारों के अनुसार लिखे गए हैं।

उर्वशी ने कहा, 'जब आप मेरी रिहर्सल की वीडियो देखते हैं, तो सब कुछ बहुत अच्छे से हुआ था। यह बिल्कुल वैसे ही था जैसे आमतौर पर किसी भी गाने की कोरियोग्राफी की जाती है। मैं मास्टर शेखर के साथ काम कर रही थी, जिनके साथ मैंने पहले भी तीन बार काम किया है। मैंने कुछ असामान्य भी नहीं किया था।'

उर्वशी ने कहा, 'रिहर्सल के दौरान सब कुछ सही और आसान था। लेकिन सच बताऊं सब कुछ इतनी जल्दी हो गया कि यह समझना मुश्किल हो रहा था कि लोग कोरियोग्राफी के बारे में इस तरह क्यों बात कर रहे हैं। हमें नहीं पता था कि इसे इस तरह लिया जाएगा, क्योंकि रिहर्सल में सब कुछ प्लान के अनुसार हुआ था। एक टीम के रूप में हमें सच में ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी।'

12 जनवरी को रिलीज हुई थी फिल्म

बता दें, फिल्म डाकू महाराज 12 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म में नंदामुरी बालकृष्ण, उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल और दुलकर सलमान नजर आए थे। जैसे ही इस फिल्म का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ, तो कई यूजर्स गाने की कोरियोग्राफी और डांस स्टेप देखकर भड़क गए थे।

अर्जुन ने की एक्स-गर्लफ्रेंड मलाइका की तारीफ

एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस पर बोले- मेरी बोलती सालों से बंद है, अभी भी चुप रहना बेहतर

अर्जुन कपूर अपकमिंग फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी के प्रमोशन में रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर में पहुंचे। शो की जज मलाइका अरोड़ा ने अपने हिट गानों पर एक परफॉर्मेंस दी, जिसकी तारीफ में अर्जुन बोले- मेरी बोलती तो सालों पहले ही बंद हो चुकी है।

शो के इस एपिसोड का एक प्रोमो सामने आया है। प्रोमो में देखा गया है कि मलाइका ने बाकी कंटेस्टेंट के साथ डांस किया। परफॉर्मेंस के बाद सभी ने उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। फिर अर्जुन से पूछा गया कि उन्हें यह सब कैसा लगा। जवाब में एक्टर ने कहा- मेरी बोलती बंद हो चुकी है सालों से। मैं अभी भी चुप ही रहना चाहता हूं।

अर्जुन ने की मलाइका की तारीफ

अर्जन ने कहा- लेकिन मैं इतना कहना चाहूंगा कि मेरे सारे फेवरेट गाने मुझे आज सुनने मिले हैं, जो मलाइका के करियर और लाइफ को दर्शाते हैं। यह फैक्ट है कि हम किसी ऐसे शख्स को ट्रिब्यूट दे रहे हैं जो अभी भी इतना कमाल कर रहा है। बधाई हो मलाइका। आप जानती हैं कि मुझे यह सभी गाने कितने पसंद हैं। आपको इस तरह से सेलिब्रेट करते हुए देखना अद्भुत है।

मलाइका के साथ 8 साल रिश्ते में रहे, फिर हुआ ब्रेकअप

फिल्म सिंघम अगेन के प्रमोशनल इवेंट में अर्जुन ने कंफर्म किया था कि वे मलाइका के साथ रिश्ते में नहीं हैं। इवेंट में अर्जुन से पब्लिक ने पूछा था कि मलाइका कैसी हैं तो अर्जुन ने जवाब दिया था कि मैं अभी सिंगल हूं, रिलैक्स करिए।

मलाइका अरोड़ा ने पहली शादी 1998 में अरबाज खान से की थी। 2016 में दोनों अलग हो गए थे जिसके कुछ वक्त बाद ही मलाइका ने अर्जुन को डेट करना शुरू कर दिया था। 2019 में एक इंस्टा पोस्ट के जरिए दोनों ने अपना रिश्ता ऑफिशियली कन्फर्म किया था। हालांकि करीब 8 साल बाद दोनों ने ब्रेकअप कर लिया।

म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी का एक्सीडेंट

म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी का एक्सीडेंट हो गया है। इस वजह से उन्होंने शेखर रवजियानी के साथ पुणे के म्यूजिक कॉन्सर्ट को पोस्टपोन कर दिया है। विशाल, शेखर रवजियानी के साथ 2 मार्च 2025 को पुणे में परफॉर्म करने वाले थे।

विशाल ने गुरुवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- मेरी किस्मत खराब थी। मेरा एक छोटा सा एक्सीडेंट हो गया। जल्द ही वापस आऊंगा। आप सभी को बताता रहूंगा। जल्द ही मिलेंगे पुणे!

इस कॉन्सर्ट के आयोजक जस्ट अर्बन की टीम का भी बयान सामने आया है। टीम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा- विशाल और शेखर का म्यूजिक कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है। हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है। विशाल ददलानी से जुड़ी एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के कारण मच-अवेटेड अर्बन शोज म्यूजिक प्रोग्राम को पोस्टपोन कर दिया गया है। विशाल का ट्रीटमेंट जारी है।

विशाल की टीम ने मांगी माफी

कॉन्सर्ट पोस्टपोन होने पर विशाल की टीम ने फैंस से माफी मांगी है। उन्होंने स्टेटमेंट जारी कर कहा- हम असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं। हम जल्द ही नई तारीख साझा करेंगे। सभी के टिकट के पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद। आगे के अपडेट के लिए बने रहें।

वैलेंटाइन डे पर ऋचा चड्ढा ने दिया फैंस को तोहफा इस फिल्म में आएंगी नजर; खुद लिखी ये प्रेम कहानी

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने आज वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल आखिरी सोमवार रखा गया है।

खुद लिखी फिल्म की कहानी

ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं।

कुछ ऐसी है कहानी

फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई 'चाइल्डिस कैट लेडी' कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है। ऋचा ने कहा, मिडिल क्लास पंजाबी परिवार में बड़े होने से मेरा एक्सपीरियंस ऐसा रहा। मेरे सभी बड़े कजिन ने अरेंज मैरिज की है। यह कहानी भी कुछ ऐसी ही है जो एक परिवार के इर्द गिर्द ही घूमती है, यह एक फैमली मूवी है, जो आपके साथ आपके परिवार को भी पसंद आएगी।

युवा सोच को लेकर दी अपनी राय

ऋचा ने कहा, जब हम कॉलेज से पास होते हैं, तो बहुत सारे सपने लेकर बाहर आते हैं। कोई नौकरी में जाता है कोई बिजनेस में। जब आप 30 के होते हैं तो एक नौकरी और परिवार दोनों की आशा रखते हैं, लेकिन समाज को लगता है कि बहुत देर हो चुकी है और आप थक जाते हैं क्योंकि ये सपने अब हासिल नहीं किए जा सकते। 'आखिरी सोमवार' भी एक ऐसी कहानी है जो पहले टूटने और फिर साथ आने की कहानी है।

निर्माता के तौर पर खास है कहानी

ऋचा ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में, मेरी कॉमिक टाइमिंग का बहुत कम उपयोग किया गया है। हालांकि, मार्केट के हिसाब से देखें तो यह फिल्म कमाई करने की खास कहानी है। फिल्म का निर्देशन कौन करेगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

विक्की कौशल का छावा में एक और दमदार अभिनय, क्लाइमेक्स जरूरत से ज्यादा वीभत्स

कलाकार : विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना , अक्षय खन्ना , आशुतोष राणा , नील भूपलम , विनीत सिंह , डायना पेंटी और दिव्या दत्ता आदि

लेखक : लक्ष्मण उतेकर , ऋषि विरमानी , कौस्तुभ सावरकर , उनमान बंकर , इरशाद कामिल और ओंकार महाजन

निर्देशक : लक्ष्मण उतेकर

निर्माता दिनेश विजन

ऐसा कम ही होता है मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में कि एक ही शुक्रवार को रिलीज हो रही दो बड़ी फिल्मों के प्रेस शोज एक समय पर ही रख दिए जाएं। लेकिन, यहां शायद मामला अहं के टकराव का ज्यादा था। मैडॉक फिल्म्स की फिल्में आमतौर पर जियो स्टूडियोज के साथ ही रिलीज होती रही हैं लेकिन उनकी इस नई फिल्म 'छावा' का जियो स्टूडियोज से कोई रिश्ता नहीं है। जियो स्टूडियोज का रिश्ता है उस दूसरी फिल्म 'कैप्टन अमेरिका:ब्रेव न्यू वर्ल्ड' से जो बनी तो मार्वल स्टूडियो के बैनर तले है लेकिन जिसे भारत में अब जियो के स्वामित्व में आ चुकी डिज्नी इंडिया ने रिलीज किया है। ऐसे अहं के टकराव सिनेमा में अभी और देखने को मिलेंगे क्योंकि वैलेंटाइंस डे के दिन से डिज्नी प्लस हॉटस्टार और जियो सिनेमा ऐप मिलकर अब जियो हॉटस्टार हो चुका है।

शंभू राजे के जीवनवृत्त पर बनी फिल्म

फिल्म 'छावा' को देखने की उत्सुकता किसी दर्शक में क्या हो सकती है, इस पर हर दर्शक की राय अलग अलग हो सकती है। सावधानी यहां ये बरतनी है कि वैलेंटाइंस डे मनाने अब अपनी प्रेमिका या प्रेमी के साथ ये फिल्म देखने न चले जाएं। मैं मुंबई में फन रिपब्लिक स्थित सिनेपोलिस में सुबह नौ बजे का शो देखकर बाहर निकला तो एक युवती गश खाकर बेंच पर बैठी हुई थी और अपने साथी पर भड़की हुई थी कि बिना बताए ऐसी फिल्म दिखाने क्यों ले आया? जी हां बड़ा जिगरा चाहिए इस फिल्म को आखिर तक देखते रहने का। फिल्म को देखने की महाराष्ट्र के लोगों की वजह तो यही है कि ये उनके पूज्य शिवाजी के बेटे संभाजी की कहानी है। शंभू राजे नाम से प्रसिद्ध संभाजी की बायोपिक को देखने का चाव सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में ही है, ऐसा इसकी एडवांस बुकिंग के आंकड़े बताते हैं।

नौ साल की कहानी, शिवाजी सावंत की जुबानी

मराठी में शेर के बच्चे को 'छावा' कहते हैं। अगर आपने शिवाजी सावंत के लिखे पौराणिक उपन्यास 'मृत्युंजय' और 'युगंधर' पढ़े हैं तो आप सचेत होंगे कि उनको तथ्य में अपना कथ्य घोल देने में महारत हासिल है। ऐसे में उनके लिखे ऐतिहासिक उपन्यास 'छावा' पर बनी इस फिल्में में कितना कथ्य उनका रहा, कितना फिल्म बनाने वालों ने डिस्क्लेमर के मुताबिक अपनी कल्पना से जोड़ा और कितने इसके तथ्य सही है, ये बताने वाला कोई नहीं है। संभाजी को पूरी फिल्म में बस लड़ते हुए दिखाया गया है। मारने में वह कोई मुरव्वत नहीं करते और लड़ने के लिए भेस भी खूब बदलते दिखे। औरंगजेब दिल्ली से निकला है संभाजी को पकड़ने। संभाजी को रायगढ़ की गद्दी मिली शिवाजी के शिवलोक जाने के बाद। संभाजी और औरंगजेब के नौ साल के जीवन पर ये फिल्म है। 1680 से लेकर 1689 के कालखंड की ये कहानी दुखांत है और दुखांत से ज्यादा वीभत्स है।

क्लाइमेक्स जरूरत से ज्यादा वीभत्स

जी हां, अपने बच्चों और घर की महिलाओं के साथ ये फिल्म देखने से पहले दो बार जरूर सोचें। पूरी फिल्म में मुख्य अभिनेता विक्की कौशल का वीर और रौद्र रूप दिखाने के बाद फिल्म क्लाइमेक्स में आकर कुछ कुछ वैसे ही वीभत्स रस की रचना करती है, जैसे कि फिल्म 'पैशन ऑफ क्राइस्ट'में ईसा मसीह को सूली पर लटकाकर उन्हें तिल तिल की यातना देने के समय परदे पर रची गई। औरंगजेब को यहां बेइज्जत करने के लिए औरंग के नाम से बार बार बुलाया जाता है। उसके बेटे अकबर को दिखाया जाता है कि वह संभाजी की मदद के लिए बार बार गुहार लगाता है। स्वराज का झंडा ऊंचा करने में वह भी संभाजी का साथ देना चाहता है। बस अपने पिता शहंशाह को कैद में मार देने वाला औरंगजेब उसकी राह का रोड़ा है। बेटी औरंगजेब से भी ज्यादा जालिम है जो कैद में आए संभाजी को तड़पा तड़पा कर मारने का आनंद लेती है।

संभाजी की पत्नी के भाइयों ने की गद्दारी

फिल्म का क्लाइमेक्स दो तीन बातें और बताता जाता है। पहली तो ये कि जीवन उतना ही है जितना हम जीना चाहते हैं और शान से जीना चाहते हैं। किसी के सामने घुटनों के बल गिड़गिड़ाने से अच्छी मौत है। तभी तो औरंगजेब की बेटी कहती है, वह अपनी मौत का जश्न मनाकर चला गया और छोड़ गया हमें अपनी जिंदगी का मातम मनाने को। दूसरी ये कि संभाजी की पत्नी के दोनों भाई गद्दार निकले और सिर्फ ये दोनों भाई ही नहीं, मराठा साम्राज्य के तमाम सूबेदारों ने भी संभाजी के साथ गद्दारी की। तीसरी बात जो बहुत कम लोगों को पता है, वह ये कि शिवाजी ने दूसरी शादी की। और, उनकी ये दूसरी पत्नी सोयराबाई किसी भी तरह संभाजी का खात्मा होते देखना चाहती थी और इसके लिए उन्होंने औरंगजेब तक को चिट्ठी लिख डाली थी।

विक्की कौशल का एक और दमदार अभिनय

फिल्म 'छावा' का जिक्र हर उस चर्चा में जरूर होगा जब बात विक्की कौशल के अभिनय की आएगी। विक्की को ऐतिहासिक किरदार करने का जो जुनून है और जिसके लिए वह अपने शरीर को, अपने रंग रूप को पूरी तरह बदल देते हैं, उसका फायदा इस बार निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने उठाया है जिनका नाम फिल्म में लक्ष्मण रामचंद्र उतेकर के रूप में परदे पर आता है। विक्की कौशल ने संभाजी के किरदार में उसी तरह जान फूंकी है जिस तरह वह इसके पहले सरदार उधम सिंह और सैम मानेकशॉ पर बनी बायोपिक में कर चुके हैं। एक और राष्ट्रीय पुरस्कार उनके खाते में इस फिल्म से जमा हो सकता है, लेकिन बस, फिल्म में जो कुछ है वही हैं। और, फिल्म 'छावा' उन मुख्य बिंदुओं पर ही बनी हैं, जहां जहां संभाजी को युद्धरत दिखाया गया है। संभाजी जब युद्ध नहीं कर रहे होते हैं तो या तो अपने बचपन की डरावनी यादें सपने में देखते मिलते हैं या फिर अपनी पत्नी येसुबाई के संग श्री और सखी श्री का वार्तालाप करते दिखते हैं।

रश्मिका मंदाना पर भारी पड़ीं दिव्या दत्ता

रश्मिका मंदाना ने एक मराठा महारानी येसूबाई का किरदार फिल्म 'छावा' में निभाया है। हिंसक पुरुषों की वह अब परमानेंट संगिनी बनती जा रही हैं। 'पुष्पा', 'एनिमल', 'पुष्पा 2' और अब 'छावा'। यहां उनके जिम्मे काम है युद्ध से लौटे राजा की आरती उतारने का, वह युद्ध पर जा रहा हो तो कुछ तुकबंदी करने का, उसे काला टीका लगाने का और डबडबाई आंखों से दर्शकों में करुण रस पैदा करने का।

हां, एक दृश्य उन्हें औरंगजेब की सेना को रसद की आपूर्ति में बाधा डालने के लिए आदेश देने का भी मिला है, लेकिन बस इतना ही। दिव्या दत्ता का किरदार फिल्म में उनसे ज्यादा जानदार है। शिवाजी की दूसरी पत्नी सोयराबाई बनीं दिव्या अपने बेटे को महाराज बनाने के लिए बेताब हैं। संभाजी आखिरी युद्ध मे जाते जाते उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं और डबडबाई आंखों से उनकी हर इच्छा पूरी होने की कामना करते हुए जाते हैं।

शो के लिए तगड़ी फीस वसूल रहे कपिल शर्मा सुनील ग्रोवर और कृष्णा को मिलेंगे इतने

कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने 'कपिल शर्मा शो' के जरिए काफी लोकप्रियता हासिल की है। टीवी के बाद ओटीटी पर भी इसे काफी पसंद किया गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसके दो सीजन आ चुके हैं और हाल ही में तीसरे सीजन का एलान हुआ है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के तीसरे सीजन के लिए कॉमेडियन काफी तगड़ी फीस वसूल रहे हैं। आइए जानते हैं।

प्रति एपिसोड इतने करोड़ रुपये

कपिल के शो में दर्शक एक बार फिर कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर को साथ देखकर काफी खुश हैं। इस बार शो के लिए कपिल शर्मा की फीस को लेकर कहा जा रहा है कि वे काफी अच्छी फीस ले रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो के पांच एपिसोड के लिए कपिल शर्मा करीब 26 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। यानी प्रति एपिसोड पांच करोड़ रुपये से भी ज्यादा रुपये उन्हें मिल रहे हैं।

सुनील ग्रोवर को कितनी फीस?

कपिल शर्मा के अलावा सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और अर्चना पूरन सिंह भी इस शो का हिस्सा हैं। हालांकि, किसी की फीस भी कपिल शर्मा के आसपास भी नहीं है। सुनील ग्रोवर को दर्शकों का काफी प्यार मिलता है और दर्शकों का एक वर्ग सिर्फ उन्हीं की वजह से यह शो देखता है। मगर, फीस की बात करें तो कहा जा रहा है कि उनकी फीस कपिल के मुकाबले पांच प्रतिशत भी नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुनील ग्रोवर को प्रति एपिसोड 25 लाख रुपये मिल रहे हैं।

अन्य कॉमेडियन को मिलेंगे इतने रुपये

सुनील ग्रोवर के अलावा अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक को प्रति एपिसोड करीब 10 लाख रुपये मिलने की खबर है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कीकू शारदा को सात लाख रुपये प्रति एपिसोड मिल रहे हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' नेटफ्लिक्स पर आएगा।

भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन में पंजाब सरकार, सीएम मान ने उठाया बड़ा कदम

चंडीगढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। सभी डीएम, एसडीएम, एसएसपी और एसएचओ को आदेश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार को किसी भी तरह रोकें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ ही एक्शन लिया जाएगा। वहीं, सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि पंजाब की जनता और विधायकों से फीडबैक लिया जाएगा। पंजाब में मान सरकार पूरी तरह से एक्टिव हो गई थी। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम अहम माना जा रहा है। दरअसल, सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी है कि अगर वह अपने एरिया में करप्शन पर कंट्रोल पाने में नाकामयाब हुए तो उनके खिलाफ ही एक्शन लिया जाएगा। इससे पहले भी पंजाब में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। करप्शन से निपटने के लिए एक व्हॉट्सएप नंबर भी जारी किया गया था, ताकि आम जनता शिकायत कर सके। यह नंबर जारी होने के बाद करप्शन के कई केस सामने आए और गिरफ्तारियां भी हुईं। पंजाब में दो साल बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वैसे तो पंजाब सरकार शुरुआत से ही भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्टिव है, लेकिन अब चुनाव नजदीक आने का असर भी पंजाब में दिखेगा। साल 2022 में आप सरकार बनने के बाद से विजिलेंस पूरी तरह सक्रिय दिखी। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई मीटिंग में अरविंद केजरीवाल ने विधायकों को जनता से सीधा कनेक्ट होने और मैदान में डटे रहने की सलाह दी थी, ताकि दिल्ली वाली गलती पंजाब में नहीं हो।

धूप के बीच फिर लौटने वाली है कड़ाके की ठंड? राजस्थान समेत आठ राज्यों में बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। देशभर में मौसम का मिजाज काफी तेजी से बदल रहा है। कुछ राज्यों में फरवरी में दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है। उत्तर भारत में धीरे-धीरे गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। ठंड खत्म हो चुकी है और अब दिन में तेज धूप खिलने से काफी गर्मी महसूस हो रही है। राजधानी दिल्ली में भी लोगों को काफी गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि ठंडी हवाओं के कारण हल्की ठंड का एहसास हो रहा है।

इन राज्यों में होगी बारिश

इस बीच पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में अगले 24 घंटे के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 15 फरवरी के दौरान अरुणाचल प्रदेश में गरज और बिजली के साथ छिटपुट से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अगले 24 घंटे के दौरान असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

राजस्थान में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान के कई जिलों में 15 से 17 फरवरी तक आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। राज्य के उत्तरी भागों में 16 फरवरी को कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

यहां पर बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग ने बताया कि अगले 2 दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। उत्तर प्रदेश में भी तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस गिर सकता है। इसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ सकता है। अगले 2-3 दिनों में पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और उसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना है।

घना कोहरे का अलर्ट

आईएमडी ने 15 फरवरी तक उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है।

दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम

15 फरवरी को दिल्ली में अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय कोहरा और दिन में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। हवा की गति 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रह सकती है।

झोपड़ी से निकलकर 7 स्टार होटल में ब्रेकफास्ट, मुंबई में मोनालिसा की लाइफ 360 बदल गई, लिखना सीख रही क ख ग

खरगोन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। महेश्वर की मोनालिसा मुंबई पहुंच गई है। झोपड़ी से निकली मोनालिसा की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई है। वह मुंबई में अब सेवन स्टार होटल में ब्रेकफास्ट कर रही है। इसके बाद अपने काम पर जा रही है। मोनालिसा ने डायरी मणिपुर फिल्म के लिए साइन की है। इसे लेकर मुंबई में उसकी ट्रेनिंग चल रही है। मुंबई में मोनालिसा की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई है। निर्देशक सनोज मिश्रा के साथ मोनालिसा सेवन स्टार होटल में ब्रेकफास्ट कर रही है। दरअसल, महेश्वर मोनालिसा का घर झोपड़ीनुमा है। झोपड़ी में ही वह अपने परिवार के साथ रहती थी। इसी झोपड़ी से अलग-अलग जगहों पर रुद्राक्ष का माला बेचने जाती थी। महाकुंभ में जाने के बाद मोनालिसा की किस्मत पलट गई। अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से वह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है और उसे फिल्म के ऑफर मिल गए।

सेवन स्टार होटल में ब्रेकफास्ट

मोनालिसा अब मुंबई में रह रही है। निर्देशक सनोज मिश्रा और उनकी टीम उसे ट्रेनिंग दे रहे हैं। शुक्रवार को सनोज मिश्रा के साथ उसकी तस्वीर आई। इसमें मोनालिसा एक इवेंट के लिए सेवन स्टार होटल में पहुंची है। वहां मोनालिसा ने सनोज मिश्रा के साथ ब्रेकफास्ट किया है। सिर्फ खान पान ही नहीं, मोनालिसा का पूरा पहनावा बदल गया है।

पहली बार प्लाइट में बैठी

यही नहीं, मोनालिसा आज से पहले कभी प्लाइट में नहीं बैठी थी। वायरल होने के बाद उसे फिल्म का ऑफर मिला। इसके बाद निर्देशक सनोज मिश्रा उसे लेने आए। उनके साथ फ्लाइट में बैठकर वह इंदौर से मुंबई गई है। उसकी पहली प्लाइट यात्रा भी सुखद रही है।

आतिशी का चौंकाने वाला दावा

विभागों के मंत्री बनने के लिए बीजेपी विधायकों में मची है होड, महिलाओं को नहीं मिलेंगे 2500

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने बीजेपी को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में मंत्री बनने को लेकर झगड़ा चल रहा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा, "बीजेपी ने चुनाव के दौरान गारंटी का ऐलान किया और कहा कि हर महिलाओं को 2500 रुपये दिए जाएंगे। इसका फैसला पहली कैबिनेट में लिया जाएगा। बीजेपी के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पार्टी ने जो भी वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। अभी बीजेपी के अंदर विधायकों के बीच में लड़ाई झगड़ा चल रहा है कि कौन किस विभाग का मंत्री बनेगा। कौन कितना लूट कर सकता है।" आतिशी ने कहा, "उन्होंने (बीजेपी) ये प्लान बनाया है कि वो वायदे नहीं पूरे करने का ठीकरा आम आदमी पार्टी पर

फोड़ेंगे। कहेंगे कि हम वादे इसलिए पूरे नहीं कर पाए क्योंकि दिल्ली सरकार के पास पैसा नहीं है। आप ने वित्तीय संकट में डाल दिया है। ये बहाना करके अपनी लूट को छुपाने की कोशिश करेंगे। अपने वायदे पूरे नहीं करने के लिए बहाने बनाएंगे।"

आतिशी ने दिल्ली सरकार के वित्तीय हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली को मजबूती दी है। उन्होंने बताया कि 2013 में दिल्ली का बजट सिर्फ 30,000 करोड़ था, जो 2014-15 में बढ़कर 31,000 करोड़ हुआ और 2024-25 में 77,000 करोड़ तक पहुंच गया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली अब भी एक 'सरप्लस स्टेट' (आय से अधिक खर्च वाला राज्य) है, जबकि कई अन्य राज्यों पर भारी कर्ज है। उन्होंने यह भी कहा कि जब आम आदमी पार्टी को सरकार मिली थी, तब कांग्रेस के समय से चले आ रहे कर्ज का ब्याज दर 3% था। इसके बावजूद, आम आदमी पार्टी की सरकार ने वित्तीय स्थिति को सुधारकर दिल्ली को आगे बढ़ाया।

दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक को लेकर आतिशी ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नाम बदलने की बजाय बीजेपी को कुछ काम करना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी सरकार दिल्ली में कोई बड़ा काम नहीं करने वाली है।

सार्वजनिक शौचालय में झांक कर रहा था युवक महिला ने मचाया शोर, आरोपी गिरफ्तार

ठाणे, 14 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले से सार्वजनिक शौचालय में महिला को छुप कर नहाते हुए देखने का मामला सामने आया है। ठाणे के कल्याण इलाके में एक सार्वजनिक शौचालय के देख-रेख कर्मी पर छिपकर महिला को नहाते हुए देखने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है। आरोपी का नाम करीबुल साबिद शेख बताया जा रहा है। (14 फरवरी) को एक महिला जब सार्वजनिक शौचालय में नहा रही थी, तब आरोपी कथित तौर पर बाथरूम में तांक-झांक कर रहा था। इसके बाद जब महिला को इस हरकत का एहसास हुआ तो उसने घबराकर शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए। इसके बाद पीड़िता ने तुरंत पुलिस को इस घटना की जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 77 वोयरिज्म के तहत मामला दर्ज किया है। बीएनएस की धारा 77 के तहत, महिलाओं की गोपनीयता का उल्लंघन करना अपराध है। इस धारा के तहत, महिलाओं की निजी तस्वीरें खींचना, कैप्चर करना, या वितरित करना अपराध माना जाता है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे सार्वजनिक शौचालयों में सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। गौरतलब है कि सार्वजनिक शौचालयों और स्नानगृहों में महिलाओं की सुरक्षा पहले से ही एक चिंता का विषय रही है। इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक सुविधाओं के सुरक्षित उपयोग पर सवाल खड़े करती हैं। स्थानीय प्रशासन से अब सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-बरात पर नहीं पढ़ी गई नमाज, भड़के सीएम उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में शब-ए-बरात मनाई गई। इस अवसर पर कई मस्जिदों में नमाज पढ़ा गया। जानकारी के अनुसार, शब-ए-बरात पर ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में ताला लगा रहा और यहां पर किसी को नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुरक्षा एजेंसियों ने शब-ए-बरात पर श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को सील करने का फैसला लिया है। सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि यह निर्णय लोगों में विश्वास की कमी और कानून और व्यवस्था तंत्र में विश्वास की कमी को दर्शाता है। श्रीनगर के लोग इससे बेहतर के हकदार थे। जामिया मस्जिद के अंजुमन औकाफ (प्रबंधन) ने कहा कि गुरुवार दोपहर को पुलिस ने नमाजियों से परिसर खाली करने को कहा और गेट बंद कर दिए। प्रबंधन ने कहा कि पुलिस ने उन्हें सूचित किया था कि शब-ए-बारात के लिए रात की नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस ने सुबह-सुबह मस्जिद में पारंपरिक रूप से रात की नमाज का नेतृत्व करने वाले मीरवाइज उमर फारूक को भी नजरबंद कर दिया। यह लगातार छठा साल है जब पुलिस ने जामिया मस्जिद में शब-ए-बारात की नमाज की अनुमति नहीं दी है।

अंजुमन औकाफ ने लगाया गंभीर आरोप

अंजुमन औकाफ ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हर बार जब कोई महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर आता है तो मस्जिद को बंद कर दिया जाता है। मीरवाइज उमर फारूक को उनकी धार्मिक जिम्मेदारियों को पूरा करने से रोक दिया जाता है। इस तरह के बार-बार प्रतिबंध न केवल लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि उनके मौलिक धार्मिक अधिकारों का भी उल्लंघन करते हैं। हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन एक्स पर एक पोस्ट में कश्मीर जोन पुलिस ने लिखा, आईजीपी कश्मीर ने लोगों को शब-ए-बारात की शुभकामनाएं दीं। यह मुबारक रात सभी के लिए सद्भाव, खुशी और समृद्धि लाए।

पत्नी का गला घोंटा, फिर मुंह में भर दी गोंद

थाने जाकर पति ने किया सरेंडर, बोला- मैंने उसे मार डाला

बेंगलुरु, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक पति ने पत्नी को जान से मार डालने की कोशिश की। पहले उसने पत्नी का गला घोंटा। फिर उसके मुंह में गोंद डाल दी। जब पति को लगा कि पत्नी मर गई है तो वो सीधे पुलिस स्टेशन पहुंचा। वहां सरेंडर करते हुए जुर्म कबूला। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि महिला की सांसें चल रही थीं। महिला को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसका इलाज जारी है। मामला नेलमंगला के हरोक्यतनहल्ली इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, 38 साल के बढ़ई जी सिद्धलिंग स्वामी ने अपनी 33 वर्षीय पत्नी मंजुला पर जानलेवा हमला किया। उसने पहले मंजुला का गला दबाने की कोशिश की। फिर उसके मुंह में गोंद डाल दी। मंजुला का एक अस्पताल में इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, मंजुला की हालत खतरे से बाहर है। यह दंपति रायचूर का रहने वाला है। दोनों ने लव मैरिज की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया- दंपति की कोई संतान नहीं हैं। स्वामी को अक्सर मंजुला के चरित्र पर शक होता था। रविवार की रात वे उसी मुद्दे पर लड़े। जब मंजुला सो रही थी, स्वामी ने पहले उसका गला दबाने की कोशिश की। जब वह होश खो बैठी, तो स्वामी ने उसके मुंह में लकड़ी के काम के लिए इस्तेमाल किया जाने वाली गोंद डाल दी। स्वामी के अनुसार, उसने यह सोचकर गोंद पत्नी के मुंह में डाली कि इससे उसकी सांसें रुक जाएंगी। पुलिस ने बताया कि यह सोचकर कि मंजुला मर चुकी है, स्वामी रविवार देर रात मदनयकनहल्ली पुलिस स्टेशन गया और सरेंडर कर दिया। स्वामी ने सिर्फ इतना कहा कि मैंने अपनी पत्नी को मार डाला क्योंकि उसका अफेयर था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब हम मौक-ए-वारदात पर पहुंचे वहां पाया कि मंजुला की सांसें चल रही हैं।

गैर मर्द से प्यार करना व्यभिचार नहीं है

हाईकोर्ट ने मेंटेनेंस न देने की मांग वाली याचिका पर पति को दिया झटका

जबलपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की जबलपुर हाईकोर्ट में एक पति की पत्नी को मेंटेनेंस न देने की याचिका पर अहम फैसला सुनाया है। पति की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। पति ने याचिका में दावा किया था पत्नी उसे खुद छोड़कर गई है और किसी और से प्यार करती है। इस पर कोर्ट ने कहा- अगर किसी की पत्नी गैर मर्द से प्यार करती है तो यह व्यभिचार नहीं है। जबलपुर हाईकोर्ट ने कहा कि इसे तब तक व्यभिचार नहीं कहा जा सकता जब तक कि वह किसी और मर्द के साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाती है। जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा- व्यभिचार तभी होता है जब शारीरिक संबंध होते हैं। पति ने कोर्ट में दावा किया था कि उसकी पत्नी किसी और से प्यार करती है। ऐसे में वह मेंटिनेंस की हकदार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक

सुरक्षा संहिता की धारा 144 (5) और सीआरपीसी की धारा 125 (4) में कहा गया है कि अगर पत्नी पर व्यभिचार के आरोप सही साबित होते हैं तब ही उसे गुजारे भत्ते से वंचित किया जा सकता है। कोर्ट ने फैसले में कहा, व्यभिचार साबित करने के लिए शारीरिक संबंधों को सबित करना जरूरी है। अगर पत्नी किसी से प्यार करती है और शारीरिक संबंध नहीं रखती है तो इसे व्यभिचार की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। फैमिली कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि पति को हर महीने 4 हजार रुपये का गुजारा भत्ता देना होगा। पति वॉर्ड बॉय की तौर पर का करता है और 8 हजार रुपये महीना उसकी इनकम है। पति ने हाईकोर्ट में याचिका फाइल की और दावा किया कि उसकी पत्नी किसी और से प्यार करती थी। कोर्ट ने कहा कि सेक्शन-24 के तहत आदेश के बाद पत्नी को पहले से ही 4 हजार का गुजारा भत्ता मिल रहा था। कोर्ट ने यह भी कहा कि पति जहां काम करता है उस अस्पताल से दिया गया सैलरी सर्टिफिकेट वेरिफाई नहीं किया गया है। सैलरी सर्टिफिकेट पर इसे जारी करने का स्थान और तारीख ही नहीं दी गई है। ऐसे में कोर्ट के लिए यह निर्णय करना मुश्किल है कि यह सर्टिफिकेट सही है या फर्जी है।

देने ही होंगे पत्नी को 4000 रुपये महीना

याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया था कि वह एक सक्षम व्यक्ति नहीं है। कोर्ट ने कहा कि कम इनकम इस बात का आधार नहीं हो सकता कि वह मेंटिनेंस नहीं देगा। अगर पति को पता था कि वह उसकी रोजाना की जरूरत भी नहीं पूरी कर सकता तो इसके लिए वह खुद जिम्मेदार है। उसे पत्नी की जिम्मेदारी उठाने के लिए कमाना चाहिए था। पति ने यह भी दावा किया था कि उसकी पत्नी ब्यूटी पार्लर चलाती है। कोर्ट ने कहा कि पति को 4 हजार रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देना ही होगा।

ग्वालियर से किडनैप बच्चा मुरैना में मिला, आईजी-डीआईजी गोद में बैठाकर घर तक छोड़ने गए

ग्वालियर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से किडनैप किए गए बच्चे को पुलिस ने मुरैना से बरामद कर लिया है। पुलिस ने बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया है। बच्चे को देखकर माता-पिता के आंखों से आंसू रुक नहीं रहे हैं। बच्चा मिलने के बाद परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुरैना से बरामद किए गए बच्चे को अपनी गोद में लेकर आईजी और डीजीआई उसके घर पहुंचे। पुलिस की दबिश देख बदमाश बच्चे के छोड़कर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि अपहरणकर्ता बच्चे को काजी बसई गांव में एक ईंट भट्टे के पास छोड़कर फरार हो गए। बच्चे को सबसे पहले रोते हुए रिक्शेवाले ने देखा। उसने गांव के सरपंच को बच्चा सौंप दिया। सरपंच में मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार, ग्वालियर से 6 साल के मासूम का अपहरण हो गया था। सूचना के बाद पुलिस मुरैना, भिंड और ग्वालियर में अलग-अलग जगह आरोपियों की तलाश कर रही थी। सीसीटीवी की मदद से पुलिस को सुराग मिला कि आरोपी मुरैना की तरफ बच्चों को ले गए हैं। पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया तो आरोपी बच्चों को छोड़कर मौके से भाग निकले। मुरैना के काजी बसई गांव में ईट के भट्टे के पास आरोपी बच्चे को छोड़कर भाग गए। पुलिस के अनुसार, सुबह 8:00 बजे मुरार सीपी कॉलोनी से महिला अपने बच्चे को लेकर स्कूल छोड़ने जा रही थी। उसी समय दो बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। आईजी ने बदमाशों की जानकारी देने वाले को तीस हजार इनाम देने की घोषणा की थी। घटना के दौरान महिला ने बेटे को बचाने की भी कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी और लड़खड़ाकर सड़क पर ही गिर गई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बच्चे के पिता गुड़ - शक्कर के थोक कारोबारी हैं।

पहाड़ों पर मंदिर में हो रहा था हवन, तभी कुंड से निकले धुएं से भड़कीं मधुमक्खियां; 30 जख्मी

शिवपुरी, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में पहाड़ों पर देवस्थान में एक मंदिर में हवन हो रहा था, जहां हवन कुंड से निकला धुंआ मधुमक्खियों को लग गया और मधुमक्खियां इससे भड़क गईं। इसके बाद मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल ये हवन शिवपुरी के तेंदुआ थाना क्षेत्र के डांग खैरौना गांव की पहाड़ियों पर हो रहा था, जहां बुधवार की शाम देवस्थान पर हवन के दौरान आग जलाई गई। आग से निकले धुएं की वजह से पेड़ पर बैठी मधुमक्खियां भड़क उठीं। हवन में शामिल 30 से ज्यादा श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जो घायल हो गए। इनमें से 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन पांच लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें 26 साल की अनीता धाकड़, 10 साल के कपिल, 10 साल की अर्पिता, 17 साल की रजनी और 8 साल की सैंकी धाकड़ के नाम शामिल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया है। अनीता धाकड़ ने बताया खैरौना गांव की पहाड़ियों पर स्थित देव स्थान पर हवन के लिए जलाई लकड़ी से उठे धुएं के बाद अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।

ऐसे होता है व्हाट्सएप डीपी फ्रॉड, एक शख्स से 4.4 करोड़ की ठगी, कैसे खुद को बचाएं?

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई में एक बड़ी कंपनी के अधिकारी से करोड़ों रुपये की ठगी की गई है। जालसाज ने व्हाट्सएप डीपी के माध्यम से यह रकम ऐंठी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ठग ने एक अज्ञात नंबर पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक की फोटो का इस्तेमाल किया। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी से पैसे ट्रांसफर करने को कहा। डीपी की वजह से कर्मचारी को विश्वास हो गया। मगर जब वाउचर के लिए कार्यकारी निदेशक को कॉल किया तो पैरों तले जमीन खिसक गई।धोखाधड़ी का शिकार हुई कंपनी इंजीनियरिंग और मशीन निर्माण के काम से जुड़ी है। ठग ने कंपनी के कर्मचारी को कहा कि वह बिजनेस दौरे पर है। यहां खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी है। इस वजह से नया नंबर का उपयोग करना पड रहा है। मेरा नंबर सेव कर लीजिए। व्हाट्सएप की डीपी पर कार्यकारी निदेशक की फोटो लगी थी। मगर असल में वह ठग था। कर्मचारी यह समझ नहीं पाया। ठग पर विश्वास करके 4.4 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। खबर के मुताबिक कर्मचारी ने 4.4 करोड़ रुपये की रकम को 3 बैंक खातों में ट्रांसफर किया। 4 फरवरी को कंपनी ने एक केस दर्ज कराया। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कर्मचारी के पास मैसेज 7 जनवरी को व्हाट्सएप पर आया था। ठग ने कर्मचारी को कार्यकारी निदेशक के तौर पर नबंर सेव करने को भी कहा था। जानकारी के मुताबिक उन दिनों कंपनी के निदेशक नई दिल्ली से अहमदाबाद की यात्रा पर थे। इस वजह से भी मैसेज पर कर्मचारी का विश्वास अधिक बढ़ गया था। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर पैसे की मांग करता है तो सतर्क रहें। सबसे पहले जांच करें की वह असल शख्स है या नहीं। उसके नंबर पर कॉल करें। अगर नंबर बदला है तो उसके अन्य दोस्तों या परिवार से भी जानकारी ले सकते हैं। बदले और अनजान नंबर से आने वाली कॉल्स से बचे। इन दिनों जालसाल कंपनी के निदेशकों की फोटो लगाकर ठगी को अंजाम देने में जुटे हैं। कंपनी के किसी कर्मचारी से धन का लेनदेन आधिकारिक बैंक खाते या ईमेल के माध्यम से करें। ईमेल की भी जांच करें। कुछ भी संदिग्ध लगने पर बिल्कुल सावधान रहें। लेनदेन से बचें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

लालू यादव पर जीतन राम मांझी की दो टूक

कहा- 'हमारे खादी मॉल में जलन में काम करने वाला अच्छा लोशन मिलता है।'

पटना, 14 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के एक बयान पर उन्हें दो टूक में जवाब दिया है। जीतन राम मांझी ने शुक्रवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट कर लालू यादव को टैग किया और करारा जवाब दिया। जीतन राम मांझी ने लालू प्रसाद यादव के उस बयान पर जवाब दिया है जिसमें उन्होंने बीते गुरुवार को यह कहा था कि हम लोगों के रहते बीजेपी सरकार नहीं बना सकती। लोग बीजेपी को जान गया है। जीतन राम मांझी ने एक्स पर पोस्ट किया, परम आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी, वैसे तो आप कोई भविष्यवक्ता नहीं ही हैं, लेकिन एक जानकारी रख लीजिए। वर्ष 2005 में आपके सामने ही बिहार में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार बनी। साल 2010 में तो आपके सामने ही आपका सूपड़ा साफ करते हुए भाजपा गठबंधन वाली एनडीए सरकार बनी। वर्ष 2014 में तो आपके सामने ही केंद्र में भाजपा एनडीए की सरकार बनी। आगे जीतन राम मांझी ने लिखा, और आजतक बिहार और केंद्र में भाजपा एनडीए की ही सरकार है और आगे भी रहेगी। वैसे यदि इस बात से जलन हो रही हो तो हमारे खादी मॉल में जलन में काम करने वाला अच्छा लोशन मिलता है। आप उपयोग कर सकते हैं।

क्या है भारत-अमेरिका का मिशन 500? जिसे दोनों देशों के व्यापार समझौतों के लिए माना जा रहा अहम

वाशिंगटन,14 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका ने इस साल के अंत तक पहले चरण के व्यापार समझौते को पूरा करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने 2030 तक आपसी व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य भी तय किया है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया कि भारत को भी अन्य देशों की तरह पारस्परिक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच इस समझौते पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान, व्यापार से जुड़े मुद्दों और टैरिफ को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बता दें कि, बैठक के कुछ ही घंटे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के सभी व्यापारिक साझेदारों के लिए एक नई पारस्परिक टैरिफ नीति की घोषणा की थी।



अमेरिका से तेल और गैस खरीदेगा भारत

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत अब अमेरिका से और अधिक तेल और गैस खरीदेगा, जिससे अमेरिका का व्यापार घाटा कम होगा। बता दें कि, वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच कुल व्यापार 130 अरब डॉलर का है, जिसमें अमेरिका का व्यापार घाटा 45 अरब डॉलर है। दोनों नेताओं ने पारस्परिक व्यापार बाधाओं को दूर करने की प्रतिबद्धता जताई और अपनी टीमों को एक निष्पक्ष व लाभकारी व्यापार समझौते पर काम करने का निर्देश दिया।

2030 तक 500 अरब डॉलर का व्यापार

संयुक्त बयान के अनुसार, पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका-भारत व्यापार को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके तहत, 'मिशन 500' नाम से एक पहल की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य 2030 तक कुल व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

इसके लिए दोनों देशों ने 2025 के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की योजना बनाई है। इस समझौते के तहत, बाजार में पहुंच आसान बनाने, टैरिफ कम करने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने जैसे तमाम मुद्दों पर काम किया जाएगा।

अमेरिका ने भारतीय आम और अनार के निर्यात को बढ़ावा दिया

संयुक्त बयान में कहा गया कि अमेरिका ने कुछ भारतीय उत्पादों जैसे आम और अनार के निर्यात में बढ़ोतरी के लिए सहयोग दिया है। वहीं, भारत ने अमेरिका के कुछ उत्पादों जैसे मोटरसाइकिल, आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) उत्पादों, धातुओं और कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करने की पहल की है।

भारतीय कंपनियों के अमेरिकी निवेश को बढ़ावा

दोनों देशों ने परस्पर निवेश बढ़ाने पर भी सहमति जताई। इस दिशा में, भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 7.35 अरब डॉलर का निवेश किया है। इनमें हिंडाल्को की सहयोगी कंपनी नोवेलिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और एप्सिलॉन एडवांस्ड मटेरियल्स जैसी कंपनियों ने अमेरिका में अपने निवेश को बढ़ाया है, जिससे हजारों स्थानीय नौकरियों का सृजन हुआ है।

आरबीआई ने किया न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक को बैन

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। देश की रेगुलेटरी बैंक यानी भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर से नकेल कसी है। बैंक ने मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर कई तरीके के बैन लगा दिए हैं। बैंक न तो अब कोई लेन-देन कर पाएगा और न ही कोई उसके पास पैसा जमा कर पाएगा। आरबीआई ने बैंक पर लोन देने से लेकर डिपॉजिट लेने तक सभी प्रकार के जरूरी कामों पर अगले 6 महीनों तक रोक लगा दी है। हालांकि, आरबीआई ने अभी बैंक का लाइसेंस रद्द नहीं किया है, तो आपके पैसे कहीं नहीं जाएंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंक की ओर से हाल के समय में हुई कुछ अनियमितताओं के चलते, ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। आरबीआई ने को-ऑपरेटिव बैंक को कोई भी निवेश या उधार न लेने का भी आदेश दिया है।

बैंक है घाटे में

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पिछले दो फाइनेंशियल ईयर से से घाटे से जूझ रहा है, बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक को 227.8 मिलियन रुपये का घाटा और वित्त वर्ष 2023 में 307.5 मिलियन रुपये का घाटा होने का अनुमान है। 31 मार्च 2024 तक बैंक का एडवांस ऋण घटकर 11.75 बिलियन रुपये रह गया, जो एक साल पहले 13.30 बिलियन रुपए था। वहीं, इस दौरान बैंक में कुल जमा राशि 24.06 बिलियन रुपये से बढ़कर 24.36 बिलियन रुपये हो गई।

आरबीआई ने बैंक की ओर से दी जानी वाली सुविधाओं पर अभी सिर्फ 6 महीने के लिए ही रोक लगाई है। आरबीआई ने कहा कि इसका मयाने यह नहीं है कि बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। हम मामले की जांच करेंगे। बैंक की स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे। आगे आवश्यकतानुसार कार्रवाई होगी। आरबीआई ने इससे पहले भी 2019 में वित्तीय अनियमितताओं के चलते पंजाब और महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक पर रोक लगाई थी।

टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को यूके नाइटहुड से सम्मानित किया गया, ब्रिटिश सरकार ने दी जानकारी

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को ब्रिटेन और भारत के व्यापारिक संबंधों में उनके योगदान और सेवाओं के लिए 'ब्रिटिश साम्राज्य के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन)' से सम्मानित किया गया है। इसे नाइटहुड सम्मान के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।चंद्रशेखरन ने इस सम्मान पर कहा, मैं इस प्रतिष्ठित मान्यता से बहुत अभिभूत हूं, जिसके लिए मैं महामहिम, किंग चार्ल्स का आभारी हूं। मैं यह व्यक्त करना चाहूंगा कि टाटा समूह में हम प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता, आतिथ्य, इस्पात, रसायन और ऑटोमोटिव क्षेत्रों में यूके के साथ इतने मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखने पर कितना गर्व महसूस करते हैं।उन्होंने कहा, हमें जगुआर लैंड रोवर और टेटली जैसे अपने प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांडों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। हम यूके में 70,000 से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। हम इस देश के महान संस्थानों के साथ उपयोगी और विश्व स्तरीय अनुसंधान और शैक्षणिक साझेदारी का आनंद लेते हैं, जिसमें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, वारविक विश्वविद्यालय और स्वानसी विश्वविद्यालय शामिल हैं। टाटा समूह के चेयरमैन ने कहा, मैं टाटा समूह की

ओर से ब्रिटिश सरकार को समूह के समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक मजबूत और स्थायी संबंध है और मैं ब्रिटेन में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तत्पर हूं। मुझे यह बड़ा सम्मान देने के लिए एक बार फिर धन्यवाद। चंद्रशेखरन टाटा संस के बोर्ड के अध्यक्ष हैं। यह कंपनी 100 से अधिक टाटा ऑपरेटिंग कंपनियों की होल्डिंग कंपनी और प्रमोटर है। इसका कुल वार्षिक राजस्व 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चंद्रशेखरन अक्तूबर 2016 में टाटा संस के बोर्ड में शामिल हुए और जनवरी 2017 में उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चंद्रशेखरन अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित भारत के द्विपक्षीय व्यापार मंचों के सक्रिय सदस्य हैं।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-46
सूर्यास्त - 18-14
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

ग्रह स्थिति			लग्नारंभ समय		
सूर्य-	कुंभ	मे	कुंभ...	06-37	बजे
चंद्र-	कन्या	मे	मीन....	08-16	बजे
मंगल	मिथुन	मे	मेष---	09-52	बजे
बुध-	कुंभ	मे	वृष---	11-36	बजे
गुरु-	वृष	मे	मिथुन..	13-37	बजे
शुक्र-	मीन	मे	कर्क....	15-29	बजे
शनि-	कुंभ	मे	सिंह---	18-02	बजे
राहु-	मीन	मे	कन्या...	20-08	बजे
केतु-	कन्या	मे	तुला....	22-14	बजे
			वृश्चिक...	00-24	बजे
			धनु.....	02-37	बजे
			मकर...	04-57	बजे

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- तृतीया . 23-52 तक उपरान्त चतुर्थी
मास - पौष कृष्ण , शनिवार 15 February
नक्षत्र - उ.फाल्गुनी 01-39 तक उपरान्त हस्त
योग - सुकर्मा 07-32 तक उप धृति
करण- वणिज 10-49 तक उप विष्टी
विशेष:-
व्रत -त्योहार - भद्राकाल 10-49 से

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 09:37 से 11:04 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
काल.	06:46 - 08:10	अशुभ	लाभ	18:14 - 19:50	शुभ
शुभ.	08:10 - 09:37	शुभ	उत्पात	19:50 - 21:23	अशुभ
रोग.	09:37 - 11:04	अशुभ	शुभ .	21:23 - 22:57	शुभ
उत्पात	11:04 - 12:30	अशुभ	अमृत	22:57 - 00:30	शुभ
चंचल.	12:30 - 13:57	शुभ	चंचल	00:30 - 02:03	शुभ
लाभ	13:57 - 15:24	शुभ	रोग. .	02:03 - 03:37	अशुभ
अमृत.	15:24 - 16:50	शुभ	काल.	03:37 - 05:10	अशुभ
काल.	16:50 - 18:14	अशुभ	लाभ..	05:10 - 06:46	शुभ

आपका राशिफल

मेष (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आज आपकी किस्मत चमकने का दिन है। सितारे कहते हैं कि आज आपको कोई विशेष काम करना पड़ सकता है । आज अपने किसी नजदीकी व्यक्ति को खुश कर दें,आपकी किस्मत का ताला खुल जाएगा । फिर भी आज किसी को उधार ना दें ,वापस नही मिल पायेगा । स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कतें आज नही होंगी ।

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा । आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है । आपको रचनात्मक आलोचना को सही तरीके से ही लें और बदतमीज हुए बिना ही अपनी बात को समझाने से कोशिश करें ।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा । आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है । आपको रचनात्मक आलोचना को सही तरीके से ही लें और बदतमीज हुए बिना ही अपनी बात को समझाने से कोशिश करें ।

कर्क (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें । ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है । अगर एक बार आप सोच समझकर कोई फैसला ले लें तो उसे कार्यान्वित करने में हिचकिचाएं नही ।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें । ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है । अगर एक बार आप सोच समझकर कोई फैसला ले लें तो उसे कार्यान्वित करने में हिचकिचाएं नही । ग्रहों की स्थिति ऐसी है कि आप बहुत रोमांटिक और भावनात्मक महसूस करेंगे।

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप अपने सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करेंगे और कार्य क्षेत्र में शांति का माहौल रहेगा , लेकिन व्यापार के मामलों में किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करें। धोखाधड़ी की संभावना है। यदि संभव हो तो अपनी व्यापारिक सौदों को दूसरे दिन पर ठाले और अपने सहयोगियों की विश्वसनीयता का मूल्यांकन करे ।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): हालाँकि , आप अच्छी तरह से अपने क्षेत्र में स्थापित हैं पर आज आप अपने काम में बैचैनी महसूस कर सकते हैं । किसी चीज़ को लेकर आप में असंतोष की भावना आज आपको परेशान कर सकती है हालांकि, अभी अपनी नौकरी छोड़ने का कदम बेवकूफी भरा होगा । ये क्षणिक भावनाए हैं जिससे आप गुमराह हो सकते है इसलिए आज किसी भी प्रमुख कैरियर निर्णय लेने से बचें ।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आपको विदेशी भूमि में स्थापित प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ कार्य करने के लिए प्रस्ताव मिल सकता है , और आपके विदेश में बसने का आपका सपना सच हो सकता है, हालाँकि दस्तावेज से जुड़े कुछ मुद्दों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन इन मुद्दों का समय रहते हल हो जाएगा, और जब आपको सब कुछ मिल जाएगा जिसे आप चाहते थे तो धन की वर्षा भी आप पर होने लगेगी ।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आज आपको अपने कार्यस्थल पर सावधानी बरतनी आवश्यक है। आप ये भूल रहे है , की आज के आधुनिक कार्यालयों में कुछ भी छुपा हुआ नहीं है , इसलिए आपको स्थितियों के मुताबिक खुद को ढालना पड़ सकता है । आज आपको विवेक की जरुरत है और अगर आप उसे अनदेखा करते है , तो आपको अपने करियर के संदर्भ में कीमत चुकानी पड़ सकती है , इसलिए चौकन्ना रहने की जरुरत है ।

मकर (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): आपके प्रतियोगी आपको नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे , लेकिन आपकी विस्फोटक आत्मविश्वास की भावना आपको अपराजेय रखेगी । इस समय आप अपना विनम्र स्वाभाव बंद करे ताकि कोई आपका अनुचित लाभ न ले । आपको कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है जिसका इंतजार आप लम्बे समय से कर रहे थे ।

कुंभ (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आज आप मे अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए एक स्वाभाविक प्रवृत्ति रहेगी , लेकिन ये स्थिति आपके वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपकी मुसीबत को बढ़ा सकती हैं। तथ्य यह है कि किसी भी वास्तविक इच्छा से प्रेरित न होकर आपके आलसी होने की आदत से आप अधिक कार्य से परहेज कर रहे है। ये समय अधिक जिम्मेदारी लेने व अपने काम में और अधिक रूचि दिखाने का है ।

मीन (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आप यह पता लगाने की कोशिश करें की कौन सी वस्तु या चीज़ से आप अपने आप से सर्वश्रेष्ट कार्य ले सकते है । यह आपकी विचारधाराओ और रचनात्मकता को भी अद्वितीय अनुभूति देगा । हालाँकि , आपके वित्तीय पुरस्कार में विलंब होगा , फिर भी अपने वित्तीय संकट से खुद को बचाने के लिए आपके पास पर्याप्त आय है। बस आप अपनी वस्तु को सरंक्षित कर के रखे और आप आसानी से विषम स्थिति से बाहर आ जायेंगे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

जनवरी में थोक महंगाई दर में राहत, दिसंबर 2024 के 2.37% से घटकर 2.31% पर पहुंचा आंकड़ा

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। खाद्य वस्तुओं विशेषकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट के कारण जनवरी में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति कम होकर 2.31 प्रतिशत पर आ गई। । वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। दिसंबर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.37 प्रतिशत थी। जनवरी 2024 में यह 0.33 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही, तथा प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में जनवरी में 2.78 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि दिसंबर में 3.79 प्रतिशत की अपस्फीति थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.14 प्रतिशत की तुलना में 2.51 प्रतिशत रही। बुधवार को जारी खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पता चला कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 4.31 प्रतिशत रह गई जो पांच महीने का निम्नतम स्तर है।

इंफोसिस पर भारी पड़ा छंटनी का फैसला एक्शन में आई केंद्र और राज्य सरकार

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। पहले सिलेक्शन, फिर ज्वाइनिंग के लिए 2 साल का इंतजार और फिर 6 महीने बाद ही छंटनी की तलवार। कुछ ऐसा हाल किया है देश की मशहूर आईटी कंपनी इंफोसिस ने। आईटी कंपनी से निकाले गए सैकड़ों फ्रेशर्स की माने तो इंफोसिस ने 2024 में कैंपस सिलेक्शन में उन्हें नौकरी दी, जिसके बाद दो साल के लंबे इंतजार के बाद कंपनी ने उन्हें 2024 के आखिरी महीनों में ज्वाइनिंग लेटर दिया, लेकिन हद तो उस समय हो गई जब कंपनी ने केवल 6 महीने में ही फ्रेशर्स को बिना किसी पुख्ता वजह से छंटनी के नाम पर बाहर का रास्ता दिखा दिया।

दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने जिन कर्मचारियों की छंटनी की है, उन्होंने आईटी कर्मचारी संघ एनआईटीईएस में शिकायत की है। इसके बाद ये मामला केंद्र सरकार के पास पहुंचा। जिसके बाद केंद्र सरकार ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कर्नाटक राज्य सरकार को जांच के आदेश दिए हैं। जिस तरीके से इंफोसिस ने अपने यहां फ्रैशर्स की छंटनी की है वो श्रम कानूनों में आता है। इसी के चलते केंद्रीय श्रम और रोजगार

मंत्रालय ने इंफोसिस में फ्रेशर्स की छंटनी के मामले को संज्ञान में लेते हुए कर्नाटक राज्य सरकार को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आपको बता दें इस पूरे मामले को एनआईटीईएस यानी नैसेंट इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सेनेट ने केंद्र सरकार के सामने उठाया था।एनआईटीईएस के आरोपों की मानें तो इंफोसिस ने 300 फ्रेशर्स की जगह 700 फ्रेशर्स को नौकरी से निकाला है। साथ ही एनआईटीईएस के अनुसार इसके पीछे इंफोसिस ने इंटरनल असिस्टेंट टेस्ट को पास न कर पाना बड़ी वजह बताया है। इसके साथ ही एनआईटीईएस ने आरोप लगाया है कि इंफोसिस ने जिन फ्रेशर्स की छंटनी की है उनसे दबाव में कॉन्फिडेंशियल एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर भी कराए हैं।इस पूरे मामले पर इंफोसिस ने बचाव करते हुए कहा कि जिन फ्रेशर्स को छंटनी में निकाला गया है, वे ऑनबोर्डिंग प्रोसेस के दौरान आयोजित इंटरनल टेस्ट में पास नहीं हो पाए।

कंपनी ने जोर देकर कहा कि ये प्रक्रिया कर्मचारियों द्वारा हायरिंग के समय हस्ताक्षरित अनुबंध के अनुरूप है। आपको बता दें इंफोसिस के इस कदम के बाद अब आईटी सेक्टर में को भी सिक्योर जॉब के तौर पर नहीं देखा जा रहा है।

सोने का भाव पहली बार 86,000 पार:सोना आज 341 रुपए बढ़ा, एक किलो चांदी की कीमत 1,945 बढ़कर 97,494 हुई

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सोना आज यानी 14 फरवरी (शुक्रवार) को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 341 रुपए बढ़कर 86,089 रुपए हो गया है। इससे पहले 13 फरवरी को सोना 85,748 रुपए पर था। वहीं 11 फरवरी को इसने 85,903 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 1,945 रुपए बढ़कर 97,494 रुपए किलो पर पहुंच गई है। कल चांदी का भाव

95,549 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

जनवरी से अब तक सोना 9,927 महंगा हुआ

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,927 रुपए बढ़कर 86,089 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,477 रुपए बढ़कर 97,494 रुपए पर पहुंच गया है।

महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,310 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,160 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,160 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,160 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,210 रुपए है।

हैदराबाद : सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 87160 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 79900/10 ग्राम।

इनकम टैक्स में राहत देने के बाद खपत बढ़ाने के लिए अब जीएसटी रेट में कटौती की तैयारी!

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। देश में डिमांड और खपत को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी काउंसिल अब जीएसटी रेट्स में कटौती करने पर विचार कर रही है। ये माना जा रहा है कि सरकार 12 फीसदी के स्लैब वाले जीएसटी रेट को खत्म कर सकती है। और इस स्लैब में आने वाले गुड्स को 5 फीसदी या जरूरत पड़ने पर 18 फीसदी के स्लैब में डाल सकती है। इस कवायद का मकसद जीएसटी रेट स्ट्रक्चर को तर्कसंगत बनाने के साथ खपत को बढ़ाना है। मिंट ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र के सुझावों को बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह के सामने रख दिया गया है। मंत्रियों का ये समूह जीएसटी रेट में कटौती के साथ इसे तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रही है। अप्रैल 2023 में 600 आईटम्स पर 18 फीसदी जीएसटी स्लैब में, 275 पर 12 फीसदी रेट वाले स्लैब में, 280 आईटम्स 5 फीसदी स्लैब में और 50 आईटम्स के करीब 28 फीसदी में आते हैं। 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन एन के सिंह ने भी चार जीएसटी रेट्स की जगह तीन स्लैब करने को कहा है। मिंट के मुताबिक वित्त मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल ने इसपर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बजट सत्र का पहला भाग खत्म हो चुका है और ये माना जा रहा है कि जल्द ही जीएसटी काउंसिल की बैठक बुलाई जाएगी जिसमें इस बात पर चर्चा होगी। एक रिसर्च पेपर के मुताबिक जीएसटी रेट को तर्कसंगत बनाने का ये सही समय है। नेशनल इंस्टीच्युट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के मुताबिक जिन उत्पादों पर जीएसटी छूट दिया जा रहा है उसका बड़ा फायदा कम आय वाले वर्ग से ज्यादा अमीर परिवारों को हो रहा है। गरीबों के कंजम्पशन बास्केट में शामिल आईटम्स में से 20 फीसदी से भी कम आईटम्स पर जीएसटी छूट मिलता है जबकि अमीरों के कंजम्पशन बास्केट के आईटम्स में ज्यादा सामानों पर जीएसटी छूट का प्रावधान मौजूदा समय में है। दरअसल लंबे समय से यह मांग उठ रही है कि जीएसटी के स्लैब में बदलाव किया जाए और दरों को तार्किक बनाया जाए। अभी जीएसटी के तहत टैक्स के चार स्लैब हैं। वे चार स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी के हैं। कुछ लग्जरी व सिनफुल आइटम पर अलग से सेस का प्रावधान है। जीएसटी के स्लैब की संख्या को 4 से घटाकर 3 करने की डिमांड उठती रही है।

सेंसेक्स में 200 अंकों की गिरावट, निफ्टी 102 अंक गिरकर 22,929 पर बंद

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भी शुरुआती बढ़त गंवाकर टूट गए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 199.76 (0.26%) टूटकर 75,939.21 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 102.16 (0.44%) अंक गिर गया और 22,929.25 पर बंद हुआ।

अदाणी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर 4% तक टूट गए।

दूसरी ओर, मुद्रा बाजार में डॉलर में नरमी के बीच शुक्रवार को रुपया 12 पैसे बढ़कर 86.81 (अनंतिम) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा घरेलू इक्विटी की लगातार बिकवाली ने स्थानीय मुद्रा में तीव्र बढ़त को रोक दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा 1 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू करने की घोषणा के बाद डॉलर की आक्रामक दौड़ रुक गई, जिससे उसके व्यापारिक साझेदारों को कुछ राहत मिली।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.86 पर खुला और इंट्राडे के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.79 के उच्चतम स्तर को छू गया। सत्र के अंत में यह 86.90 के निम्नतम स्तर को भी छू गया और अंत में डॉलर के मुकाबले 86.81 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है

गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली बढ़त के साथ 86.93 पर लगभग स्थिर बंद हुआ था। बुधवार को रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ बंद हुआ था, जबकि एक दिन पहले इसमें 66 पैसे की बढ़त दर्ज की गई थी, जो करीब दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त थी। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक के कारण रुपये में तेजी आई।

बैंक दिवालिया हो जाए या बंद हो जाए तो कितनी रकम मिलेगी वापस?

क्या है नियम और कैसे रखें पैसा सेफ

नई दिल्ली, 14 फरवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने महाराष्ट्र मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर रोक लगा दी है। यह रोक बैंक में कुछ गड़बड़ी सामने आने के बाद लगाई गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि 13 फरवरी 2025 से न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक कोई भी नया लोन नहीं देगा। पुराने लोन को भी रिन्यू नहीं करेगा। इस बैन के बाद बैंक के ग्राहक अपना पैसा भी नहीं निकाल सकते। रिजर्व बैंक का कहना है कि बैंक की स्थिति सुधरने तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। रिजर्व बैंक के इस आदेश के बाद शुक्रवार को बैंकों की ब्रांच के बाहर ग्राहकों की लंबी लाइन लग गई।

यह पहली बार नहीं है कि रिजर्व बैंक ने किसी बैंक पर रोक लगाई है। पिछले साल अप्रैल में केंद्रीय बैंक ने महाराष्ट्र के शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर भी बैन लगाया था। यही नहीं इससे पहले पीएमसी और यस बैंक पर भी रिर्जव बैंक रोक लगा चुका है। वहीं दो साल पहले रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के सहकारी बैंकों पर भी रोक लगाई थी।

कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें बैंकों ने लोगों की जमा पूंजी के साथ धोखाधड़ी की है। शिकायत मिलने पर रिजर्व बैंक इन बैंकों की जांच करता है। शुरुआती जांच सही पाए जाने पर रिजर्व बैंक इन बैंकों पर रोक लगा देता है। इस दौरान बैंक ग्राहकों की रकम निकासी को सीमित कर सकता है या रोक सकता है। यह बैन तब तक रहता है जब तक कि जांच पूरी न हो जाए। अगर बैंक डूब जाता है या रिजर्व बैंक उसका लाइसेंस रद्द कर देता है तो ग्राहकों को अधिकतम 5 लाख रुपये तक ही वापस मिलते हैं। फिर चाहें बैंक में उनके करोड़ों रुपये ही क्यों न

जमा हो। रिजर्व बैंक ने कुछ साल पहले यह स्पष्ट किया था कि ग्राहक की जमा रकम का 5 लाख रुपये का इंश्योरेंस होता है। बैंक डूबने की स्थिति में ग्राहक को अधिकतम 5 लाख रुपये ही मिलेंगे। डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) नियमों के तहत यह रकम इंश्योर्ड होती है।

मान लें आपके किसी एक बैंक में अकाउंट में 2 लाख रुपये, उसी बैंक में 2 लाख रुपये की एफडी, उसी बैंक के दूसरे अकाउंट में 3 लाख रुपये जमा हैं। ऐसे में आपके उस बैंक में कुल 7 लाख रुपये जमा हैं। अगर वह बैंक डूब जाता है तो आपको अधिकतम 5 लाख रुपये ही मिलेंगे। फिर चाहे एक ही बैंक की अलग-अलग ब्रांच में रकम जमा क्यों न हो।

अगर आप अपने पैसे को सेफ रखना चाहते हैं तो पूरी रकम एक ही बैंक में न रखें। इस रकम को अलग-अलग बैंकों में जमा करें। मान लें कि आपके 8 लाख रुपये दो अलग-अलग बैंक में जमा हैं। एक बैंक में 4 लाख और दूसरे बैंक में भी 4 लाख रुपये हैं। मान लें कि दोनों बैंक डूब जाते हैं। ऐसे में आपको पूरे 8 लाख रुपये मिल जाएंगे। क्योंकि इंश्योरेंस के नियमों के मुताबिक दोनों बैंकों से आपको पूरी रकम मिल जाएगी।

अपना पैसा छोटे और लोकल बैंक में न रखें। इसे पब्लिक सेक्टर बैंकों (पीएसयू) और बड़े प्राइवेट बैंकों में जमा करें। इसकी वजह है कि यहां कॉर्पोरेट गवर्नेंस का स्तर बहुत ऊंचा होता है और रेग्यूलेशंस का भी। जब तक जरूरी न हो को-ऑपरेटिव बैंक में डिपॉजिट करने से बचें। साथ ही केवल एक बैंक के साथ अपने डिपॉजिट लिमिट 5 लाख रुपये को बनाए रखें। लेकिन अपनी सेविंग को कई बैंकों में जमा करें, ताकि जब बैंक डिफॉल्ट करें तो आपका पैसा सुरक्षित रहे।

वर्दी पहनकर क्यों आए थे लुटेरे?

आर्मी के रिटायर सूबेदार ने रची थी पूरी प्लानिंग 30 घंटे में ऐसे खुला 70 लाख की डकैती का राज

रायपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक परिवार से लगभग 70 लाख रुपये की नकदी और आभूषणों डकैती मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के सामने कई खुलासे किए हैं। इक पूरी डकैती का मास्टरमाइंड बीएसएफ का पूर्व सुरक्षाकर्मी सोम शेखर था। उसकी उम्र 56 साल है। बता दें कि मंगलवार को शहर के खम्हारडीह थानाक्षेत्र के अंतर्गत अनुपम नगर में एक घर में घुसकर डकैती की गई थी। उस दिन वोटिंग थी इसलिए डकैती करने वाले आर्मी की ड्रेस पहनकर आए थे।

अधिकारियों ने बताया कि 11 फरवरी को अनुपम नगर के रहने वाले मनोहरण वेलू ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंन कहा था कि मंगलवार को जब वह अपनी दो बहनें रजनी और प्रेमा के साथ घर में थे तभी करीब साढ़े तीन बजे दो लोग फौजी की वर्दी में वहां पहुंचे और बातचीत करने लगे। दोनों के मुंह ढके हुए थे। इसके बाद एक महिला समेत तीन अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और घर में घुसे लोगों ने पिस्तौल दिखाकर तीनों भाई-बहन को बंधक बना लिया। उसके बाद 65.25 लाख रुपये नकद व सोने के आभूषण लूट कर भाग गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को जब घटना की जानकारी मिली तब शहर में नाकाबंदी कर आरोपियों की खोज शुरू की गई और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा की 10 विशेष दलों का गठन किया तथा लोगों से पूछताछ शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया और उसमें पता चला कि एक महिला और चार पुरुष एक कार से वहां पहुंचे थे और उन्होंने ही घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को एक अन्य कार के भी इसमें शामिल होने की जानकारी मिली और बाद में पुलिस ने राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, नागपुर, बलौदा बाजार एवं रायपुर में दबिश देकर 10 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया।

पुलिस ने बताया कि डकैती का मास्टरमाइंड सोम शेखर है। वह बीएसएफ में सूबेदार के पद पर था और उसने 2011 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। इसके बाद वह एक एनजीओ से जुड़ा है।सोम शेखर का शिकायतकर्ता परिवार से घरेलू संबंध था और उसे जमीन बेचकर घर में रुपये रखे होने की जानकारी मिली थी।

शंकराचार्य निश्चलानंद बोले-सनातन बोर्ड की जरूरत नहीं

बंटोगे तो कटोगे पर कहा-मोदी-योगी एक जैसे दोनों की मिलीभगत, राजनेताओं का स्तर गिर गया

कवर्धा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन बोर्ड की क्या जरूरत है। सनातन धर्म में यह व्यवस्था ईस्वी से चली आ रही है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद से जुड़े चार शंकराचार्य हैं, जो भाजपा या कांग्रेस से संबंधित नहीं हैं। हमें सनातन बोर्ड की आवश्यकता नहीं है।

साथ ही कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा, जिसकी कमान शास्त्रों में वर्णित अनुसार मंत्रिमंडल का गठन होगा। इसमें सभी वर्गों को प्राथमिकता दी जाएगी। मंत्रिमंडल में 4 शिक्षाविद ब्राह्मण, 8 क्षत्रिय, 21 कृषि गोरक्ष और वाणिज्य को क्रियान्वित करने वाले अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ वैश्य शामिल होंगे। इसके साथ ही मंत्रिमंडल में 3 शूद्र भी होंगे, जिन पर कुटीर उद्योगों के संचालन की जिम्मेदारी होगी। एक सूत सांस्कृतिक मंत्री के रूप में होते थे। यह राजतंत्र कहलाता है।

दरअसल, शंकराचार्य 12 से

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

15 फरवरी तक कवर्धा के प्रवास पर हैं। जहां उन्होंने गुरुवार को यूनियन चौक स्थित संगोष्ठी स्थल में पत्रकारवार्ता ली। उन्होंने कहा कि विश्व में 204 देश हैं। राजनेताओं का स्तर इतना गिर गया है कि वह देशी-विदेशी कंपनियों को ठेका देते हैं। देश विदेश की 13 कंपनियां विश्व के देशों का संचालन कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह राजनेताओं की दुर्बलता है। राजनीति का अर्थ दंड नीति, अर्थ नीति, छात्र धर्म भी है। उन्माद पूर्ण शासन करने का नाम राजनीति नहीं है। उन्होंने कहा कि कूटनीति के पांच भेद का वर्णन शास्त्रों में किया गया है, जिनमें नमन, मिलन, दमन, अंकन और अनुगमन शामिल है। यह कूटनीति के पांच प्रकार हैं।

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने हिन्दू राष्ट्र पर कहा कि जब हम पुरी में अपने कमरे में गए तो वहां एक दीवार पर मां भगवती का एक रूप है। जैसे ही हमने देखा तो हमारे मुख से तीन बार हिन्दू राष्ट्र, हिन्दू राष्ट्र, हिन्दू राष्ट्र शब्द निकल गए। जब मां भगवती ने बुलवाया है, तो हिन्दू राष्ट्र बनेगा ही। शंकराचार्य ने महाकुंभ को लेकर कहा कि हर बारह वर्ष में कुंभ होता है। यह जो 144 वर्ष बाद महाकुंभ आया हुआ था, वह बीते दिनों 12 फरवरी को बीत चुका है।

आदित्य वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को शंकराचार्य 11:30 बजे यूनियन चौक में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी पर धर्म अध्यात्म और राष्ट्र के संबंध में श्रद्धालुओं की विविध जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे।

पादुकापूजन और दीक्षा का भी कार्यक्रम होगा। शाम 5 बजे से सरदार पटेल मैदान में धर्म सभा को संबोधित करेंगे।

रेत माफिया ने मारी गोली, सीने में बुलेट धंसने से मौत

साथी का भी फोड़ा सिर, बिहार से बेकरी में काम करने छत्तीसगढ़ आया था युवक

सारंगढ़-बिलाईगढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में रेत माफिया ने बिहार के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सीने में बुलेट धंसते ही युवक जमीन पर गिर गया। वह बिहार के हाजीपुर जिले से सारंगढ़-बिलाईगढ़ काम करने आया था। मामला सारंगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले युवक का नाम मुखलाल मांझी (39) है। वह रानीसागर स्थित ब्रेड फैक्ट्री (सूर्या बेकरी) में काम करता था। वारदात को 5 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। मुख्य आरोपी का नाम कृष्णा राजपूत (35) है। आरोपी ने मृतक के साथी का भी सिर फोड़ दिया। दरअसल, गुरुवार की रात (13 फरवरी) सूर्या बेकरी के सामने मुखलाल मांझी और उनके साथ बेकरी में काम करने वाले स्टाफ के लोग प्लास्टिक जला रहे थे। इस दौरान बेकरी स्टाफ के लोगों से कृष्णा राजपूत का विवाद हो गया। कृष्णा राजपूत घर दुकान के बाहर गाली-गलौज और हंगामा

करने लगा। इस दौरान बेकरी स्टाफ और कृष्णा राजपूत धमकाने लगे। विवाद बढ़ा तो कृष्णा राजपूत ने अपने 5 साथियों की मौजदूगी में देसी पिस्टल से मुखलाल मांझी के सीने पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया।हंगामा और विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि गोली लगते ही आसपास खून ही खून हो गया। बेकरी स्टाफ के लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। साथ ही युवक को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान मुखलाल की मौत हो गई। स्टाफ ने बताया कि एक और व्यक्ति को डंडे और लाठी से हमला किया है, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट है। आरोपियों में होटल संचालिका ललिता बघेल और उसकी साथी गौरी बरेठ, कृष्णा राजपूत समेत कई लोग थे।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल से एक मैगजीन, एक कार और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची, जिसने ब्लड सैंपल और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। मुख्य आरोपी कृष्णा राजपूत अवैध रेत खनन का काम करता है। सिंघनपुर के ग्रामीण उसकी कई बार शिकायत कर चुके हैं। सिंघनपुर की नदियों में अवैध रेत खनन और परिवहन से इलाके रोड खस्ताहाल हो गए हैं। ग्रामीणों ने रेत खनन को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।

बताया जा रहा है कि शिकायत के बाद कृष्णा राजपूत बौखला गया था। शिकायत करने वाले ग्रामीणों को बंदूक लेकर धमकाया था। इसके बाद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर को भी पत्र लिखकर शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले में एएसपी निमिषा पाण्डेय ने बताया कि बेकरी के सामने हत्या की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। कृष्णा राजपूत ने मर्डर किया है। अभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

मुठभेड़ में मारे गए 31 में से 28 नक्सलियों की हुई पहचान

आईईडी ब्लास्ट में शामिल कमांडर भी ढेर

रायपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ पुलिस ने बीजापुर में हुए एक मुठभेड़ में मारे गए नक्सली कमांडर समेत 28 माओवादियों की पहचान की है। ये मुठभेड़ इसी हफ्ते हुई थी। मारे गए माओवादियों में 17 पुरुष और 11 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि यह कमांडर पिछले महीने अंबेली में हुए आईईडी ब्लास्ट में शामिल था। इस ब्लास्ट में 8 डीआरजी जवान और एक ड्राइवर शहीद हो गए थे। माओवादियों से बरामद एके-47 राइफलें 2006, 2013 और 2014 में जवानों से लूटी गई थीं।

बीजापुर एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मारे गए माओवादियों के शव सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। मारा गया नक्सली कमांडर पश्चिम बस्तर डिवीजन का प्रमुख हंगा कर्मा (42) था। वह 1996 में सीपीआई (माओवादी) संगठन में शामिल हुआ था। माना जाता है कि वह 2006, 2007, 2013 और 2025 में हुए कई आईईडी हमलों और सुरक्षा शिविरों पर हमलों में शामिल था।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि कर्मा लंबे समय से सक्रिय था। वह हत्या, डकैती, लूट, अपहरण और सुरक्षा बलों पर हमले जैसे कई मामलों में शामिल था। उसके खिलाफ 11 वारंट लंबित थे और उस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने आगे बताया कि 2024 में, हमने 10 एके-47 असॉल्ट राइफलें, 3 लाइट मशीन गन, 9 इनसास, 15.303 राइफल और 286 अन्य हथियार और गोला-बारूद जब्त किए थे। जबकि 2025 में अब तक, हमने 2 एके-47, 2 इनसास, 3.303 राइफल और 77 अन्य हथियार और गोला-बारूद जब्त किए हैं। रविवार सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के एक जंगल में यह मुठभेड़ हुई थी।

छत्तीसगढ़ में देश का पहला वन मंदिर

राशि-ग्रह-नक्षत्र के पौधे, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए योग-हर्बल ट्री, यहां श्रीराम के वनवास का भी वर्णन

दंतेवाड़ा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के आवराभाटा में साढ़े 4 करोड़ रुपए की लागत से करीब 18 एकड़ में देश का पहला वन मंदिर बनाया गया है, जहां अलग-अगग थीम पर 7 वन बनाए गए हैं, जिसमें राशि, ग्रह, नक्षत्र के पौधे लगाए गए हैं। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए योग और औषधि (हर्बल पौधे) की जानकारी है।

इनमें सप्त ऋषि और पंचवटी वन भी है, जिसमें भगवान श्रीराम के वनवास काल का वर्णन है। साथ ही तितलियां, शेर, हाथी, भालू समेत कई जानवरों की 3डी पेंटिंग और पोस्टर भी हैं। डिजाइन ऐसा किया गया है कि मानों ये खुद अपना इंट्रो दे रहे हैं।

बच्चों के एजुकेशन को ध्यान में रखते हुए आसान और सरल शब्दों में स्लोगन लिखे गए हैं। अब अफसरों का दावा है कि, ये देश का पहला वन मंदिर है। जहां

शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और संस्कृति से संबंधित जानकारी मिल पाएगी। 2 दिसंबर को वन मंत्री केदार कश्यप इसका उद्घाटन करेंगे। वहीं 3 दिसंबर से आम नागरिकों के लिए ये वन मंदिर खुल जाएगा।

वन मंदिर में वन विभाग की टीम ने जानवरों और उनके प्रजातियों के बारे में भी जानकारी दी है। अफसरों का दावा है कि यहां जिस तरह से 3डी पोस्टर में जानवरों का जिक्र है सीजी में ऐसा कहीं नहीं है, जो बेहद ही आकर्षित करने वाला है। इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए यहां चिल्ड्रन्स पार्क भी है। वन मंदिर में आने वाले पर्यटकों को टिकट भी देना होगा।

हालांकि, इसके लिए बेहद ही नॉमिनल पैसे लिए जाएंगे। साथ ही यहां स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा कैफेटेरिया में बस्तरिया व्यंजन परोसे जाएंगे। दंतेवाड़ा डीएफओ की माने तो यहां जू की प्लानिंग भी की जा रही है।

सब कुछ ठीक रहा और सरकार से सहयोग मिला तो इस पर भी काम किया जाएगा। वहीं एडवेंचर्स गेम्स के लिए भी काम होंगे।

टीएस सिंहदेव बन सकते हैं छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष

भूपेश बनाए जा सकते हैं राष्ट्रीय महासचिव संगठन में जल्द हो सकता है बड़ा बदलाव

रायपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन में बड़ा बदलाव होने वाला है। बताया जा रहा है कि ओबीसी चेहरे को संगठन में शामिल किया जाएगा। ऐसे में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एआईसीसी का महासचिव बनाया जा सकता है।

वहीं, टीएस सिंहदेव को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी जा सकती है। भूपेश बघेल गुरुवार की सुबह दिल्ली रवाना हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस संगठन में व्यापक फेरबदल की तैयारी चल रही है। बीवी श्रीनिवास, कृष्णा अल्लावरु समेत कई नेताओं को भी महत्वपूर्ण पद मिलने की चर्चा है।

बघेल प्रदेश में पार्टी का कद्दावर ओबीसी चेहरा हैं। दिल्ली में बघेल अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत दूसरे नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसमें तय हो सकता है कि बघेल को नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने जा

रही है। इस समय कई समीकरण बदलाव की वजह बन रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में बड़े नेताओं के बीच खींचतान को खत्म करने और एकता बहाल करने के मकसद के लिए ये बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

सियासी गलियारों में ये भी खबर है कि भूपेश बघेल को एआईसीसी में महासचिव की जिम्मेदारी देने के बाद टीएस सिंहदेव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि इसे लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

दरअसल विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा में भी कांग्रेस की परफॉर्मेंस छत्तीसगढ़ में अच्छी नहीं रही। अब राज्यों में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी में भी बदलाव किए जाने के संकेत मिल रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने अंबिकापुर में नगरीय निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान कहा था कि अगला विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा था कि पिछले चुनाव में कांग्रेस एक नहीं थी, इस वजह से चुनाव हारे, लेकिन अब सभी एक हैं और अगले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उस समय पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी वहां मौजूद थे।

साउथ-सूडान में टॉयलेट साफ करवाया, एसिड पिलाया

40,000 की नौकरी के लिए फंसा युवक, कई देशों के लोग बंधक, रायपुर के वकील की मदद से वापसी

रायपुर, 14 फरवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। साउथ सूडान में भारतीय बेरोजगारों को अफसर वाली नौकरी देने का झांसा देकर श्रमिकों वाला काम करवाया जा रहा है। भारत से बुलवाकर सबसे पहले उनके दस्तावेज जब्त कर लिए जाते हैं फिर उन्हें बंधक बनाकर टॉयलेट तक साफ कराया जा रहा है।

साउथ सूडान में स्टेशनरी सप्लाई का काम करने वाली अहमदाबाद की टेक्नो ट्रेडिंग कंपनी पर आदित्य राठौर नाम के युवक ने बंधक बनाकर काम करवाने, झूठे आरोप में जेल भिजवाने और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। भारत सहित कई देशों के लोग अब भी वहां बंधक हैं। मेरा नाम आदित्य राठौर है। मैं मूलतः उत्तर प्रदेश के मैनपुरी का रहने वाला हूं। मैं नागपुर में अपने मामा के घर में रहकर एक निजी होटल में काम करता था। मेरा अहमदाबाद का दोस्त नीरव शाह साउथ सूडान में टेक्नो ट्रेडिंग कंपनी में काम करता है। होटल में काम करने के दौरान उससे दोस्ती हुई थी। उससे मैंने नवंबर में बात की, तो उसने साउथ सूडान में उसकी कंपनी में अफसर की पोस्ट और 40 हजार सैलरी दिलवाने का वादा किया। नीरव ने कंपनी के एचआर से इंटरव्यू करवाया, तो सेल्समैन की पोस्ट के लिए चयनित हुआ। चयन के दौरान एचआर ने अच्छा घर और खाना ऑफिस की तरफ से मिलने की बात बताई और कंपनी का ऑफर लेटर भेज दिया। कंपनी की तरफ से कुछ दिन बाद टिकट आया, तो मैं 27 अक्टूबर 2024 को साउथ सूडान पहुंचा। साउथ सूडान पहुंचते ही कंपनी के एचआर से मिला, तो उसने पासपोर्ट और वीजा अपने पास रख लिया और कंपनी की ओर से बनाए गए टीन के डिब्बा नुमा घर में रहने के लिए कहा। मैंने काम पूछा, तो एचआर ने बताया, कि अभी सेल्समैन की पोस्ट भर गई है, तो क्लीनिंग और किराएदारों से रेंट वसूलने का काम करो। कुछ दिन बाद तुम्हे सेल्समैन डिपार्टमेंट में शिफ्ट कर देंगे। पीड़ित आदित्य के अनुसार दिन के 17-17 घंटे काम के बाद जो उसे मंथली सैलरी दी जाती थी, वो सीधे अकाउंट में ना देकर हवाला के माध्यम से दी जाती थी। कंपनी के जिम्मेदारी अपना अधिकांश लेन-देन अंगड़िया (माध्यम) से करते थे। (अंगड़िया, पैसे या सामान भेजने का एक तरीका है) मैंने इंडिया वापस आने के लिए कंपनी को डेढ़ लाख रुपए अंगड़िया के माध्यम से दिया है। ये पैसा मैंने अपने रूम मेट के परिवार की मदद से जमा करवाया था।

पैसा देने के बाद भी कंपनी ने मुझे झूठे आरोप लगाकर जेल भिजवा दिया। मेरे जैसे कई और पीड़ित अभी कंपनी में फंसे है। मेरा रूम मेट, जिसने मेरी मदद की, वो अपने परिवार से संपर्क नहीं कर पा रहा है। टेक्नो ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई हो और वहां फंसे भारतीयों का रेस्क्यू हो, इसलिए विदेश मंत्री के पास जाकर उनकी शिकायत करूंगा।

आदित्य ने बताया कि बडी जेल में एक ही कपड़ा पहनने और खाना नहीं मिलने से वो बीमार रहने लगा। जेल प्रबंधन की मदद से उसने इंडिया में अपने परिचितों को सूचना भेजना शुरू किया। इस दौरान रायपुर के रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील निश्चय सिंह से उसका संपर्क हुआ। एडवोकेट ने उनका केस लिया और केंद्र सरकार, राज्यपाल, एजेंसी और साउथ सूडान की लोकल एजेंसियों से संपर्क करके उसे बाहर निकलवाया और भारत वापस आने में मदद की।

चार युवकों ने किशोरी से किया छेड़छाड़ और पैसे छीने

चाईबासा, 14 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। मनोहरपुर थाना क्षेत्र के उधंन गांव में 23 जनवरी को हुई इस घटना में चार स्थानीय युवकों ने न केवल किशोरी से छेड़छाड़ की, बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी और उसके जबरन पैसे भी छीन लिए। पीड़िता ने डर के कारण करीब 20 दिन तक यह बात किसी को नहीं बताई। गुरुवार को उसने हिम्मत जुटाकर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की पहचान राज महतो, अमला महतो, सूरज महतो और सुखवंत महतो के रूप में हुई है।

युवकों ने बुजुर्ग महिला की पीटकर की हत्या

देवघर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के देवघर जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जसीडीह थाना क्षेत्र के संग्राम लोढ़िया गांव के भुईयांडीह टोला में नशे में धुत युवक ने एक बुजुर्ग महिला की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। वहीं, बीच-बचाव में आई महिला की बहू को आरोपियों ने घायल कर दिया। घटना गुरुवार रात की है।

मृतका की पहचान 75 वर्षीय कौशल्या देवी के रूप में की गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले सुनील दास और पिंटू दास ने वारदात को अंजाम दिया है। परिजनों ने बताया कि दोनों युवक शाम को अक्सर शराब के नशे में धुत रहते हैं। गुरुवार शाम भी उन्होंने शराब पी थी। कौशल्या देवी शाम में राशन लेने जा रही थीं। इस बीच रास्ते में दोनों युवकों से किसी बात को लेकर बुजुर्ग महिला की कहासुनी हो गई। इसके बाद महिला अपने घर लौट आईं। कुछ देर बाद नशे में सुनील दास और पिंटू दास कौशल्या देवी के घर पहुंचे और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। जब महिला की बहू पूनम देवी और परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में कौशल्या देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उन्हें बचाने आई पूनम देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल पूनम देवी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जसीडीह पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रम्प ने सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ लगाया

बोले- भारत टैरिफ लगाने में सबसे ऊपर, भारतीय अप्रवासियों का दूसरा विमान भेजने की तैयारी

वॉशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश के सामान पर उतना ही टैरिफ लगाएगा।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार रात दस्तखत किए। ट्रम्प ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- मुझे याद है कि जब हार्ले डेविडसन भारत में अपनी मोटरबाइक नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत में टैक्स बहुत ज्यादा था, टैरिफ बहुत ज्यादा था और हार्ले को मैन्युफैक्चरिंग बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मुझे लगता है कि टैरिफ से बचने के लिए उन्हें भारत में एक फैक्ट्री लगानी पड़ी। हम भी ऐसा ही कर सकते हैं। टैरिफ से बचने के लिए वे हमारे यहां फैक्ट्री या प्लांट लगा सकते हैं।

ट्रम्प ने क्यों लगाया रेसिप्रोकल टैरिफ

ट्रम्प ने कुछ दिन पहले मीडिया से कहा था कि अब रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) होने का समय आ गया है। अब आप लगातार रेसिप्रोकल शब्द सुनेंगे। अलग दूसरे देश पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाते हैं तो हम भी उन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएंगे।

ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देश अमेरिका के मुकाबले में बहुत ज्यादा टैरिफ लगाकर अमेरिका को धोखा दे रहे हैं। दूसरे देशों की तरह ही आयात कर लगाने से निष्पक्ष व्यापार होगा और अमेरिकी सरकार में कमाई में बढ़ोतरी होगी।

व्हाइट हाउस ने इसे लेकर कहा था कि अन्य देश अमेरिका को लूट रहे हैं। यही वजह है कि राष्ट्रपति का मानना है कि यह एक बेहतरीन पॉलिसी होगी जो अमेरिकी वर्कर्स को फायदा देगी और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार करेगी।

भारत पर क्या असर पड़ेगा?

अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाया तो इससे नुकसान होगा। भारत अपना 17% से ज्यादा विदेशी व्यापार अमेरिका से करता है। अमेरिका, भारत के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे फल और सब्जियों का सबसे बड़ा खरीदार है।

2024 में अमेरिका ने भारत से 18 मिलियन टन चावल भी इम्पोर्ट किया है। अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया तो अमेरिकी बाजारों में भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे बिकने लगेंगे। इससे अमेरिकी जनता के बीच इनकी डिमांड कम हो जाएगी।

भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल रहा है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में साल 1990-91 तक औसत टैरिफ 125% तक था। उदारीकरण के बाद यह कम होता चला गया। 2024 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट 11.66 % था।

ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत सरकार ने टैरिफ रेट में बदलाव किया। द हिन्दू की रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार ने टैरिफ के 150%, 125% और 100% वाली दरों को खत्म कर दिया है। अब भारत में सबसे ज्यादा टैरिफ रेट 70% है। भारत में लग्जरी कार पर 125% टैरिफ था, अब यह 70% कर दिया गया है। ऐसे में साल 2025 में भारत का एवरेज टैरिफ रेट घटकर 10.65% हो चुका है। आमतौर पर सभी देश टैरिफ लगाते हैं। किसी देश में इसका रेट कम और किसी में ज्यादा हो सकता है। हालांकि, बाकी देशों से तुलना की जाए तो भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है।

पीएम मोदी दो दिनों की यात्रा पर 13 फरवरी को तड़के 4:30 बजे अमेरिका पहुंचे। मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइक वाल्ट्ज, टेस्ला चीफ इलॉन मस्क और भारतीय मूल के उद्योगपति विवेक रामास्वामी से भी बातचीत की।

ट्रम्प ने डॉलर की जगह किसी दूसरी करेंसी के इस्तेमाल पर ब्रिक्स देशों को 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने कहा- जिस दिन इन देशों ने ऐसा किया, वे उसी दिन टैरिफ न लगाने की भीख मांगेंगे। जिस वक्त मैं ऐसा करूंगा, ब्रिक्स खत्म हो जाएगा।

पीएम मोदी और इलॉन मस्क के बीच हुई बैठक को लेकर ट्रम्प ने कहा, उन्हें लगता है कि मस्क भारत में बिजनेस करना चाहते हैं, लेकिन टैरिफ की वजह से भारत में व्यापार करना बहुत मुश्किल है। उनके यहां टैरिफ बहुत ज्यादा है। मुझे लगता है कि उन्होंने (मस्क ने) इसलिए उनसे मुलाकात की है, क्योंकि वे एक कंपनी चला रहे हैं।

ट्रम्प के बयान की 6 बड़ी बातें

भारत में लगभग सभी देशों की तुलना में ज्यादा टैरिफ है।

ब्रिक्स देशों को एकबार फिर से 100% टैरिफ लगाने दी धमकी दी।

जब उनसे पूछा गया कि क्या चीजों के दाम बढ़ेंगे, तो उन्होंने कहा, 'जरूरी नहीं।'

टैरिफ से नौकरियां बढ़ेंगी, हालांकि कीमतें कुछ समय के लिए थोड़ी बढ़ सकती हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि ब्याज दरें नीचे जाने वाली हैं।

वैल्यू एडेड टैक्स (वीएटी) को भी टैरिफ माना जाएगा।

टैरिफ और अवैध अप्रवासियों पर बातचीत

दोनों नेताओं की मुलाकात में अवैध अप्रवासी और टैरिफ के मुद्दे पर भी बात की गई। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग अवैध रूप से दूसरे देशों में रहते हैं, उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

हमने हमेशा कहा है कि जो लोग भारत के नागरिक हैं और अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं।

दक्षिण कोरिया में निर्माणाधीण रिसॉर्ट में लगी भीषण आग

कम से कम छह लोगों की मौत, कई घायल

सियोल, 14 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के बुसान शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में आग लग गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। मामले में बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 10:20 बजे मिली। इस घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि करीब 90 अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।

कार्यवाहक राष्ट्रपति ने दिया निर्देश

घटना के बाद दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-

मोक ने अधिकारियों को आग बुझाने के लिए सभी उपलब्ध कर्मियों और उपकरणों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि और कितने लोग अंदर फंसे हुए हैं।

अधिकारियों ने ये भी बताया कि छह लोगों को हृदयाघात के कारण अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में सात अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं।

हर साल 20 सेमी डूब रहा है कैलिफोर्निया

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नेतृत्व में हुए अध्ययन में क्या सामने आया

वॉशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नेतृत्व में एक नए अध्ययन में पता चला है कि कैलिफोर्निया हर साल जमीन खो रहा है क्योंकि तटीय जल अंदर आ रहा है। इस अध्ययन में सैटेलाइट रेडार का उपयोग करते हुए कैलिफोर्निया के एक हजार मील से अधिक तटरेखा के उठने और डूबने को विस्तार से ट्रैक किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि कैलिफोर्निया के मध्य भाग, विशेष रूप से सेंट्रल वैली के कुछ हिस्से, हर साल 8 इंच (20 सेंटीमीटर) तक डूब रहे हैं, जिसका कारण भूजल निकासी से प्रभावित भूमि गति है।

नासा ने कहा, ऊंचाई में बदलाव छोटे लग सकते हैं - जो सालाना इंच के छोटे हिस्सों में होते हैं - लेकिन ये स्थानीय बाढ़ के जोखिम, लहरों के संपर्क और नमकीन पानी के घुसपैठ को बढ़ा या घटा सकते हैं। यह डूबना अनियंत्रित भूजल पंपिंग और वेस्टवाटर इंजेक्शन के साथ-साथ प्राकृतिक घटनाओं जैसे टेक्टोनिक गतिविधियों के कारण हो रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना केवल कैलिफोर्निया तक सीमित नहीं है, दुनिया भर में इसी तरह की डूबने की घटनाएं देखी गई हैं। दक्षिणी कैलिफोर्निया में नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला में रिमोट सेंसिंग वैज्ञानिक और प्रमुख लेखक मारिन गोवोर्सिन ने कहा, "दुनिया के कई हिस्सों में सैन फ्रांसिस्को के नीचे की पुनर्निर्मित भूमि की तरह जमीन समुद्र के बढ़ने की तुलना में तेजी से नीचे जा रही है।" 'हम दोनों के मिलने का मतलब एक और एक दो नहीं, ग्यारह होता है', अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मुलाकात में क्या बोले पीएम मोदी।

जर्नल साइंस में प्रकाशित हुए एक अध्ययन में टीम ने बताया कि तटीय ऊर्ध्वाधर भूमि गति (वीएलएम), जिसमें उठान और डूबना शामिल है, सापेक्ष समुद्र स्तर की भविष्यवाणियों और बाढ़ निवारण योजनाओं को बहुत प्रभावित कर सकता है। 2050 तक कैलिफोर्निया में समुद्र स्तर 2000 के स्तर की तुलना में 6 से 14.5 इंच (15 से 37 सेंटीमीटर) ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। बर्फ के ग्लेशियर और आइस शीट का पिघलना, साथ ही गर्म होते महासागर का पानी इस वृद्धि का मुख्य कारण है।

स्थानीय गति को स्पेस से इंच दर इंच पकड़ने के लिए टीम ने ईएसए (यूरोपीय स्पेस एजेंसी) के सेंटिनल-1 सैटेलाइट्स से किए गए रेडार माप और ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम में ग्राउंड-बेस्ड रिसीविंग स्टेशनों से गति वेग डेटा का विश्लेषण किया। नासा की टीम ने अनुमान लगाया है कि स्थानीय समुद्र स्तर 2050 तक 17 इंच (45 सेंटीमीटर) से अधिक बढ़ सकता है, जो क्षेत्रीय अनुमान 7.4 इंच (19 सेंटीमीटर) से दो गुना ज्यादा है।

युवक की हत्या, मदद के लिए चिल्लाता रहा

पलामू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। 35 वर्षीय राकेश कुमार की हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह उसका शव घर के दरवाजे पर खून से लथपथ मिला। वो रिक्शा चालक था। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार के अनुसार, मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। उसके पैर टूटे हुए थे और जांघ में दो छेद मिले। नुकीले हथियार से हमला किया गया था। हमलावरों ने राकेश को मारने के बाद रेलवे पटरी के किनारे बने नाले में फेंक दिया था। घटना रात करीब डेढ़ बजे की है। राकेश ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन मुहल्ले वालों ने उसे शराब पीकर हंगामा करने वाला समझ लिया और कोई मदद को नहीं आया।

अजरबैजान अब स्कूलों में पढ़ाएगा यहूदियों से भाईचारा

ऐसा करने वाला पहला मुस्लिम देश, इजरायल खुश

बाकू, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अजरबैजान ने एंटीसेमेटिज्म (यहूदी-विरोधी) की परिभाषा को अपने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का फैसला किया है। ऐसा करने वाला वह दुनिया का पहला मुस्लिम-बहुल देश बन गया है, जो उसकी महत्वपूर्ण प्रगति को दिखाता है। स्कूली शिक्षा में शांति और सांस्कृतिक सहिष्णुता के लिए निगरानी संस्थान (इमपाक्ट-सी) की बृहस्पतिवार को प्रकाशित रिपोर्ट से इस बारे में पता चलता है। यह रिपोर्ट मध्य एशियाई पाठ्यक्रमों पर तीन-भाग की श्रृंखला का हिस्सा है। इसमे उजबेकिस्तान और कजाकिस्तान की भी जांच की गई है। अजरबैजान का ऐसा करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके संबंध तुर्की के एर्दोगन शासन और पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छे हैं। रिपोर्ट में स्कूली पाठ्यक्रम के अंदर यहूदियों और इजरायल के सकारात्मक चित्रण को लेकर प्रकाश डाला गया है। पाठ्यक्रम में होलोकॉस्ट के दौरान 60 लाख यहूदियों के नरसंहार के रूप में मान्यता दी गई है। साल 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में पाठ्यक्रम में एक महत्वपूर्ण अपडेट हुआ है, जिसके तहत इजरायल विरोधी पाठ्य को हटा दिया गया है। इसके साथ ही इसमें इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बारे में अधिक संतुलित दृष्टिकोण पेश किया गया है। अच्छी बात यह है कि पाठ्यपुस्तकों में कट्टरपंथ या इस्लामवादी कट्टर बयानबाजी के संकेत नहीं है। इसकी जगह धर्मनिरपेक्षता, विविधता और समावेश को बढ़ावा दिया गया है। हालांकि, अभी भी अजरबैजान में यहूदियों का इतिहास और व्यापक यहूदी ऐतिहासिक नैरेटिव अभी भी अनुपस्थित हैं, जो अभी भी सुधार को जरूरत को दिखाता है।

स्टडी में अजरबैजान के राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की 53 पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन किया गया और सभी में इजरायल के चित्रण में बड़ा बदलाव देखा गया। पुरानी सामग्री में इजरायल को आक्रामक और शांति को खारिज करने वाला दिखाया गया था। अब नए पाठ्यक्रम में संघर्ष के लिए 1947 के संयुक्त राष्ट्र विभाजन योजना को अरबों के अस्वीकार करने को वजह बताया गया।

भारत न्यूट्रल नहीं, यूक्रेन युद्ध पर पीएम मोदी ने ट्रंप की मौजूदगी में दिया सख्त संदेश

दुनिया को बताया क्या सोचता है भारत

वॉशिंगटन, 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत इस मामले में तटस्थ नहीं है। वॉइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक के दौरान एक सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने शांति के पक्ष में भारत के रुख को दोहराया। उन्होंने युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा, 'भारत तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है। मैं पहले ही राष्ट्रपति पुतिन से कह चुका हूं कि यह युद्ध का युग नहीं है।'

पीएम मोदी से पूछा गया कि आप अकेले ऐसे लीडर हैं, जिन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन, यूक्रेन के वोलोदिमिर जेलेंस्की, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अब राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की है। क्या आप शांति की दिशा में पहल करेंगे और रूस यूक्रेन युद्ध पर भारत का क्या स्टैंड है? इस पर पीएम मोदी ने कहा कि 'दुनिया की एक सोच है कि भारत न्यूट्रल है, लेकिन भारत न्यूट्रल नहीं है। भारत का अपना पक्ष है और भारत का पक्ष है शांति।'

ट्रंप के प्रयासों की पीएम मोदी ने की तारीफ

पीएम मोदी ने आगे कहा कि 'मेरा दृढ़ विश्वास है कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं निकलता है। वो (बातचीत की) मेज पर चर्चा करके ही निकलता है।' पीएम मोदी ने कहा कि वह शांति के प्रयास का समर्थन करते हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने जो पहल की है, उसका समर्थन करते हैं।

पीएम मोदी की टिप्पणी ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अलग-अलग फोन पर मुलाकात के बाद आई है। ट्रंप ने अपने सलाहकारों को स्पष्ट किया है कि वह यूक्रेन संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करना चाहते हैं। ट्रंप के पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडन ने लगभग तीन वर्षों में अपने रूसी समकक्ष के साथ बात नहीं की थी। बाइडन प्रशासन का मानना था कि ऐसे नेता से बातचीत का कोई फायदा नहीं है, जिसे उन्होंने युद्ध अपराधी माना है।

चेर्नोबिल परमाणु रिएक्टर पर ड्रोन हमला

कीव, 14 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के चेर्नोबिल एटॉमिक प्लांट पर गुरुवार रात को ड्रोन हमला हुआ। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस अटैक का आरोप रूस पर लगाया है। जेलेंस्की ने कहा कि गुरुवार देर रात विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल प्लांट के कॉन्क्रीट से बने सेफ्टी कवच पर हमला किया। हमले में इस कवच को नुकसान पहुंचा है। हालांकि रूस ने ऐसे किसी हमले से इनकार किया है। जेलेंस्की के मुताबिक, यह हमला तबाह हो चुके पावर रिएक्टर नंबर- 4 पर किया गया। हमले के चलते इमरात में आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। 1986 में हुए चेर्नोबिल ब्लास्ट के बाद रेडिएशन रोकने के कॉन्क्रीट की यह एक शील्ड बनाई गई थी। इसके अलावा किसी और नुकसान या रेडिएशन का लेवल बढ़ने की कोई खबर नहीं है।

ट्रंप-मोदी मुलाकात में नाम लेकर पाकिस्तान को दी चेतावनी

आतंकवाद पर एक साथ आए भारत और अमेरिका, टेंशन में शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद, 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइट हाउस में मुलाकात हुई है। इस दौराना दोनों नेताओं की तरफ से जारी ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को आतंकवाद पर सख्त चेतावनी दी गई है। इस दौरान दोनों देशों ने कई सौदों पर बातचीत की है, जिसमें कच्चा तेल, डिफेंस, ऊर्जा और गैस जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भी सहयोग को बढ़ाने का फैसला किया है। बैठक के दौरान, अमेरिका ने भारत को एक एफ-35 लड़ाकू विमान देने पर भी सहमति जताई जो उसे चीन का मुकाबला करने में मदद करेगा। दोनों नेताओं की तरफ से जारी ज्वाइंट स्टेटमेंट में कहा गया है कि सीमा पार आतंकवाद पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में कहा गया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ निश्चित ही लड़ाई लड़ी जानी

चाहिए और आतंकवादियों को पनाह देने वाले ठिकानों को पूरी दुनिया से खत्म किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने ग्लोबल टेररिज्म के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और पाकिस्तान से 26/11 मुंबई और पठानकोट हमलों के अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए ना करे। द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया, जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित होगा। इसके अलावा दोनों नेताओं की तरफ से जारी ज्वाइंट स्टेटमेंट में अलकायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों की तरफ से आने वाले खतरों के खिलाफ सामूहिक तौर पर लड़ने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने डिफेंस, ट्रेड, एनर्जी सिक्योरिटी, टेक्नोलॉजी और लोगों के बीच सहयोग के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला है। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी ने हमारी सरकारों, उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच उच्च-स्तरीय जुड़ाव बनाए रखने और एक स्थायी भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए अपने महत्वाकांक्षी नजरिए को साकार करने की प्रतिज्ञा की है, जिससे दोनों देशों के लोगों की उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाया जाए। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नेताओं ने इस बात पर फिर से जोर दिया है, कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे सामूहिक तौर पर लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाना चाहिए।

भारतीय मूल के नागरिक को सिंगापुर में जेल की सजा

पूर्व राष्ट्रपति को जान से मारने की धमकी का आरोप

सिंगापुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सिंगापुर में एक भारतीय मूल के नागरिक विक्रम हार्वे चोट्टियार को पूर्व राष्ट्रपति हलीमा याकूब को जान से मारने की धमकी मामले में 10 महीने और 12 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। खबर है कि चेट्टियार को राष्ट्रपति हलीमा याकूब के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई है।

मामला है कि आरोपी विक्रम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति हलीमा याकूब के बारे में कहा था कि उन्हें घसीटकर बाहर निकाला जाना चाहिए और मार दिया जाना चाहिए। विक्रम ने 12 फरवरी को उत्पीड़न के तीन आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। बता दें कि विक्रम ने यह पोस्ट 30 अप्रैल, 2023 को की थी, जब वह ड्रग तस्करों की फांसी से परेशान था। सिंगापुर में दोषी ड्रग तस्करों को मौत की सजा दी जाती है और राष्ट्रपति के पास दया की अपील करने का अंतिम अधिकार होता है। विक्रम ने इस पर गुस्से में आकर इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट किया था। साथ ही विक्रम ने एक पुलिस अधिकारी से यह भी कहा था कि वह उस समय सुनवाई कर रहे एक न्यायाधीश को चाकू मारना चाहता था। सुनवाई के दौरान विक्रम ने मानसिक विकारों का दावा किया था, लेकिन सिंगापुर के मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने उसकी शिकायतों को निराधार पाया। इसके बाद विक्रम को जमानत पर शर्तें लगाई गईं, जिसमें उसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को हटाने और भविष्य में किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई पोस्ट या टिप्पणी न करने की शर्त दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद, विक्रम ने 1 मार्च, 2024 को एक ईमेल भेजा जिसमें न्यायाधीश को हिंसा की धमकी दी गई थी। इसके बाद विक्रम की जमानत रद्द कर दी गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जहां विक्रम के खिलाफ यह मामला न्यायालय में लंबित था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब उसे जेल की सजा सुनाई गई है। विक्रम ने जज को चाकू मारने की धमकी दी थी और एक ईमेल भेजकर जज को हिंसा का शिकार बनाने की बात की थी। इस धमकी के बाद, विक्रम ने दावा किया था कि उसके ईमेल खाते से छेड़छाड़ की गई थी, लेकिन यह झूठा था। इसके बाद, अभियोजन पक्ष ने विक्रम की जमानत रद्द करने के लिए अदालत में आवेदन किया क्योंकि उसने फिर से अपराध किया था। गौरतलब है कि 18 मार्च, 2024 को विक्रम ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें उसने कहा कि ईमेल में जो लिखा गया था, वह झूठा था। फिर अदालत ने सुनवाई 22 मार्च, 2024 तक स्थगित कर दी। विक्रम उस तारीख को अदालत में नहीं पहुंचे, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया।

तुर्की या सऊदी अरब, मुस्लिम देशों का नेता कौन

मलेशिया के पीएम ने लिया एर्दोगन का नाम, आगबबूला होंगे प्रिंस एमबीएस?

जकार्ता, 14 फरवरी (एजेंसियां)। इस्लामिक देशों का खलीफा कौन होगा? सऊदी अरब और तुर्की के बीच लंबे समय से एक कोल्ड वार छिड़ हुआ है। दोनों ही देशों के नेता इस्लामिक देशों में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए ताकत का नुमाइश करते रहते हैं। वहीं मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने तुर्की के राष्ट्रपति को 'इस्लामिक देशों का नेता' कहकर बहस की इस आग में हवा दे दी है। जकार्ता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अनवर इब्राहिम ने तुर्की के राष्ट्रपति की जमकर तारीफ की और मुश्किल समय में साथ देने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि सबसे मुश्किल परिस्थिति में जब हर किसी ने उनका साथ छोड़ दिया था उस वक्त भी तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन उनके साथ खड़े रहे। इसी दौरान अनवर इब्राहिम ने उन्हें 'इस्लामिक देशों का नेता' कहकर संबोधित किया, जो निश्चित तौर पर सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को पसंद नहीं आएगा।

इस्लामिक देशों का नेता बनने का ये मुकाबला लगातार चलता रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी एर्दोगन को आधुनिक खलीफा बनाने की कोशिश की थी। लेकिन प्रिंस सलमान ने उनकी हेकड़ी टाइट कर दी थी। सऊदी अरब इस कदर नाराज हुआ था कि उसने पाकिस्तान की मदद रोक दी थी। जिसके बाद घबराकर इमरान खान सऊदी के चरणों में गिर गये थे। कई महीनों के बाद सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें माफ किया था। इसलिए मलेशिया के प्रधानमंत्री का ये बयान इस्लामिक देशों में एक नई बहस को जन्म दे सकता है। इसके अलावा मलेशिया और सऊदी अरब के संबंधों पर भी असर डाल सकता है।

इस्लामिक देशों का नेता कौन?

इस्लामिक देशों का नेता बनने के लिए मुख्य तौर पर सऊदी अरब, तुर्की और ईरान के बीच रेस चलता रहा है। इस वजह से तीनों ही देशों के आपसी संबंध हमेशा से खराब रहे हैं। ये तीनों देश अपने वर्चस्व का विस्तार करने के लिए ऐतिहासिक विरासत, आर्थिक और राजनीतिक मौकों का इस्तेमाल करते रहते हैं।

सांवलिया सेठ मंदिर के तहखाने में मिली 58 किलो अफीम

> नारकोटिक्स विभाग ने कब्जे में लिया > मन्नत पूरी होने पर भक्तों ने चढ़ाई थी

चित्तौड़गढ़, 14 फरवरी (एजेंसियां)। श्री सांवलियाजी मंदिर में चढ़ावे के रूप में एकत्रित हुई 58 किलो से ज्यादा की अफीम को नारकोटिक्स विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया।

नीमच, मंदसौर और प्रतापगढ़ से नारकोटिक्स विभाग की 2 टीमें गुरुवार को मंदिर पहुंची। उन्होंने गर्भगृह के नीचे बने तहखाने में रखी हुई अफीम की जांच की। अफीम को तौलने के लिए विभाग की टीम इलेक्ट्रॉनिक कांटे लेकर आई थी। करीब 4 घंटे तक चली कार्रवाई में अफीम को तोला गया और कागजी कार्रवाई पूरी की गई। वहीं, इस पूरे मामले में मंदिर मंडल की सीईओ और अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम ने जानकारी देने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि इसकी जानकारी सिर्फ नारकोटिक्स विभाग ही देगा। श्री सांवलियाजी मंदिर में भक्त प्लास्टिक की थैलियों में अफीम भंडार में चढ़ाते हैं और यह परंपरा लंबे समय से चली आई है। श्री सांवलियाजी मंदिर में भक्त प्लास्टिक की थैलियों में अफीम भंडार में चढ़ाते हैं और यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। काफी समय से इसकी शिकायतें मिल रही थीं।

अफीम को प्रसाद के रूप में बांटते थे

करीब दो-तीन साल पहले तक इस अफीम को मंदिर के पुजारी खुद के लिए यूज करते थे। साथ ही विशिष्ट भक्तों को प्रसाद के रूप में भी देते थे। इसे लेकर मंदिर चर्चाओं में रहा था। बाद में मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारियों ने एक्शन लेते हुए अफीम को अपने कब्जे में लेना शुरू किया और उसे तहखाने में रख दिया। लेकिन, किसी आरटीआई कार्यकर्ता ने लेटर लिखकर इसकी शिकायत नारकोटिक्स विभाग को कर दी। इसके बाद अफीम सीज की गई। इस कार्रवाई के दौरान एडीएम प्रभा गौतम मौजूद थीं, लेकिन उन्होंने कार्रवाई करने वाले विभाग का हवाला देते हुए कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया।

भविष्य में पुलिस को सौंपा जाएगा

यह भी जानकारी मिली है कि भविष्य में हर चतुर्दशी पर पुलिस की निगरानी में भंडार से निकलने वाली अफीम को वजन करके पुलिस को सौंपा जाएगा।

हर महीने आता है करोड़ों का चढ़ावा

सांवलिया सेठ के चढ़ावे का भंडार हर महीने खुलता है। हर महीने एवरेज 18 से 20 करोड़ का चढ़ावा आता है। जनवरी 2025 में 22.92 करोड़ का चढ़ावा आया था, जिसमें सोना-चांदी भी शामिल है।

राजस्थान हाईकोर्ट को मिले एक और जज

एडवोकेट कोटे से मनीष शर्मा की न्यायाधीश पद पर नियुक्ति; इस साल रिटायर होंगे 3 जज

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट को एक और न्यायाधीश मिल गए हैं। वकील कोटे से एडवोकेट मनीष शर्मा के हाईकोर्ट जज के नियुक्ति वारंट जारी हो गया है। राष्ट्रपति भवन से वारंट जारी होने के बाद विधि मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी हैं। मनीष शर्मा राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर बैंच में प्रैक्टिस करते हैं।

हाईकोर्ट कॉलेजियम के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने भी उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति की हैं। वहीं इस साल 3 जज रिटायर भी होने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मनीष शर्मा सोमवार को शपथ भी ले सकते हैं। एडवोकेट मनीष शर्मा के नाम की सिफारिश साल 2021 में हुई थी। लेकिन, लंबे समय से केन्द्र में इनका नाम अटका हुआ था। अब केन्द्र सरकार से इनके नाम की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति भवन ने इनके नियुक्ति वारंट जारी किए हैं। मनीष शर्मा ने साल 1993 से वकालत में है। इनकी प्रेक्टिस सेशन कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट में रही हैं।

22 दिन पहले तीन नए जज मिले थे

करीब 22 दिन पहले राजस्थान हाईकोर्ट को न्यायिक कोटे से तीन न्यायाधीश जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा, जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली मिले थे । तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं। अब एक और जज मिलने के बाद हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो जाएगी। लेकिन यह अभी भी स्वीकृत पदों के मुकाबले 16 कम हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने करीब डेढ़ महीने पहले राजस्थान के तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की थी। जिसके बाद राष्ट्रपति ने इन तीनों के नियुक्ति वारंट जारी किए थे। करीब दो साल पहले राजस्थान हाईकोर्ट को एक साथ 8 जज मिले थे। इनमें 5 न्यायिक और 3 जज वकील कोटे से बने थे। मनीष शर्मा के हाईकोर्ट न्यायाधीश पद की शपथ लेने के साथ ही हाईकोर्ट में जजों की संख्या 34 हो जाएगी।

अश्लील कमेंट करने वाली अपूर्वा को आईफा ने बाहर निकाला

राजपूत करणी सेना ने दी थी धमकी; शो में पेरेंट्स पर की थी अभद्र टिप्पणी

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में होने वाले आईफा अवॉर्ड शो के प्रचारकों में शामिल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा को आईफा से बाहर कर दिया गया है। अब वह आधिकारिक रूप से आईफा प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लील टिप्पणी करने के बाद अपूर्वा मखीजा का विरोध शुरू हो गया था। वह 20 फरवरी को आईफा शो के लिए उदयपुर में शूटिंग करने वाली थीं।

इसका राजपूत करणी सेना ने विरोध शुरू कर दिया था। यूट्यूबर अपूर्वा मखीजा और मिर्जापुर सीरीज में गुड्डू पंडित का रोल प्ले करने वाले अली फजल आईफा शो के लिए 20 फरवरी को लेकसिटी में शूटिंग करने वाले थे। यहां उदयपुर के सिटी पैलेस, अमराई घाट, पिछोला झील में वीडियो शूट होने वाला था। विवाद बढ़ने पर आईफा प्रचारकों की लिस्ट से अपूर्वा का नाम हटा दिया गया है। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का शो है, जिस पर विवाद हो रहा है। यह एपिसोड 8 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इस शो के दुनियाभर में 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं, जिनका जिक्र दैनिक भास्कर यहां नहीं कर सकता है। समय रैना के इस शो के हर एपिसोड को यूट्यूब पर औसतन 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिलते हैं।

लिफ्ट देने के बहाने महिला से सामूहिक दुष्कर्म

उदयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उदयपुर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक 40 वर्षीय महिला के साथ कार में गैंगरेप की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 10 बजे महिला अपने घर जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी थी, तभी एक कार में सवार चार बदमाशों ने उसे लिफ्ट देने की पेशकश की। महिला उनके साथ कार में बैठ गई, लेकिन आरोपियों ने उसे निर्धारित स्थान पर न छोड़ते हुए आगे ले गए।

कार में सवार बदमाशों ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और मारपीट की। बाद में वे उसे बेहोशी की हालत में डबोक स्थित एक निजी कॉलेज के बाहर छोड़कर फरार हो गए। होश आने पर महिला ने कॉलेज के गेट पर मौजूद चौकीदार से मदद मांगी। चौकीदार ने उसे पानी पिलाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को एमबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण करवाया गया।

आईपीएल को लेकर आईएएस और विधायक भिड़े

बिहाणी बोले-बीसीसीआई ने हमें दी जिम्मेदारी, सेक्रेटरी ने कहा-ये संभव नहीं

जयदीप बिहाणी
संयोजक, एडहॉक कमेटी

नीरज कुमार पवन
सचिव, खेल विभाग

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले शुरू होने से पहले ही सियासी घमासान शुरू हो गया है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने आईपीएल के लिए खेल परिषद से सवाई मानसिंह स्टेडियम को किराए पर मांगा है। एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने कहा- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हमें इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले आयोजित करने की जिम्मेदारी दी है।

ऐसे में अगर 15 फरवरी तक ऐसा नहीं किया तो 16 फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर इस मुद्दे पर बात करूंगा।वहीं, खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन का कहना है कि परिषद की निगरानी में ही आईपीएल के मुकाबले संभव है, एडहॉक कमेटी द्वारा नहीं है।

सचिव नीरज कुमार पवन को लेटर लिखा

दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन को 10 फरवरी को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि बीसीसीआई ने आरसीए की एडहॉक कमेटी को जयपुर में आईपीएल के मुकाबला आयोजित करने के लिए कहा है। ऐसे में 15 फरवरी तक एडहॉक कमेटी को हैंडओवर करें। ताकि इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले को लेकर स्टेडियम को तैयार किया जा सके। ताकि इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले की तैयारी शुरू हो सके। कमेटी एसएमएस में होने वाले आईपीएल के हर मैच के लिए खेल परिषद को 20 लाख रुपए देगी। अगर खेल विभाग ने समय रहते ऐसा नहीं किया तो 16 फरवरी को मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी से मिल इस मुद्दे पर अपनी बात रखूंगा।

आरसीए के पास कोई इंटरनेशनल स्टेडियम नहीं- सचिव

खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले को लेकर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पास फिलहाल किसी तरह का अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम नहीं है। जहां इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले का आयोजन हो सके। इसके साथ ही उनका खेल परिषद के साथ किसी तरह का एमओयू भी नहीं है। ऐसे में खेल परिषद की निगरानी में ही जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले का आयोजन संभव है, एडहॉक कमेटी द्वारा नहीं है।

महाकुंभ में न पहुंच पाने के अवसाद में जयपुर मेट्रो के आगे कूदा युवक, ट्रैक पर लगे सेंसर ने बचाई जान

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में एक युवक ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन मेट्रो ट्रैक पर लगे सेंसर की वजह से समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लग गए और बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने युवक को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार कर्नाटक निवासी यशवंत ए. जो पेशे से इंजीनियर हैं, प्रयागराज कुंभ जाने के लिए बेंगलुरु से निकले थे। जयपुर पहुंचने के बाद वे सिंधी कैंप बस स्टैंड गए, लेकिन किसी कारणवश प्रयागराज नहीं जा सके। इस वजह से वे मानसिक तनाव में आ गए और बड़ी चौपड़ जाने वाली मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लेकिन ट्रैक पर सेंसर लगे होने के कारण ट्रेन के ब्रेक अपने आप लग गए और युवक की जान बच गई। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत युवक को काबू कर लिया और पुलिस को सूचना दी। मेट्रो थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक के मानसिक स्वास्थ्य की भी जांच कराई जाएगी।

उदयपुर में चलती कार में महिला से गैंगरेप

उदयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। उदयपुर में लिफ्ट देने के बहाने कार सवार चार युवकों ने महिला (40) को अगवा कर लिया। फिर चलती कार में उसके साथ गैंगरेप किया।

सरिए से मारपीट करने के बाद आरोपी उसे सुनसान जगह पर फेंककर फरार हो गए। मामला प्रतापनगर थाना इलाके का बुधवार रात करीब 9 बजे का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने गैंगरेप, अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया है।

राजस्थानी बिजनेसमैन ने पत्नी की याद में बनाया बेशकीमती म्यूजियम

दुर्लभ कलेक्शन में 6500 करोड़ के आइटम, 25 करोड़ की केतली भी

निर्मल सेठिया

चित्रा सेठिया

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बिजनेसमैन निर्मल सेठिया ने लंदन में पत्नी की याद में अनोखा और बेशकीमती म्यूजियम बनाया है। इस म्यूजियम में करीब 6500 करोड़ की कीमत के चाय से जुड़े आइटम हैं। इनमें एक 25 करोड़ रुपए की केतली भी है। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स दर्ज किया गया है। करीब 80 साल के बिजनेसमैन सेठिया की पत्नी चित्रा का 15 साल पहले निधन हो गया था।बिजनेसमैन ने यूके के कैमब्रिज में ऑटिज्म सेंटर और लंदन में चित्रा सेंटर फॉर रोबोटिक मास की भी शुरुआत की है। इसके साथ विक्टोरिया एंड एल्बर्ट म्यूजियम (लंदन) में सेंट्रल कास्ट कोर्ट गैलरी भी चित्रा कलेक्शन के नाम पर स्थापित की गई।

ईगोइस्ट नामक केतली की सबसे ज्यादा चर्चा

चित्रा कलेक्शन में 3300 दुर्लभ चाय की केतलियां मौजूद हैं। इसमे 'ईगोइस्ट' नामक एक अनोखी चाय की केतली है, जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपए है। यह रूबी, डायमंड और गोल्ड से जड़ी हुई है। दावा किया जाता है कि ये दुनिया की सबसे महंगी केतली है। पत्नी की याद में सेठिया ने नई दिल्ली में एक मंदिर बनाने के बाद, कुरुक्षेत्र में तिरुपति मंदिर बनवाया। यह मंदिर उस स्थान पर बनाया गया है, जहां भीष्म पितामह ने अपनी अंतिम सांस ली थी। यह सेठिया के अपनी पत्नी के प्रति गहरे प्रेम और धार्मिक आस्था को दर्शाता है।

भजनलाल सरकार के खर्चे पर होगी तीर्थ यात्रा

> 36,000 लोगों को मिलेगा लाभ

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक खुशखबरी है। राज्य सरकार तीर्थ यात्रा योजना का कोटा बढ़ाने वाली है। वर्तमान में मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के तहत अधिकतम 36,000 हजार लोगों को यात्रा करवाती है। अब यह सीमा बढ़ाई जाने वाली है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत का कहना है कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना का लाभ मिले। इस संबंध में योजना में बदलाव किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इस योजना के तहत देश के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के साथ नेपाल के पशुपति नाथ और कैलाश मानसरोवर की यात्रा भी शामिल है। हालांकि कोरोना के बाद से कैलाश मानसरोवर की यात्रा बंद है। इसे जल्द ही फिर से शुरु किए जाने की उम्मीद है।

इस साल 76 फीसदी नागरिक कर चुके यात्रा

वर्तमान में इस योजना के तहत एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 36 हजार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराने का प्रावधान है। इनमें से 30,000 नागरिकों को ट्रेन के जरिए देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है। शेष 6,000 यात्रियों को हवाई सेवा के जरिए देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कराई जाती है जिसमें नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन भी शामिल है। इस वित्तीय वर्ष में 76 प्रतिशत यात्री तीर्थ यात्रा कर चुके हैं। 31 मार्च से पहले शेष बचे सभी नागरिकों को भी तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। देवस्थान विभाग के मुताबिक ट्रेन के जरिए देश के 15 धार्मिक स्थलों की तीर्थ यात्रा कराई जाती है। इनमें इसमें रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, तिरुपति, द्वारकापुरी, वैष्णो देवी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन-बरसाना, सम्मेदशिखर-पा वा पु री - बै ज ना थ , उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्र्यंबकेश्वर, गंगासागर, कामाख्या, हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, मथुरा-अयोध्या, बिहारशरीफ एवं वेलंकनी चर्च-तमिलनाडु शामिल है। कुल 30 हजार की सीमा में से 23 हजार से ज्यादा लोगों को तीर्थ यात्रा कराई जा चुकी है।

लॉटरी के जरिए होता है यात्रियों का चयन

प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तीर्थ यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों की संख्या अलग-अलग है। 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नागरिक इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के बाद विभाग की ओर से दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया जाता है। बाद में जिलेवार लॉटरी निकाली जाती है।

भरतपुर में दिनदहाड़े फायरिंग

भरतपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। भरतपुर संभाग के डीग जिले में फेसबुक पर एक पहलवान को लेकर के युवक को कमेंट करना भारी पड़ गया.पहलवान कमेंट से इस कदर नाराज हुआ कि आरोपी युवक ने अपने साथियों के साथ बाइक सवार युवक को गोली मार दी. युवक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे सीकरी अस्पताल ले जाया गया जहां से भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने पहलवान को हिरासत में ले लिया है। डीग जिले के सीकरी के उड़कीदल्ला निवासी महबूब और दिलशाद बाइक से कामां से वाया कैथवाड़ा होकर अपने गांव आ रहे थे।

भजनलाल शर्मा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नप गए पुलिसकर्मी

भरतपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर में पुलिस के एक वायरल वीडियो ने जमकर खलबली मचा दी है। इस वीडियो में पुलिसकर्मी सीएम भजनलाल के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते नजर आए। डीएसटी टीम के पुलिसकर्मी एक चाय की दुकान पर मालिक को धमका रहे थे कि 'पंडित जी खुद को सीएम मत समझो, भजनलाल भी बचाने नहीं आएगा।' बाद में यह वीडियो वायरल हुआ तो आरोपी पांच पुलिसकर्मी नप गए। इस मामले में आईजी के निर्देश पर चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया गया है। यह वीडियो भरतपुर आगरा हाईवे पर एक चाय की दुकान का बताया जा रहा है। दरअसल, पुलिसकर्मी को शंका थी कि चाय की दुकान पर अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री होती है।

'भजनलाल भी तुमको बचाने नहीं आएगा'

हैरान कर देने वाला यह मामला भरतपुर आगरा हाईवे से सामने आया हैं, जहां यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसी दौरान डीएसटी टीम के पुलिसकर्मी दुकानदार को धमकाते नजर आ रहे है। वीडियों में दुकानदार पुलिस कर्मियों से कह रहा है कि इस भीड़ की मेरे को जानकारी नहीं है। मैं सिर्फ चाय और खाने-पीने का सामान बेचता हूं। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी कहता है, 'पंडित जी खुद को सीएम मत समझो, भजनलाल भी बचाने नहीं आएगा।' यह वीडियो सामने आने पर पुलिस विभाग में जमकर खलबली मच गई।

इस दौरान वीडियो वायरल होने पर जब यह मामला भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश के पास पहुंचा तो उन्होंने एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा डीएसटी में तैनात दिनेश, जगदीश, मधुसूदन व लक्ष्मण को लाइन हाजिर कर दिया, जबकि रितेश को सस्पेंड कर दिया गया है। इधर, पुलिस विभाग मामले को लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गया है।

राज्यपाल के आदेश नहीं मानने पर आरयूएचएस कुलपति को नोटिस

जयपुर, 14 फरवरी (एजेंसियां)। राजभवन से समय-समय पर जारी आदेशों की पालना नहीं करने पर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) के कार्यवाहक कुलपति डॉ. धनंजय अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कुलपति को नोटिस जारी कर राजभवन के आदेशों की पालना नहीं करने पर 7 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

साथ ही विभाग ने कुलपति के इस कृत्य को घोर लापरवाही और राजकार्य के प्रति जानबूझकर की गई लापरवाही माना है। दरअसल, कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन कमेटी में विश्वविद्यालय की तरफ से सदस्य का नाम भेजना था। इसके संबंध में राजभवन से पत्र कुलपति को जारी किया था। कुलपति डॉ. धनंजय अग्रवाल ने सदस्य की सूचना राजभवन को नहीं भिजवाई। समय पर नाम नहीं भिजवाने पर राजभवन ने कुलपति को रिमाइंड नोटिस भी भेजा। कोई जवाब नहीं देने पर जब चेतावनी नोटिस भेजा तब जाकर कुलपति ने सदस्य का नाम भिजवाया।

कांग्रेस कार्यकर्ता कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाएं : रेवंत

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया है कि युवा कांग्रेस के नेताओं पर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है।

जक्किडी शिव चरण रेड्डी को शुक्रवार को गांधी भवन में तेलंगाना राज्य युवा कांग्रेस के नए अध्यक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, विभिन्न मंत्री, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के साथ-साथ कई कांग्रेस विधायकों, सांसदों और पार्टी सदस्यों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। अपने भाषण के दौरान, रेवंत रेड्डी ने कहा कि 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के किसी भी विधायक ने पैसा खर्च करके जीत हासिल नहीं की। बल्कि, उनकी सफलता जनता के समर्थन का परिणाम थी। उन्होंने एक तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर वित्तीय संसाधन जीत का एकमात्र निर्धारक होते, तो के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस पार्टी 100 सीटें हासिल करती। उन्होंने कहा, बीआरएस नेता केटी रामाराव ने विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की हार में योगदान दिया है, जिसके कारण केसीआर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसी तरह, बीआरएस एमएलसी कविता ने हाल ही में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की हार का कारण बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी गलत सूचना से कांग्रेस पार्टी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि कांग्रेस सरकार तेलंगाना में अगले दो दशकों तक सत्ता में बनी रहेगी, न कि केवल एक कार्यकाल के लिए। रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह और युवा कांग्रेस के नेता तेलंगाना के विकास की उपेक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सवाल किया कि तेलंगाना के लोगों ने ऐसा क्या गलत किया है कि उन्हें धन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय नेताओं किशन रेड्डी और बंडी संजय से आग्रह किया कि वे राज्य सरकार पर उंगली उठाने के बजाय क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) परियोजना की स्थिति के बारे में लोगों को सूचित करें।

परिवार को धमकाने के आरोप में 2 लोगों पर केस

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सैदाबाद पुलिस ने मारे गए गैंगस्टर नईम के अनुयायी होने का दावा करके एक परिवार को धमकाने और गाली देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, संदिग्ध पी श्रीहरि और उनके बेटे पी प्रसाद पिछले दो वर्षों से शिकायतकर्ता ई अनुराधा पर उसकी इच्छा के विरूद्ध सैदाबाद के करणबाग स्थित मकान को उन्हें बेचने के लिए दबाव डाल रहे थे। अनुराधा से रंजिश रखते हुए दोनों 9 फरवरी को उसके घर आए और घर बेचने की अपनी मांग मानने के लिए दबाव बनाया। जब उसने मना कर दिया तो दोनों ने श्रीहरि की पत्नी और बेटी के साथ मिलकर अनुराधा और उसके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। अनुराधा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने खुद को नईम का अनुयायी बताया और हमारे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर सैदाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिंगुर जलविद्युत परियोजना ने बनाया रिकॉर्ड

20 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन के साथ चौथा सर्वाधिक उत्पादन किया दर्ज

संगारेड्डी, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंगुर जलविद्युत परियोजना ने 1 अप्रैल, 2024 से अब तक 20 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। अधिकांश बिजली सितंबर और अक्टूबर के दौरान उत्पन्न की गई थी। टीजी जेनको ने सितंबर में 7.27 एमयू बिजली का उत्पादन किया था, जबकि 17 अक्टूबर तक 5.7 एमयू बिजली का उत्पादन हुआ। इस परियोजना में 7.5 मेगावाट क्षमता की दो जलविद्युत इकाइयां हैं, जिन्हें 1998 में पुलकल मंडल के सिंगुर गांव में मंजीरा नदी पर परियोजना के निर्माण के बाद स्थापित किया गया था।

हाइड्रोपावर यूनिट चालू होने के बाद से टीजी जेनको ने इस साल की तुलना में सिर्फ़ तीन गुना ज़्यादा बिजली पैदा की है। जेनको ने 2022-23 में रिकॉर्ड तोड़ 30 एमयू बिजली पैदा की। इस साल तक, 2010-11 में 25.68 एमयू बिजली उत्पादन अब तक का सबसे ज़्यादा था। इस वर्ष सहित परियोजना के 27 वर्षों के इतिहास में जेनको केवल चार बार 20 एमयू से अधिक उत्पादन कर सका। चूंकि सिंगुर को संगारेड्डी और मेडक जिलों में यासांगी की जरूरतों के लिए सिंचाई के पानी को नीचे की ओर छोड़ना पड़ता है, इसलिए जलविद्युत परियोजना अप्रैल तक चालू रहेगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल 30 मार्च तक बिजली उत्पादन 21 एमयू को पार कर जाएगा। यहां उत्पादित बिजली सदाशिवपेट और जोगीपेट कस्बों में स्थित 132 केवी सबस्टेशनों से जुड़ी है। टीजी जेनको के मुख्य अभियंता वी रमेश बाबू ने कहा कि परियोजना के चालू होने के बाद से यह जेनको के लिए सबसे फलदायी वर्षों में से एक रहा है।

उत्कृष्ट साइबराबाद पुलिस अधिकारियों को सेवा पदक प्रदान किए गए

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद के गच्चीबोवली में एक भव्य "पुरस्कार मेला" आयोजित किया गया, जहां पुलिस कर्मियों को उनकी असाधारण सेवा और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने कानून प्रवर्तन में अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए, आयुक्त ने सार्वजनिक सेवा के लिए असाधारण कौशल, प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को मान्यता देने के महत्व पर जोर दिया। सीपी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य और केंद्र सरकारें अधिकारियों को उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करने और उनकी सराहना करने के लिए प्रतिवर्ष सेवा पदक से सम्मानित करती हैं। वर्ष 2024 के लिए पुलिस कर्मियों को कुल 107 पदक वितरित किए गए, जिनमें तेलंगाना स्थापना दिवस 2024 पर प्राप्त सेवा पथकम के लिए 76 कांस्य पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक (2020 और 2024) श्रेणी के तहत 4 स्वर्ण पदक और उत्कृष्ट सेवा पदक (2020 और 2024) श्रेणी के तहत 27 रजत पदक शामिल हैं। ये पुरस्कार विभिन्न रैंकों के अधिकारियों को कानून और व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और अपराध की रोकथाम में उनके समर्पण, ईमानदारी और अनुकरणीय सेवा के सम्मान में प्रदान किए गए।

सामूहिक विवाह के सन्दर्भ में बैठक कल

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी जागृति समिति के तत्वावधान में 30 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, इस सन्दर्भ में एक मिटिंग का अयोजन 16 फरवरी को बाहेती भवन सिद्दिंबर बाजार हैदराबाद में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। सोमानी ने कहा सामूहिक विवाह सम्मेलन में अभी तक 9 परिवार वालों ने रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं समिति का 31 जोडों का विवाह कराने का निर्णय लिया गया है। सामूहिक विवाह सम्मेलन मारवाड़ी समाज के संपूर्ण रीति रिवाज से संपन्न कराया जाएगा।

अक्षरा चिट फंड्स की 14.27 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने अक्षरा चिट फंड्स और अक्षरा टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, राजीव चौक, करीमनगर की 14.27 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश जारी किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी), तेलंगाना पुलिस द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार, यह आदेश तेलंगाना वित्तीय प्रतिष्ठानों के जमाकर्ताओं के संरक्षण अधिनियम, 1999 की धारा 5 के तहत जारी किया गया है। इन अचल संपत्तियों में वेदिरा गांव में 11.50 करोड़ की 50 एकड़ जमीन और रामडगु मंडल के वेलिचला गांव में 2.70 करोड़ से अधिक की कृषि भूमि शामिल है। करीमनगर वन टाउन पुलिस ने 2024 में आईपीसी की विभिन्न धाराओं और तेलंगाना वित्तीय प्रतिष्ठानों के जमाकर्ताओं के संरक्षण अधिनियम 1999 की धारा 5 के तहत दोनों फर्मों के अध्यक्ष और पांच निदेशकों सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों को कई जमाकर्ताओं को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और बाद में पिछले साल फरवरी में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

गूगल इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने टीजीआईसीसीसी का दौरा किया

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गूगल इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने मौजूदा यातायात प्रबंधन प्रणाली का अध्ययन करने और विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक गूगल प्रौद्योगिकियों और समाधानों का लाभ उठाकर इसकी परिचालन दक्षता बढ़ाने के तरीकों का पता लगाने के लिए तेलंगाना राज्य पुलिस एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (टीजीआईसीसीसी) का दौरा किया। यह दौरा गूगल और तेलंगाना सरकार के बीच प्रमुख क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान विकसित करने और लागू करने के लिए हाल ही में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) की पृष्ठभूमि में हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में चंदू थोटा, वीपी, गूगल डीपमाइंड, राव सुरपनेनी, वीपी, गूगल क्लाउड, सुश्री शालिनी पुचलपल्ली, कंट्री मैनेजर, गूगल कस्टमर सॉल्यूशंस और शेषु अज्जारापु, वरिष्ठ निदेशक, गूगल डीपमाइंड जिनके साथ सरकारी मामले और सार्वजनिक नीति के प्रमुख राजेश रंजन, सरकारी मामले और सार्वजनिक नीति के श्रीनिवास कोडाली भी शामिल थे। शहर पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने टीजीआईसीसीसी की कार्यप्रणाली पर अपनी विस्तृत प्रस्तुति में दिखाया कि कैसे उन्नत निगरानी, डेटा विश्लेषण और भीड़भाड़ वाले हॉटस्पॉट की पहचान करने के लिए गूगल मैप्स डेटा के एकीकरण के माध्यम से वास्तविक समय में ट्रैफ़िक प्रबंधन किया जाता है। गूगल प्रतिनिधिमंडल, सीवी आनंद और सीसीसी टीम के बीच चर्चाएं लाइव गूगल मैप्स ट्रैफ़िक डेटा को एकीकृत करके, वॉल्यूम काउंट के आधार पर ट्रैफ़िक सिग्नल को स्वचालित करके, गश्ती वाहनों की वास्तविक समय पर नज़र रखने और बेहतर ट्रैफ़िक निगरानी के लिए ड्रोन निगरानी की तैनाती करके टीजीआईसीसीसी की कार्यप्रणाली को बढ़ाने पर केंद्रित थीं। प्रतिनिधिमंडल ने मौजूदा ट्रैफ़िक प्रबंधन ढांचे की प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए संभावित रणनीतियों की भी खोज की। गूगल के विशेषज्ञों ने कुशल डेटा भंडारण के लिए क्लाउड समाधानों का लाभ उठाकर और नए अनुप्रयोगों को तैनात करके टीजीआईसीसीसी संचालन को अनुकूलित करने पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की और प्रौद्योगिकी-संचालित शासन के माध्यम से सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए तेलंगाना सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की। यह सहयोग उन्नत ट्रैफ़िक प्रबंधन के लिए शुभ संकेत है।

मामूली बात पर युवक को चाकू मारा

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुडीमलकापुर में गुरुवार रात एक युवक को दूसरे युवक ने मामूली बात पर चाकू मार दिया। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के अकोला निवासी पीड़ित अब्दुल समद अंसारी और बिहार निवासी सैयद अमीन के बीच पुरानी दुश्मनी है। पुलिस ने बताया कि छात्रावास में ऐसे ही एक विवाद के बाद सैयद अमीन ने समद अंसारी पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को ओलिव अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गुड़ीमलकापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रेनाइट से लदा ट्रक पलटने से 2 लोगों की मौत, 8 घायल

खम्मम, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के मुदिगोंडा के पास खम्मम-कोडाड राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब गुव्वलागुडेम से पॉलिश किए गए ग्रेनाइट के बड़े स्लैब ले जा रहा एक मिनी ट्रक पलट गया। ग्रेनाइट के टूटे हुए टुकड़ों की वजह से मृतक वीरन्ना (35) और हुसैन (28) को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना का कारण तेज गति से वाहन चलाना और पहिया बोल्ट टूटना बताया गया है। घायलों को खम्मम के सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये मजदूर खम्मम शहर के खानपुरम हवेली के रहने वाले हैं।

शराबी शिक्षक पर लगाया मारपीट का आरोप

कुमराम भीम आसिफाबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कौताला मंडल के गुंडेयपेट गांव में गुरुवार को जिला परिषद हाई स्कूल के छात्रों ने आरोप लगाया कि एक शिक्षक शराब के नशे में उन्हें पीट रहा था। एक छात्र ने दावा किया कि उसके हाथ और पैर में चोटें आईं, जब उसके सामाजिक विज्ञान के शिक्षक श्रीनिवास ने पढ़ाई के दौरान उसे डंडे से मारा। उसने शिक्षक पर नशे में धुत होकर उसे सज़ा देने का आरोप लगाया। छात्र चाहते हैं कि शिक्षा विभाग घटना की जांच कर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करे। इस बीच, कई अभिभावकों ने आरोप लगाया कि वे इस वजह से अपने बच्चों को स्कूल भेजने में झिझक रहे हैं और उन्होंने अधिकारियों से शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि छात्र कक्षाओं में आने में अरुचि दिखा रहे हैं।

एसीबी ने बिजली विभाग के एडीई को रिश्वत लेते पकड़ा

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने शुक्रवार को गच्चीबोवली कार्यालय में कार्यरत बिजली विभाग के सहायक मंडल अभियंता (एडीई) सतीश कुमार को रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। उसके पास से 50,000 रुपये की रिश्वत राशि जब्त कर ली गई। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि सतीश कुमार ने बिजली ट्रांसफार्मर स्वीकृत करने के लिए शिकायतकर्ता से कथित तौर पर रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने रिश्वत के तौर पर एक लाख रुपए देने का वादा किया था। जिसमें से पहली किश्त के तौर पर 25,000 रुपये पहले ही दिए जा चुके थे। गिरफ्तार कर्मचारी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए एसीबी मामलों की विशेष अदालत में पेश किया गया।

दुर्घटना में शिक्षा विभाग के दो कर्मचारियों की मौत

मेदक, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक शिक्षा विभाग में कार्यरत 2 क्लस्टर रिसोर्स पर्सन्स (सीआरपी) की शुक्रवार को करंगलपल्ली गांव में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। चंदाईपेट के रमेश (35) और मक्काराजीपेट के येरा श्रीनिवास (32) दोपहिया वाहन पर मक्काराजीपेट से चेगुंटा की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ऑटो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। रमेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्रीनिवास ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

पीएनबी ने एमएसएमई लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक ने आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन, नवाचार, समावेशी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआई-एमएसएमई), यूसुफगुडा, हैदराबाद में एमएसएमई लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन डॉ. (सुश्री) एस ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआई-एमएसएमई), यूसुफगुडा, हैदराबाद एवं पंजाब नैशनल बैंक, प्रधान कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार गोयल तथा हैदराबाद अंचल के अंचल प्रबंधक दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक संजय माने, मंडल प्रमुख, सिकंदराबाद सुजीत कुमार झा एवं मंडल प्रमुख, हैदराबाद अरविंद कालरा भी उपस्थित रहे। इस लोकसंपर्क कार्यक्रम में पीएम-स्वनिधि, मुद्रा, पीएम-विश्वकर्मा और पीएमईजीपी योजनाओं के 25 से अधिक लाभार्थियों को 100 करोड़ से अधिक के सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र दिए गए तथा 1000 करोड़ से अधिक के एमएसएमई ऋण संबंधी पूछताछ लीड्स प्राप्त हुए। डॉ (सुश्री) एस ग्लोरी स्वरूपा ने कहा कि हमारा संस्थान प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श, सूचना, शिक्षा और विस्तार जैसी विविधतापूर्ण सेवाओं के माध्यम से वर्तमान और संभावित उद्यमियों की मदद करने के लिए तैयार है। पीएनबी द्वारा आयोजित यह लोकसंपर्क कार्यक्रम ऋण समर्थन के माध्यम से अभ्यासरत और संभावित उद्यमियों का समर्थन व प्रोत्साहित करेगा। पीएनबी और हमारा संस्थान दोनों ही एमएसएमई विकास और समर्थन के पूरक हैं। इस कार्यक्रम में आंगतुकों के लिए 30 से अधिक संख्या में विभिन्न एमएसएमई उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए तथा 'एमएसएमई को जानें' शीर्षक से एक सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें पीएनबी की प्रमुख योजनाओं यथा, एमएसएमई प्राइम प्लस, ई-जीएसटी एक्सप्रेस, व्यापार विकास योजना, ईपीएम-स्वनिधि और पीएम-विश्वकर्मा पर विशेष जानकारी दी गई।

कॉलेज बोर्ड ने एसएटी के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि की घोषणा

हैदराबाद, 14 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 8 मार्च को होने वाले एसएटी के लिए पंजीकरण 21 फरवरी तक है, जबकि परिवर्तन, नियमित रद्दीकरण और देर से पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 फरवरी है। कॉलेज बोर्ड ने शुक्रवार को स्प्रिंग 2025 के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि और फॉल 2025 और स्प्रिंग 2026 के लिए परीक्षा तिथियों की घोषणा की। 3 मई को होने वाले एसएटी के लिए अभ्यर्थी 18 अप्रैल तक पंजीकरण करा सकते हैं तथा इसमें बदलाव, रद्दीकरण और विलंबित पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। इसी प्रकार, 7 जून को होने वाले एसएटी के लिए पंजीकरण 22 मई तक खुले हैं।

कॉलेज बोर्ड ने फॉल 2025 और स्प्रिंग 2026 के लिए परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया है- 23 अगस्त, 13 सितंबर, 4 अक्टूबर, 8 नवंबर, 6 दिसंबर, 14 मार्च, 2026, 2 मई, 2026 और 6 जून, 2026।

